RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net वर्ष 33 ■ अंक 214 ■ मुंबई, सोमवार 24 फरवरी 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 संरक्षक : आरएन सिंह



# विराट 'विस्फोट'... पाकिस्तान तबाह

## भारत ने लिया 2017 में मिली हार का बदला, चैंपियन्स ट्रॉफी में पाक की राह मुश्किल

महानगर नेटवर्क

दुबई

भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए। भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। मैच में शतकीय पारी खेलने वाले विराट कोहली को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। ये पाकिस्तान की इस चैंपियंस ट्रॉफी में लगातार दूसरी हार है। इसी के साथ उसका सेमीफाइनल में जाना नामुमकिन हो गया है। पहले मैच में उसे न्यूजीलैंड ने मात दी थी।

भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन बनाए। अबरार अहमद और शाहीन शाह अफरीदी को 1-1 विकेट मिला। विराट वनडे में सबसे ज्यादा



158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं।

### पाकिस्तान की हार के दो मुख्य कारण

**धीमी बैटिंग:** पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान ने मिडिल ओवर्स में बेहद धीमे बैटिंग की। मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने 144 गेंद पर 104 रन की पार्टनरशिप की। टीम 11 से 40 ओवर के बीच 180 गेंद पर 131 रन ही बना सकी।

**स्पिनर्स की कमी:** पाकिस्तान ने प्लेइंग-11 में एक ही फुल टाइम स्पिनर अबरार अहमद को मौका दिया। जिन्होंने 10 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया। बाकी स्पिनर्स उनका साथ नहीं दे सके। टीम ने स्क्वॉड में लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान को भी नहीं रखा।

## विराट कोहली जैसा 14 हजारी कोई नहीं

पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली ने कई रिकॉर्ड्स धराशायी कर डाले। पहले उन्होंने फील्डिंग करते हुए मोहम्मद अजहरुद्दीन के सबसे ज्यादा कैच का रिकॉर्ड तोड़ा। जब बैटिंग की बारी आई तो कोहली ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ डाला। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ वनडे मैच में 14 हजार रनों का आंकड़ा पूरा कर लिया। सचिन तेंदुलकर ने जहां 359 मैचों की 350 पारियों में 14 हजार रन पूरे किए थे। वहीं, विराट कोहली ने 299 मैचों की 287 पारियों में यह उपलब्धि हासिल कर ली। कोहली अभी तक एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्होंने 300 से कम वनडे मैचों में 14000 रन पूरे किए हैं। यह अपने आप में एक अनोखा रिकॉर्ड है।

### प्लेयर ऑफ द मैच कोहली ने कहा-

*अहम मैच में इस तरह से बैटिंग करने के बाद अच्छा महसूस कर रहा हूं। इसी मैच पर सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें टिकी थीं। रोहित के आउट होने के बाद तो मेरी जिम्मेदारी और भी ज्यादा बढ़ गई थी। मैं मिडिल ओवर्स को कंट्रोल करने की कोशिश कर रहा था, स्पिनर्स के खिलाफ कम रिस्क ले रहा था, लेकिन पेसर्स को चार्ज कर रहा था।मैं अपनी बैटिंग से खुश हूं, मैं इसी तरह बैटिंग करता हूं। मैं अपने गेम को जानता हूं। बस बाहरी आवाजों को सुनना नहीं चाहता और पूरी एनर्जी अपने गेम पर देना चाहता हूं। मुझे टीम की उम्मीदों को पूरा करना पसंद है, खासकर इस तरह के मुकाबलों को जिताना पसंद है।*

**Short News एक नजर**

### दिल्ली विधानसभा में आतिशी विपक्ष की नेता होंगी

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्यमंत्री और कालकाजी से विधायक आतिशी विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। आम आदमी पार्टी (AAP) की रविवार को हुई विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। बैठक में



अरविंद केजरीवाल के अलावा पार्टी के सभी 22 विधायक मौजूद थे। यह पहली बार है जब दिल्ली विधानसभा में कोई महिला विपक्ष की नेता बनी हैं। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- विपक्ष के नाते आम आदमी पार्टी भाजपा सरकार से सारे वादे पूरे करवाएगी। प्रधानमंत्री द्वारा महिलाओं को 2500 देने का वादा पूरा करवाना हमारी प्राथमिकता होगी। वहीं केजरीवाल ने आतिशी को विपक्ष का नेता चुने जाने पर बधाई दी।

### आठ मजदूरों की जिंदगी खतरे में, सुरंग में पानी भरा



**हैदराबाद।** तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया। इस दौरान 8 कर्मचारी फंस गए। NDRD-SDRF रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहा है। राज्य सरकार के हक वाली कोयला खनन कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है।

### 12 भारतीयों को दिल्ली लेकर आया अमेरिकी विमान

**नई दिल्ली।** अमेरिका से निकाले गए 12 भारतीयों को लेकर एक विमान रविवार को दिल्ली पहुंचा। इन भारतीयों को अमेरिका ने निकालने के बाद पनामा भेज दिया था, जहां से वे



वापस अपने देश लाए गए। यह चौथा विमान है, जो अवैध प्रवासियों को लेकर भारत आया है। इस बार विमान की लैंडिंग राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हुई। 12 में से चार पंजाब के रहने वाले थे, जिन्हें बाद में फ्लाइट के जरिए पंजाब भेजा गया। इन सभी 12 लोगों को लेकर एक विमान रविवार शाम को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा।

# कुछ नेता हमारे पर्व-परंपरा को देते हैं गाली: पीएम मोदी

महानगर नेटवर्क

छतरपुर

मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। वे यहां बनने वाले कैंसर अस्पताल की नींव रखने आए थे। उन्होंने करीब 35 मिनट जनता को संबोधित किया। इस दौरान विपक्ष पर जमकर हमला बोला। धीरेंद्र शास्त्री की तारीफ की और उनकी मां से भी मुलाकात भी की।

पीएम मोदी ने बुंदेलखंडी में बोलकर अपने भाषण की शुरुआत की। मोदी ने कहा कि बहुत ही कम दिनों में मुझे दूसरी बार वीरों की इस धरती बुंदेलखंड आने का सौभाग्य मिला



है। इस बार तो बालाजी का बुलावा आया है। ये हनुमान जी की कृपा है कि आस्था का ये केंद्र अब आरोग्य का केंद्र भी बनने जा रहा है। अभी मैंने यहां श्री बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट का भूमिपूजन किया है। ये संस्थान दस एकड़ में बनेगा। पहले चरण में ही 100 बेड की सुविधा होगी। मैं इस काम के लिए धीरेंद्र शास्त्री को बधाई देता हूं। भाइयों-बहनों नेताओं का एक वर्ग ऐसा है, जो धर्म का मखौल उड़ाता है, उपहास उड़ाता है, लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती है। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे हुए लोग हमारे मठ, मान्यताओं और मंदिरों पर, संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं। ये लोग हमारे पर्व, परंपरा और प्रथाओं को गाली देते हैं। जो संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है उस पर ये कीचड़ उछालने की हिम्मत दिखाते हैं। हमारे समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही उनका मकसद है।

### मेरा संकल्प इलाज का खर्च कम करूंगा

मैं आप सबकी तरह गरीब परिवार से निकला हूं। मैंने तकलीफों को देखा है, इसलिए संकल्प लिया कि मैं इलाज का खर्च कम करूंगा और आपकी जेब में ज्यादा से ज्यादा पैसा बचाऊंगा। पांच लाख तक का इलाज बिना किसी खर्च के किसी बेटे को अपने माता-पिता का नहीं करवाना है। दिल्ली में आपका बेटा बैठा है।

(शेष पेज-7 पर)

# दुनिया के लेफ्ट लीडर्स पाखंडी

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने हाल ही में वाशिंगटन में आयोजित कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस (CPAC) में अपने वीडियो लिंक के जरिए वामपंथियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वामपंथी राजनेता डोनाल्ड ट्रंप, नरेंद्र मोदी और अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिल्ले जैसे नेताओं को लोकतंत्र के लिए खतरा बताकर दोहरे मानक अपना रहे हैं। उनका कहना था कि जब ये नेता बात करते हैं तो उन्हें आलोचना का शिकार बनाया जाता है, जबकि 90 के दशक में बिल क्लिंटन और टोनी ब्लेयर जैसे नेताओं को सम्मानित किया गया था। मेलोनी ने अपने भाषण में कहा, "जब ट्रंप, मेलोनी, मिल्ले या मोदी बात करते हैं, तो उन्हें लोकतंत्र के



### इटली PM बोलीं- ये मोदी-ट्रम्प और मुझ पर कीचड़ उछालते हैं, पर जनता हमें चुनती है

लिए खतरा कहा जाता है। यह एक और दोहरा मापदंड है, लेकिन अब हम इसके आदी हो चुके हैं। अच्छे दिन की बात यह है कि लोग अब इन झूठों पर विश्वास नहीं करते, चाहे वे हम पर कितना भी कीचड़ उछालें। नागरिक हमें वोट देते रहते हैं।" उनका कहना था कि वामपंथी अब घबराए हुए हैं और उनकी चिड़चिड़ाहट उन्माद में बदल चुकी है, क्योंकि रूढ़िवादी अब वैश्विक स्तर पर एकजुट होकर काम कर रहे हैं। वे मानते हैं कि 90 के दशक में जब क्लिंटन और ब्लेयर जैसे नेता वैश्विक वामपंथी नेटवर्क बना रहे थे, तो उन्हें राजनेता माना गया, लेकिन आज जब ऐसे ही नेता ट्रंप, मोदी और वे खुद बात करते हैं तो उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा बताया जाता है।

# शशि थरूर के बगावती तेवर

## अगर पार्टी को मेरी जरूरत नहीं, तो मेरे पास विकल्प हैं

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सांसद शशि थरूर को केरल की एलडीएफ सरकार की अर्थव्यवस्था को लेकर की गई टिप्पणी पर अंदरूनी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। थरूर ने पार्टी के भीतर नए मतदाताओं को आकर्षित करने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि केरल कांग्रेस में एक मजबूत नेता की कमी हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि तिरुवनंतपुरम से चार बार सांसद चुने जाने से यह साबित होता है कि लोगों ने उनके स्वतंत्र विचारों को समर्थन दिया है। थरूर ने यह भी कहा कि कांग्रेस को अब अपने पुराने वोटर्स के अलावा 26-27 प्रतिशत और वोट



प्राप्त करने की जरूरत है ताकि सत्ता में आ सके। उन्होंने बताया कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से जो समर्थन मिला, वह इसका एक उदाहरण है। थरूर ने यह साफ किया कि अगर पार्टी उनके विचारों को नहीं मानती तो वह पार्टी के लिए उपलब्ध रहेंगे, लेकिन उनके पास और भी विकल्प हैं।

### थरूर ने कांग्रेस के वर्तमान हालात पर जताई चिंता

थरूर ने कांग्रेस के वर्तमान हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि पार्टी को अब अपने पारंपरिक वोटरों से बाहर जाकर और नए लोगों को जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस अपनी अपील बढ़ाने की कोशिश नहीं करती, तो पार्टी को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से विपक्ष में बैठना पड़ेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि उनकी तिरुवनंतपुरम में अपील पार्टी से कहीं ज्यादा है। यहां तक कि जो लोग आमतौर पर कांग्रेस के खिलाफ थे, उन्होंने भी उन्हें वोट दिया।

# तमिलनाडु में रेलवे स्टेशन का हिंदी नाम मिटाया

महानगर नेटवर्क

मद्रास

केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार के बीच ट्राई लैंग्वेज वॉर जारी है। रविवार को कोयंबटूर के पोलाची रेलवे स्टेशन के बोर्ड पर स्टेशन के हिंदी नाम को DMK कार्यकर्ताओं ने काले रंग से मिटाया।

इससे पहले CM एमके स्टालिन ने शनिवार को केंद्र सरकार की आलोचना की थी। उन्होंने तमिलनाडु अभिभावक-शिक्षक संघ के कार्यक्रम में कहा कि न्यू एजुकेशन पॉलिसी पर साइन करने के लिए केंद्र सरकार 2 हजार या 10 हजार करोड़ ही क्यों न दे दे, मैं साइन नहीं करूंगा। उन्होंने कहा था कि अगर राज्य ने 2 हजार करोड़ रुपए के लिए अपने अधिकार छोड़ दिए तो तमिल समाज 2 हजार साल पीछे

### CM स्टालिन बोले- केंद्र 10 हजार करोड़ दे तब भी न्यू एजुकेशन पॉलिसी लागू नहीं करेंगे

चला जाएगा। मुथुवेल करुणानिधि स्टालिन कभी ऐसा पाप नहीं करेगा।

स्टालिन ने कहा- द्रविड़ आंदोलन 85 साल से तमिल की रक्षा के लिए लड़ रहा है। पिछले 75 सालों में भारत में 52 भाषाएं खत्म हो गईं और अकेले हिंदी पट्टी में 25 भाषाएं विलुप्त हो गईं। जिन राज्यों ने हिंदी के वर्चस्व के कारण अपनी मूल भाषाएं खो दी, उन्हें अब सच्चाई का एहसास हो रहा है।

# मुनव्वर फारूकी के खिलाफ शिकायत

- धार्मिक भावनाओं को आहत करने और अश्लीलता फैलाने के आरोप

**मुंबई।** पॉपुलर कॉमेडियन और बिग बॉस 17 के विनर रहे मुनव्वर फारूकी के खिलाफ एडवोकेट अमिता सचदेव ने शिकायत की मांग करते हुए नई दिल्ली पुलिस को ई-मेल भेजा है। उन्होंने कॉमेडियन पर अश्लीलता फैलाने और धार्मिक भावनाओं को आहत पहुंचाने के आरोप लगाए हैं। एडवोकेट अमिता सचदेव ने X प्लेटफॉर्म (पहले ट्विटर) पर पोस्ट कर शिकायत की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा है। मुनव्वर फारूकी के खिलाफ शिकायत दर्ज हुई है। मैंने उस आदतन अपराधी मुनव्वर फारूकी के खिलाफ उसके शो हफ्ता वसूली जो जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है के लिए शिकायत दर्ज करवाई है। हमने भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 299 और 353 के तहत शिकायत की मांग की है, साथ ही अश्लीलता फैलाने, कई धर्मों का मजाक बनाने, कल्चरल वैल्यूज का मजाक उड़ाने और लोगों के दिमाग में गंध भरने से जुड़ीं आईटी की धाराएं लगाने की भी मांग की है।

# पुणे में कर्नाटक की बस पर लिखा- जय महाराष्ट्र

महानगर नेटवर्क

बेंगलुरू

महाराष्ट्र के पुणे में रविवार को कर्नाटक रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (KRTC) की बसों पर जय महाराष्ट्र और जय मराठी के नारे लिखे गए। इस घटना के बाद दोनों राज्यों के बीच बस सेवाएं रोक दी गईं। बताया गया कि ये फैसला महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (MSRTC) और कर्नाटक रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (KRTC) ने मिलकर लिया।

दरअसल, दोनों राज्यों के बीच रोड कॉर्पोरेशन के बस कंडक्टर और ड्राइवर पर हमले के बाद से स्थिति बिगड़ी हुई है।



21 फरवरी को महाराष्ट्र सीमा से लगने वाले कर्नाटक के बेलगावी में KRTC के बस कंडक्टर महादेव हुक्केरी से मराठी नहीं बोलने पर मारपीट हुई थी।

इसके अगले दिन 22 फरवरी को MSRTC के बस ड्राइवर भास्कर जाधव पर हमला हुआ था।

# ट्रम्प ने कसा पाकिस्तान पर शिकंजा

## भारत के खिलाफ न हो F-16 फाइटर जेट का इस्तेमाल

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अमेरिका ने पाकिस्तान में यूएस समर्थित कार्यक्रम के लिए 397 मिलियन डॉलर की राशि को फिर से जारी किया है। इस राशि के जरिए यह सुनिश्चित किया जाना है कि अमेरिका निर्मित एफ-16 फाइटर जेट का इस्तेमाल सिर्फ आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए पाकिस्तान द्वारा किया जाए, न कि भारत के खिलाफ इनका इस्तेमाल हो। 2019 में पुलवामा हमले के दौरान संबंधों में आए खटास के वक्त पाकिस्तान ने एफ-



16 फाइटर जेट का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया था।

फरवरी, 2019 में पुलवामा हमले के बाद हुई बालाकोट एयरस्ट्राइक के जवाब में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ अपना एफ-16 उड़ाया था, जिसे भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन ने मिग-21 से ही मार गिराया था। भारत के खिलाफ पाकिस्तान के एफ-16 उड़ाने से अमेरिका काफी नाराज हुआ था। उस समय एक शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने अगस्त में पाकिस्तानी वायु सेना के प्रमुखों को लेटर लिखकर फटकार लगाई थी।

पत्र में उन पर अमेरिका द्वारा सप्लाई किए गए एफ-16 लड़ाकू विमानों का दुरुपयोग करने और उनकी साझा सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया गया था। यह लेटर तत्कालीन शस्त्र नियंत्रण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के अवर सचिव एंड्रिया थॉम्पसन द्वारा लिखा गया था और कहा गया था कि यह कश्मीर में एफ-16 के उपयोग के बारे में अमेरिकी चिंताओं का जवाब है।

# रूस का यूक्रेन पर 267 ड्रोन से हमला

- जंग के 3 साल पूरे होने पर कीव समेत 13 शहरों पर अटैक
- यूक्रेन का जवाबी हमला नाकाम

महानगर नेटवर्क

मॉस्को

रूस ने यूक्रेन पर शनिवार देर रात एक साथ 267 ड्रोनों से हमला किया। यह हमला यूक्रेन जंग के तीन साल पूरे होने से ठीक एक दिन पहले किया गया है। यूक्रेन के एयर फोर्स कमांड के प्रवक्ता यूरी इग्नात ने कहा कि यह पहली बार है जब रूस ने एक साथ इतने ड्रोन दागे हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक खार्किव, पोल्तावा, सुमी, कीव समेत कम से कम 13 शहरों में ड्रोन हमला किया गया। यूक्रेनी सेना ने दावा किया कि रूस ने 3 बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी हैं।

इस हमले में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। इमरजेंसी सर्विस के मुताबिक अब तक इसमें 3 लोग घायल हुए हैं। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक खेरसॉन में दो लोग मारे गए हैं। हालांकि अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। इसके अलावा क्रीवी रीह में भी एक शख्स की मौत हुई है। क्रीवी रीह एक इंडस्ट्रियल सिटी है जहां यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की पैदा हुए थे।

# उद्धव और शिंदे सेना में "गद्दार" के बाद मर्सिडीज की एंट्री

## गोरे के वॉर पर ठाकरे नेताओं का पलटवार

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

प्रदेश में विधानसभा चुनाव ख़त्म हो गया है। लेकिन दोनों शिवसेना एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे की सेना के बीच गद्दार के बाद मर्सिडीज की एंट्री हो गई है। दोनों पार्टी के नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू है। शिवसेना की वरिष्ठ नेता और विधानपरिषद की उपसभापति नीलम गोरे ने उद्धव ठाकरे पर उनकी पार्टी पर पैसा और मर्सिडीज गाड़ी लेकर पद देने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। नीलम गोरे के इस आरोप के बाद राज्य की सियासत गरमा गई है। उद्धव ठाकरे की सेना के नेता और पदाधिकारी ने नीलम गोरे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में चल रहे





अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में बोलते हुए विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरे ने कहा कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना को एक पद के लिए दो मर्सिडीज देनी पड़ीं। नीलम यहीं नहीं रुकीं। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे के पार्टी की जिम्मेदारी संभालने के बाद पार्टी में यह सिलसिला शुरू हुआ है किसी पदाधिकारी को पद चाहिए तो उसे मर्सिडीज देना पड़ता है अब तक मैं दो मर्सिडीज दे चुकी हूं। दूसरी तरफ गोरे के आरोप के बाद ठाकरे की सेना आक्रमक हो गई है। ठाकरे गुट के नेता अखिल चित्रे ने ट्वीट कर नीलम गोरे के आरोप का जवाब दिया है।

### कितनी मर्सिडीज दी?

चित्रे ने अपने जवाब में कहा कि नीलम गोरे कई साल तक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना में काम किया इस दौरान विधान परिषद की उपसभापती से लेकर प्रवक्ता सहित विभिन्न पद 9 से अधिक पद उन्हें दिया गया क्या इस 9 पद के लिए उन्होंने 18 मर्सिडीज उद्धव ठाकरे और उनके परिवार को दिया है। इसका खुलासा उन्हें करना चाहिए। चित्रे ने कहा कि साल 2002 में नीलम गोरे को पहली बार शिवसेना ने विधान परिषद का सदस्य बनाया था उसके बाद साल 2011 से शिवसेना पार्टी के प्रवक्ता शिवसेना के उप नेता 2014 महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य के रूप में फिर से चुना गया। 2015 में विशेषाधिकार समिति, 2019 में महाराष्ट्र विधान परिषद का उपसभापति भी बनाया गया।

# समय पर पुलिस ने डंपर चालक को रुकाया

### नशे में चला रहा था डंपर



**मुंबई।** नवघर पुलिस ने नशे की हालत में भारी वाहन चलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिस आरोपी को गिरफ्तार किया है, उसने अपनी वाहन चलाते वक्त एक बस पर खरोच आ गई। जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई और फिर पुलिस ने उस डंपर को रुकाया। डंपर रुकते ही चालक निर्मल प्रजापति डंपर से उतरकर भागने लगा। घटना शनिवार दोपहर करीब 12 बजकर 30 मिनट के लगभग की है। फ्लाईओवर के नीचे यह घटना हुई। पुलिस ने जब चालक को पकड़ा और मेडिकल जांच करवाई तब पता चला की वह नशे में था। जिसके बाद संबंधित मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है।

# करोड़ों की ड्रग्स बरामद दो नाईजीरियन गिरफ्तार

**महानगर संवाददाता**
**नालासोपारा**

नालासोपारा पश्चिम के विरार-नालासोपारा लिंक रोड स्थित दो नाईजीरियन तस्कर को एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गिरफ्तार किया है। इनके पास 520.8 ग्राम मॅफेड्रॉन ड्रग्स बरामद किया है, जिसकी कुल कीमत 10,41,6000 रूपये है। मिली जानकारी के अनुसार, एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नालासोपारा पश्चिम के विरार - नालासोपारा लिंक रोड, बागेश्वर बालाजी हनुमान मंदिर के सामने स्थित महिला (1) आरोपी फेव्हर फ्रायडे ओमोफोन्मवन (उम्र 26 वर्ष ) के पास से 506.2 ग्राम वजन मॅफेड्रॉन नामक ड्रग्स बरामद किया,जिसकी कीमत 1,01,24,000 रूपये है। साथ ही महिला ने भारत में अपने प्रवास,पासपोर्ट/वीज़ा के बारे में कोई वैध दस्तावेज़ प्रस्तुत नहीं किए हैं।



### कोर्ट ने मंगलवार तक पुलिस हिरासत में भेजा

आरोपी नाझीमअली अशपाक अली सय्यद (उम्र 23 वर्ष) के पास 2,92,000 रुपये की कीमत 14.6 ग्राम मॅफेड्रॉन ड्रग्स पाई गई, जिसे बेचने के लिए रखा था। यह दोनों नाईजीरियन आरोपी नालासोपारा पूर्व के प्रगति नगर क्षेत्र रहते थे। ये मूल रूप से नाइजीरिया देश के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुल मिलाकर 520.8 ग्राम मॅफेड्रॉन ड्रग्स बरामद किया गया है, जिसकी कुल कीमत 10,41,6000 रूपये है। अधिकारी ने बताया कि, दोनों आरोपियों के विरुद्ध नालासोपारा पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 8 (सी), 22 (सी), 29 तथा विदेशी नागरिक अधिनियम 1946 की धारा 14 (ए) के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। इस संबंध में एंटी नारकोटिक्स सेल के सीनियर पुलिस निरीक्षक सचिन कांबले ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपियों को मंगलवार 25 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

# पुलिस अधिकारी ने दर्ज करवाई महिला पर एफआईआर

### ब्लैकमेल और वसूली करने का आरोप




**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

कांदिवली इलाके में एक पुलिस अधिकारी को निशाना बनाकर ब्लैकमेल और जबरन वसूली का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पुलिस ने अधिकारी को धमकाने और उनसे 10 लाख रुपये मांगने के आरोप में एक ही परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ जबरन वसूली और आईटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों की पहचान कंचन विजय देसाई, उनकी मां शांतिदेवी सरोज, उनकी बहन शिला सरोज और उनके भाई राजेश उर्फ राजू सरोज के रूप में हुई है। जांच के अनुसार, आरोपियों ने कथित तौ र पर शिकायतकर्ता की अ श्लील तस्वीरें सोशल मीडिया पर लीक करने और उसके खिलाफ झूठा बलात्कार का मामला दर्ज करने की धमकी दी थी। मामला पुलिस के संज्ञान में आने से पहले ही वे उससे 2.7 लाख रुपये की वसूली कर चुके थे। वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है और समता नगर पुलिस को जांच कर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

### कोविड के दौरान अधिकारी के संपर्क में आई महिला

शिकायतकर्ता महाराष्ट्र पुलिस विभाग में सहायक पुलिस निरीक्षक (एपीआई) है। वह 2012 में सब-इंस्पेक्टर के रूप में भर्ती हुए थे और इससे पहले खेरवाड़ी और समता नगर पुलिस स्टेशनों में काम कर चुके थे। 2021 में उन्हें सहायक पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया और नांदेड़ स्थानांतरित कर दिया गया, जहाँ वे वर्तमान में सेवारत हैं। समता नगर पुलिस स्टेशन में अपने कार्यकाल के दौरान 2019 में, वह कंचन देसाई के संपर्क में आए, जिनसे वे पहले कभी नहीं मिले थे। उनके बीच बातचीत तब बढ़ी जब उन्होंने अपने भाई रंजीत की काउंसलिंग में मदद के लिए उनसे संपर्क किया, जो कथित तौर पर ड्रग्स के आदी थे। समय के साथ, कंचन के मन में उनके लिए भावनाएं विकसित हुईं और उन्होंने एक रिश्ते का प्रस्ताव रखा। हालाँकि, उन्होंने यह कहते हुए मना कर दिया कि वह शादीशुदा हैं और अपनी शादी को खतरे में नहीं डालना चाहते। मार्च 2020 में COVID-19 लॉकडाउन के दौरान, अधिकारी की पत्नी लातूर में अपने मायके चली गई थी और यात्रा प्रतिबंधों के कारण मुंबई वापस नहीं आ पाई थी। इस बीच, अधिकारी खुद COVID-19 से संक्रमित हो गए और उन्हें क्वारंटीन कर दिया गया। इस दौरान, कंचन के साथ उनकी बातचीत बढ़ी। जून 2020 में, वो अपने भाई रंजीत के साथ कांदिवली उनके पुलिस क्वार्टर में उनसे मिलने गईं। रंजीत को बाहर भेजने के बाद उसने उसके साथ अंतरंग संबंध बनाने की कोशिश की। हालांकि, उसने यह कहते हुए उसकी बातों को ठुकरा दिया कि वह शादीशुदा है। मार्च 2021 में कंचन अपने भाई राजेश के साथ पोइंसर बीट चौकी में उससे मिलने गई और 10 लाख रुपये की मांग करते हुए धमकी दी कि अगर उसने इनकार किया तो वह उसके खिलाफ झूठा बलात्कार का मामला दर्ज कराएगी।

# विधायक सुलभा गायकवाड़ ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मनपा आयुक्त से की मुलाकात

**महानगर संवाददाता**
**उल्हासनगर**

कल्याण पूर्व भाजपा विधायक सुलभा गणपत गायकवाड़ ने उल्हासनगर मनपा आयुक्त को विभिन्न समस्याओं को लेकर मुलाकात कर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया व जल्द से जल्द समस्या के समाधान की मांग की। मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने विधायक सुलभा गायकवाड़ द्वारा बताई गई समस्या को गम्भीरता से लिया और उन्हें आश्वासन दिया कि संबंधित अधिकारियों से इन



विषयों पर गंभीरता से विचार कर जल्द से जल्द समस्याओं का निवारण करेंगी। जानकारी के अनुसार विधायक ने उनके विधानसभा क्षेत्र उल्हासनगर के अंतर्गत एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल निर्माण करने की मांग के साथ पानी की आपूर्ति में हो रही समस्याओं व अवैध निर्माण, सड़क और जल निकासी की समस्या के साथ आवारा कुत्तों की समस्याओं की जानकारी भी आयुक्त को दी है। बता दें कि मनपा आयुक्त शहर के विकास से जुड़े मुद्दों को लेकर जहां गंभीरता दिखाने में जुटी हैं वहीं मनपा के अधिकारियों कर्मचारियों की विभागों में बदली करने पर भी पहल करने में जुट गई हैं। हालांकि पीडब्ल्यूडी जैसे विभिन्न विभागों में अभी भी वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों तक उनका ध्यान नहीं पहुंचा है।

# नवविवाहिता ने प्रताड़ना से तंग आकर की आत्महत्या, केस दर्ज



**भिवंडी।** भिवंडी के खोणीगांव इलाके में एक नवविवाहिता ने ससुरालवालों की मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या कर ली। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, मृतका किरण की मां मंकावती मनोहर वावरगिरी ने निजामपुरा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। उनकी बेटी किरण की शादी खोणीगांव निवासी किरण देवीदास कारंडे के साथ हुई थी। लेकिन शादी के बाद से ही किरण पर मानसिक दबाव डाला जा रहा था। आरोप है कि किरण का पति किरण देवीदास कारंडे, ससुर देवीदास शंकर राव कारंडे, सास रेखा देवीदास कारंडे और देवर आकाश देवीदास कारंडे मिलकर लगातार उसे प्रताड़ित कर रहे थे। इस अत्याचार से तंग आकर किरण ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108, 85, 352, 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया है

# दिंडोशी पुलिस ने किया तड़ीपार को गिरफ्तार

**मुंबई।** दिंडोशी पुलिस ने 19 गंभीर मामलों के आरोपी को संतोष नगर इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने तड़ीपार किया था। लेकिन इसके बावजूद वह चोरी छिपे इलाके में रहता था, पुलिस को जानकारी मिलते ही इलाके में छापेमारी की गई तब आरोपी को पकड़ने पुलिस गई। तभी आरोपी ने पुलिस के साथ बदसलूकी की। मामले में पुलिस ने पुलिस के काम में बाधा डालने को लेकर एफआईआर दर्ज किया। जानकारी के मुताबिक 24 वर्षीय अरबाज जीमल खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# भिवंडी में दो साल से बंद पड़ा शौचालय!, आंदोलन' की चेतावनी




**भिवंडी।** भिवंडी शहर के कामतघर इलाके के विनायक नगर में 30 लाख रुपये खर्च कर बनवाया गया सार्वजनिक शौचालय पिछले दो साल से बंद पड़ा है। शौचालय का उपयोग शुरू न होने के कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह बंद शौचालय अब नशेड़ियों और शराबियों का अड्डा बन चुका है, जिससे क्षेत्र में असुरक्षा और गंदगी का माहौल बना हुआ है। इस गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों ने पूर्व नगरसेवक कमलाकर पाटील से शिकायत की। इसके बाद पाटील ने प्रभाग समिति क्रमांक 3 के सहायक आयुक्त सुरेंद्र भोईर को मौके पर बुलाकर स्थिति की समीक्षा करवाई है। पाटील ने अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि यदि मंगलवार तक शौचालय शुरू नहीं किया गया, तो नागरिक 'शौचालय डब्बा आंदोलन' करेंगे।

# अंत्योदय कार्ड धारक महिलाओं को मुफ्त साड़ी योजना का लाभ

**ठाणे।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अंत्योदय राशन कार्ड धारक महिलाओं को सरकार द्वारा साल में एक बार निःशुल्क साड़ी वितरित की जाती है। इस वर्ष भी राशन विभाग द्वारा यह योजना लागू की गई है, जिसके तहत 25 फरवरी तक जिले के एफ सर्कल की सभी राशन दुकानों में साड़ियों की आपूर्ति की जाएगी। इसके बाद कुल 9,931 लाभार्थी महिलाओं को यह साड़ियां दी जाएंगी। राज्य सरकार की इस योजना का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को त्योहारों के अवसर पर



सहायता प्रदान करना है, ताकि वे भी खुशी से पर्व मना सकें। योजना का क्रियान्वयन कपड़ा विभाग के माध्यम से किया जा रहा है और राशन की दुकानों पर साड़ी वितरण की व्यवस्था की गई है। ठाणे जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में लाभार्थी महिलाओं की संख्या भिन्न है। ठाणे में 968, भिवंडी में 1,870, कल्याण में 969, डोंबिवली में 128, उल्हासनगर में 280, वाशी में 773, भयंदर में 1,109, अंबरनाथ में 735, बदलापुर में 648 और मुंब्रा में 350 महिलाओं को साड़ी वितरित की जाएगी। राशन विभाग के उप नियंत्रक प्रशांत काले ने बताया कि 25 फरवरी तक सभी पात्र महिलाओं तक साड़ियों की आपूर्ति पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार इस योजना को गरीब और जरूरतमंद महिलाओं के लिए एक सामाजिक सुरक्षा कदम के रूप में देख रही है।

# मैं थका नहीं हूं : निंबालकर

### कुर्सी पर बैठकर सब कुछ खत्म कर दूंगा

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मैं थका नहीं हूं, मेरा दिमाग अब भी पूरी तरह से काम कर रहा है। जब तक दिमाग चलता रहेगा, तब तक चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुर्सी पर बैठकर सब कुछ खत्म कर दूंगा, ऐसा बयान रामराजे निंबालकर ने दिया। उनके इस बयान पर अब चर्चा तेज हो गई है कि आखिर उन्होंने यह इशारा किसके लिए दिया। रामराजे फलटण में एक कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे।

### विरोधियों पर जोरदार हमला

विधान परिषद के पूर्व सभापति रामराजे निंबालकर ने एक कार्यक्रम में अपने राजनीतिक विरोधियों पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि मेरे जीवन का पहला भाषण 1991 में फलटण में हुआ था। तब से ही मुझे यह गलत राजनीति कभी पसंद नहीं आई। हमने राजनीति में आने के बाद क्षेत्र के विकास के लिए कार्य किया और फलटण के लिए पानी लाने का महत्वपूर्ण काम किया। निंबाळकर ने आगे कहा कि मैं अब भी थका नहीं हूं। हालांकि, युवावस्था में क्रिकेट खेलते समय मेरे पैर में चोट लगी थी, जो अब तक बनी हुई है। मेरी उम्र 77 साल है, इसलिए इस चोट का दर्द बना ही रहेगा। लेकिन मेरा दिमाग अभी भी पूरी तरह से सक्रिय है और जब तक यह चलता रहेगा, तब तक घबराने की जरूरत नहीं है। मैं कुर्सी पर बैठकर ही सब कुछ खत्म कर दूंगा। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि हमने हमेशा आपके विश्वास को बनाए रखते हुए कार्य किया है और आगे भी करते रहेंगे। इसलिए इस विश्वास को बनाए रखें।

# अठारह महीने के बच्चे की सड़क दुर्घटना में मौत

### मां के साथ टूटे हुए घर पर था बैठा

**मुंबई।** वडाला इलाके में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जिसमें अपने टूटे हुए आशियाने पर सो रहे लोगों पर एक शख्स ने कार चढ़ा दी। इस दुर्घटना में एक अठारह महीने के बच्चे की मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा जख्मी है। पुलिस ने संबंधित मामले में एफआईआर दर्ज कर आरोपी कार चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार और रविवार रात की है, जब प्रिया लोंढे का पति



खाना लेने गया हुआ था और वह अपने बच्चों के साथ अपने उस घर पर सो रही थी, जिसे पिछले दिनों बीएमसी ने तोड़ा है। उस टूटे हुए घर पर अपने समान की रखवाली करने के लिए ये वहीं रहते थे।

### मां का अस्पताल में चल रहा इलाज

दरअसल वडाला स्थित अंबेडकर कॉलेज के पास, राम मंदिर के पीछे, बालाराम खेडेकर मार्ग पर देर रात एक दर्दनाक हादसा हुआ। रात करीब 12:30 बजे, एक तेज रफ्तार कार (MH 01 CT 7256) ने 29 वर्षीय प्रिया निखिल लोंढे और उनके 18 महीने के बेटे वर्धन को कुचल दिया, जो अपने घर के जगह पर सो रहे थे। इस हादसे में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गईं फिलहाल वे अस्पताल में इलाज ले रही हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रिया अपने पति निखिल लोंढे और दो बच्चे स्वरप 5 और वर्धन 18 महीन के साथ रहती थीं। वे पिछले 30 सालों से सड़क किनारे झुग्गी बस्ती में रह रहे थे, लेकिन बीएमसी ने हाल ही में पुनर्वास योजना के तहत उस बस्ती को हटा दिया था। इसमें कुछ लोगों को घर दिया गया है। इसके अलावा कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें घर नहीं मिला है। प्रिया भी उसीमे में से एक थी। आरएके मार्ग पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक कमल विजय रिया (46), निवासी वडाला, भवन हाइट्स, को नोटिस दिया गया। घायल मां और बच्चे को केईएम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।

### कर नहीं चुकाने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई

# संपत्ति कर नगर निगम के राजस्व का प्रमुख स्रोत

**कल्याण।** वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए संपत्ति कर और जल बोर्ड संग्रह में कमी के कारण नगर निगम दि. 100 प्रतिशत (जुर्माना/ब्याज) माफी की अभय योजना 14 दिसंबर 2024 से 15 जनवरी 2025 तक की अवधि के लिए लागू की गई थी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि अधिक से अधिक नागरिक इस योजना से लाभान्वित हो सकें, अभय योजना को 31 जनवरी, 2025 तक बढ़ा दिया गया था, लेकिन नागरिकों से अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिली। ब्याज माफी की राशि को छोड़कर, 31 जनवरी, 2025 तक अभय योजना के तहत शुद्ध वसूली 334 करोड़ रुपये है, जो मांग की तुलना में बहुत कम है। इसके चलते संपत्ति मालिकों को बकाया संपत्ति कर भुगतान के लिए बार-बार नोटिस जारी किए जा रहे हैं। साथ ही, कुछ डिफॉल्टरों की आय dt. नीलामी 17/02/2025 को आयोजित की गई। कोई जवाब न मिलने पर दोबारा नीलामी कराई जाएगी। इसके अलावा अन्य बकाएदारों की रकम की नीलामी की प्रक्रिया चल रही है।

# मध्य रेल होली पर चलाएगी 28 होली स्पेशल ट्रेनें

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मध्य रेल होली के त्यौहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए मुंबई - नागपुर / मडगांव / नांदेड़ एवं पुणे - नागपुर के दरम्यान 28 होली स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। जिनका विवरण निम्नवत है। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस -नागपुर- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस द्वि-साप्ताहिक स्पेशल (8 सेवा) ट्रेन संख्या 02139 द्वि-साप्ताहिक स्पेशल 09.03.2025, 11.03.2025, 16.03.2025 एवं 18.03.2025 (रविवार और मंगलवार) को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 00.20 बजे रवाना होगी और नागपुर को उसी दिन 15.10 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन संख्या 02140 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 09.03.2025,



11.03.2025, 16.03.2025 और 18.03.2025 (रविवार और मंगलवार) को नागपुर से 20.00 बजे रवाना होगी और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस को अगले दिन 13.30 बजे पहुंचेगी। संरचनाः एक फर्स्ट एसी, 1 फर्स्ट एसीसह एसी-2 टियर, 2 एसी-2 टियर, 10 एसी-3 टियर, 4 स्लीपर क्लास, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी और 2 सामान्य द्वितीय श्रेणीसह गार्ड ब्रेक वैन। ठहरावः दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, शेगाँव, अकोला, मुर्तिजापुर, बडनेरा, धामणगांव और वर्धा।

छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस -मडगांव- छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल (4 सेवा)

ट्रेन संख्या 01151 साप्ताहिक स्पेशल 06.03.2025 और 13.03.2025 (गुरुवार) को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 00.20 बजे रवाना होगी और उसी दिन 13.30 बजे मडगांव पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01152 साप्ताहिक स्पेशल 06.03.2025 और 13.03.2025 (गुरुवार) को मडगांव से 14.15 बजे रवाना होगी और छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस को अगले दिन 03.45 बजे पहुंचेगी।

संरचनाः एक फर्स्ट एसी, 1 फर्स्ट एसी कम एसी-2 टियर, 2 एसी-2 टियर, 10 एसी-3 टियर, 4 स्लीपर क्लास, 4 जनरल सेकंड क्लास और 2 जनरल सेकंड क्लास कम गार्ड ब्रेक वैन। ठहरावः दादर, ठाणे, पनवेल, पेण, रोहा, मानगांव, खेड़, चिपलूण, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अडावली, विलवडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, कणकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड और थिवि। लोकमान्य टिळक टर्मिनस - मडगांव- लोकमान्य टिळक टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल (4 सेवा) ट्रेन संख्या 01129 साप्ताहिक स्पेशल 13.03.2025 और 20.03.2025 (गुरुवार) को लोकमान्य टिळक टर्मिनस से 22.15 बजे रवाना होगी और मडगांव अगले दिन 10.30 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01130 साप्ताहिक स्पेशल 14.03.2025 और 21.03.2025 (शुक्रवार) को मडगांव से 14.30 बजे रवाना होगी और लोकमान्य टिळक टर्मिनस अगले दिन 04.05 बजे पहुंचेगी। संरचनाः एक फर्स्ट एसी, 2 एसी 2-टियर, 6 एसी 3-टियर, 8 स्लीपर क्लास,1 पेंट्री कार और 2 जेनरेटर कार। ठहरावः ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, मानगांव, वीर, खेड़, चिपलून, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, अडावली, विलावडे, राजापुर रोड, वैभववाड़ी रोड, नंदगांव रोड, कणकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल और सावंतवाड़ी रोड। लोकमान्य टिळक टर्मिनस - हजूर साहिब नांदेड़ - लोकमान्य टिळक टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल (4 सेवा)।

### तीर्थयात्रियों ने 14 हजार से ज्यादा ट्रेनों का लिया लाभ

# महाकुंभ के आयोजन में रेलवे की रही अग्रणी भूमिका

**मुंबई।** आस्था के महासागर प्रयाग तीर्थ के संगम तट पर चल रहे महाकुंभ के विराट आयोजन में ऐसे तो तमाम विभागों और एजेंसियों ने अपनी-अपनी भूमिकाओं का निर्वाह किया, लेकिन इसमें रेलवे की भूमिका निःसंदेह अग्रणी रही है। इस विशाल आयोजन में रेलवे ने जिस तरह पूरे देश भर से तीर्थयात्रियों को प्रयाग की पुण्यभूमि तक पहुंचने में मदद की, वह न सिर्फ अभूतपूर्व है, बल्कि रेल संचालन की दृष्टि से कई मामलों में अनोखा रिकार्ड भी बना है। महाकुंभ अब समापन की ओर है। एक अनुमान के मुताबिक करीब डेढ़ माह के इस आयोजन में 12 से 15 करोड़ तीर्थयात्रियों ने ट्रेन यात्रा का लाभ किसी न किसी रूप में उठाया। दूसरे शब्दों में महाकुंभ के लिए जाने वाले करीब एक चौथाई तीर्थयात्रियों ने प्रयागराज या



आसपास के प्रमुख शहरों तक पहुंचने के लिए ट्रेनों की ही मदद ली। इस बार प्रयागराज के महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के संकल्प को पूरा करने में रेलवे ने आगे बढ़कर भूमिका निभाई। यह बताने की जरूरत नहीं कि दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले अपने देश में रेलवे पर कितना दवाब है। ऐसे में महाकुंभ के आयोजन से बहुत पहले से ही रेलवे अपनी कार्ययोजना को मूर्त रूप देने में जुट गया था। इसके तहत देश के विभिन्न हिस्सों से तीर्थयात्रियों की अनुमानित संख्या के हिसाब से ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई। साथ ही महाकुंभ के दौरान भीड़ बढ़ने की स्थिति में आपात योजना भी बनाई गई। आम दिनों में ट्रेनों में रहने वाली भीड़ के मद्देनजर रेलवे ने इसके लिए विशेष उपायों को अपनाया।

# मरीजों को समय पर मिल रहा इलाज

## देरी से आने वालों पर हो रही कड़ी कार्रवाई

## बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से स्वास्थ्य विभाग में अनुशासन

**महानगर संवाददाता**

**ठाणे**

ठाणे मनपा के स्वास्थ्य विभाग में बायोमेट्रिक फेस रीडिंग अटेंडेंस सिस्टम लागू होने के बाद कर्मचारियों की लेटलतीफी पर कड़ा शिकंजा कस दिया गया है। इस नई व्यवस्था के तहत समय पर उपस्थिति दर्ज न कराने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है, जिससे स्वास्थ्य विभाग में अनुशासन बढ़ा है।





बता दें कि ठाणे मनपा के 33 नागरिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, छह प्रसूति अस्पतालों, प्रमुख प्रशिक्षण केंद्र और पशु चिकित्सा केंद्रों में इस प्रणाली को लागू किया गया है। पहले यह व्यवस्था छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल और राजीव गांधी मेडिकल कॉलेज में लागू थी, जहां डॉक्टरों, अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई थी। मनपा प्रशासन ने मरीजों को बेहतर और समय पर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इस प्रणाली को अपनाया है। समय की पाबंदी सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नवंबर में 316 कर्मचारियों में से 106 के वेतन से 115 दिन की कटौती की, जबकि दिसंबर में 46 कर्मचारियों का 50 दिन का वेतन काटा गया।

### स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में हुआ सुधार

इस कड़ी कार्रवाई का असर यह हुआ कि देर से आने वाले कर्मचारियों की संख्या 106 से घटकर 46 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, तीन बार से अधिक देर से आने वाले कर्मचारियों के वेतन में कटौती की जा रही है। इससे कर्मचारियों के बीच अनुशासन बढ़ा है और मरीजों को समय पर इलाज मिलने में सुधार हुआ है। पहले मरीजों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब डॉक्टरों और अन्य स्टाफ की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित हो रही है। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि इस प्रणाली से मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं और अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।

# 1.24 लाख की बिजली चोरी पर केस दर्ज



**भिवंडी।** भिवंडी शहर के शांतिनगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बिजली चोरी का मामला सामने आया है। यहां दो लोगों ने बिजली के खंभे से अवैध कनेक्शन जोड़कर 1,24,749.70 रुपये मूल्य की 57157 यूनिट बिजली की चोरी कर डाली। पुलिस के अनुसार, टोरेंट पावर कंपनी के एक्जीक्यूटिव अधिकारी शंकर गणपति सावतरकर ने इस मामले की शिकायत दर्ज करवाई। आरोपी मोहम्मद यूसुफ मोहम्मद हनीफ खान और इमरान आबु अंसारी ने गोविंद नगर स्थित घर नंबर 2819/10 में 20 दिसंबर 2023 से 19 फरवरी 2024 के बीच बिजली की चोरी की। खंभे से सीधा कनेक्शन जोड़कर न सिर्फ घर में इस्तेमाल किया बल्कि बिजली मीटर से भी छेड़छाड़ की। इसका खुलासा होते ही पुलिस ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया है।

## छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों को अंतरराष्ट्रीय दर्जा दिलाने

# मंत्री शेलार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पेरिस गया

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

छत्रपति शिवाजी महराज से जुड़े 12 किले को यूनेस्को विश्व धरोहर में दर्जा दिलाने के लिए शनिवार को राज्य के सांस्कृतिक मंत्री आशीष शेलार के नेतृत्व में महाराष्ट्र का एक प्रतिनिधिमंडल पेरिस गया। महाराष्ट्र सरकार ने 'भारत के मराठा सैन्य परिदृश्य' की अवधारणा के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किले को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल करने के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। इन किले में रायगढ़, राजगढ़, प्रतापगढ़, पन्हाला, शिवनेरी, लोहागढ़, सलहेर, सिंधुदुर्ग, सुवर्णदुर्ग, विजयदुर्ग, चंदेरी और तमिलनाडु में जिंजी किला शामिल हैं। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देशानुसार यह प्रतिनिधिमंडल पेरिस गया है।



### समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण होगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों के संबंध में महाराष्ट्र का प्रस्ताव यूनेस्को को भेज दिया है। महाराष्ट्र का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 26 फरवरी 2025 तक पेरिस, फ्रांस में रहेगा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व मंत्री शेलार कर रहे हैं जबकि सदस्यों में मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खरगे, पुरातत्व एवं संग्रहालय निदेशालय के उप निदेशक हेमंत दलवी और वास्तुकार शिखा जैन शामिल हैं। पेरिस दौरे के दौरान किलों को विश्व धरोहर का दर्जा सुरक्षित करने के लिए आवश्यक तकनीकी और कूटनीतिक प्रस्तुतियां देगा। इससे छत्रपति शिवाजी महाराज के किलों को वैश्विक मान्यता दिलाने में मदद मिलेगी। यदि इन किलों को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल कर लिया जाए तो इनके संरक्षण, संवर्धन और पर्यटन विकास के अधिक अवसर खुलेंगे। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित होगा।

# भिवंडी-निजामपुर महानगरपालिका में संत गाडगे बाबा जयंती मनाई गई



**भिवंडी।** सामान्य प्रशासन विभाग और भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका के प्रशासक एवं आयुक्त अनमोल सागर (भा.प्र.से.) के निर्देशानुसार 23 फरवरी को महानगरपालिका मुख्यालय में संत गाडगे बाबा जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महानगरपालिका के सहायक आयुक्त (प्रभाग समिति क्र.1) राजेंद्र वामन वरलीकर के हस्ते संत गाडगे बाबा की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर नमन किया। इस कार्यक्रम में वाचनालय विभाग प्रमुख स्नेहल पुण्यार्थी, समाज कल्याण विभाग प्रमुख नितेश चौधरी, पर्यावरण विभाग व परवाना प्रमुख अनिल आव्हाड, आरोग्य विभाग प्रमुख हरीश भंडारी सहित महानगरपालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संत गाडगे बाबा ने अपने पूरे जीवन में समाज सुधार, स्वच्छता, शिक्षा और गरीबों के उत्थान के लिए कार्य किया।

## विधानमंडल की सलाहकार कार्य समिति की बैठक, 10 मार्च को होगा बजट पेश

# विधानमंडल का बजट सत्र तीन मार्च से

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

महाराष्ट्र विधानमंडल का पहला बजट सत्र मुंबई में सोमवार, 3 मार्च से शुरू हो रहा है जो बुधवार, 26 मार्च तक चलेगा। इस बीच 10 मार्च को विधानमंडल के दोनों सदनों में वार्षिक बजट पेश किया जाएगा. रविवार को विधान भवन में विधानसभा और विधान परिषद की कार्य सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें अधिवेशन के कामकाज पर चर्चा की गई। इस बैठक में विधान परिषद के सभापति राम शिंदे, विधानसभा



अध्यक्ष. राहुल नार्वेकर, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री अजीत पवार, संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटील, मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटील, गिरीश महाजन, शंभुराज देसाई, विधायकगण प्रवीण दरेकर, प्रसाद लाड, अनिल परब, हेमंत पाटील, श्रीकांत भारतीय, छगन भुजबळ, जितेंद्र आव्हाड, डॉ. नितिन राउत, रणधीर सावरकर, अमीन पटेल, विधानमंडल सचिव (1) जितेंद्र भोले, सचिव (2) विलास आठवले और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। विधान परिषद की उपसभापति डॉ. नीलम गोर्हे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुईं। बजट सत्र के दौरान, 8 मार्च (शनिवार) को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद विधानमंडल की कार्यवाही जारी रहेगी, जबकि 13 मार्च को होली के अवसर पर छुट्टी देने का निर्णय इस बैठक में लिया गया।

# आरोपी ने पुलिस अधिकारी को धमकाया, केस दर्ज

## ज्यादा दिन जेल में नहीं रख सकते



**महानगर संवाददाता**

**भिवंडी**

भिवंडी न्यायालय परिसर में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब एक आरोपी ने कोर्ट में हंगामा करते हुए पुलिस अधिकारी को खुलेआम धमकी दी। यह पूरी घटना बीते शुक्रवार 21 फरवरी दोपहर करीब 1:46 से 2:00 बजे के बीच घटी। इस मामले में शांतिनगर पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता शाहदेव माली खेडकर (29), जो पुलिस सिपाही के पद पर कार्यरत हैं, उन्होंने शिकायत दर्ज कराई कि आरोपी मोहम्मद अली अब्दुल अजीज शेख, निवासी शांतिनगर को अदालत में पेशी के लिए लाया गया था। लेकिन कोर्ट परिसर में आते ही आरोपी ने न्यायाधीश के सामने पुलिस अधिकारियों को धमकी देने लगा। आरोपी ने खुलेआम कहा – "तुम लोग मुझे ज्यादा दिन जेल में नहीं रख सकते, मैं बाहर आऊंगा!" इसके बाद उसने अपनी पत्नी और अन्य लोगों के साथ मिलकर गाली-गलौज और हंगामा किया। इस गंभीर घटना को देखते हुए शांतिनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 132, 74, 79, 352, 351(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

# सड़क हादसा : तीन की दर्दनाक मौत, एक घायल

**महानगर संवाददाता**

**वसई**

वसई से एक हैरान करने वाली खबर सामने आई है। दो तेज रफ्तार दोपहिया वाहनों की आमने-सामने टक्कर में 3 लोगों की मौत हो गई है और एक व्यक्ति घायल हो गया है। घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना वसई पूर्व के मधुबन में सुरक्षा स्मार्ट सिटी के मुख्य मार्ग पर हुई। हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस और एक्टिवा स्कूटी के बीच टक्कर रात के समय हुई। चार लोग यात्रा कर रहे थे, दो मोटरसाइकिल पर और दो एक्टिवा स्कूटी पर। दोनों वाहन विपरीत




दिशाओं में जा रहे थे। लेकिन सड़क पर अंधेरा होने के कारण आगे का दृश्य नहीं दिख पाया। इसके कारण दोनों वाहनों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस भीषण दुर्घटना में स्प्लेंडर पर सवार युवक और स्कूटी पर सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर वालीव थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस की छानबीन के बाद, मृतक का नाम जियालाल शामभरण यादव (उम्र 63 वर्ष), वकील महेंद्र यादव (उम्र 50 वर्ष ) दोनों गोरेगांव पूर्व मुंबई के निवासी थे, जबकि राकेश वर्मा (उम्र 37 वर्ष), वाघरलपाड़ा वसई पूर्व का निवासी था और घायल व्यक्ति का नाम विकास विजय गौड़ (उम्र 19 वर्ष), वाघरलपाड़ा वसई पूर्व का निवासी है। वालीव पुलिस ने इस हादसे के मामले में होंडा एक्टिवा चालक और स्पलेंडर चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीकरण कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस उपनिरीक्षक रिश्वत लेते गिरफ्तार



**महानगर संवाददाता**

**ठाणे**

ठाणे में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग (एसीबी) ने कोनगांव पुलिस स्टेशन में तैनात पुलिस उपनिरीक्षक राजेश केशवराव डोंगरे को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उन्होंने एक मामले में आरोपी न बनाने के बदले 80,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी, लेकिन समझौते के तहत 25,000 रुपये लेने पर सहमति बनी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने 20 फरवरी 2025 को मामले की जांच शुरू की। इस दौरान यह पुष्टि हुई कि डोंगरे ने शिकायतकर्ता से 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी। इसके आधार पर 22 फरवरी को जाल बिछाया गया और डोंगरे को 10,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक संजय गोविलकर और पुलिस अधीक्षक शिवराज पाटिल के मार्गदर्शन में की गई। आरोपी पुलिस अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है। एसीबी ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी द्वारा रिश्वत की मांग की जाती है, तो वे तुरंत भ्रष्टाचार निरोधक विभाग से संपर्क करें।

**PUBLIC NOTICE**

I, **Ravita Nath**, lost my original ICSE school leaving certificate (School: St. Mary's Convent, Allahabad, Year: **1989, Index No: T/451/023).**

**IF FOUND CONTACT**
**9167288492**

**महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण विभाग क्र.१, पुणे**
**ई-निविदा सूचना क्र. ३० सन २०२४-२५**
**(दुसरी मागणी)**

अतिविस्फोटक निर्माणी येथे HDPE Line फायर हायड्रंट साठी एच.ई. फॅक्टरी खडकी, पुणे या कामाची निविदा महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण विभाग क्र.१, पुणे यांचेकडून मागविण्यात येत आहे. कामाची अंदाजित किंमत ₹ १३,७१,०५६/- आहे. सदर निविदेचा सविस्तर तपशील दि. २४.०२.२०२५पासून www.mahatenders.gov.in या वेबपोर्टलवर उपलब्ध करुन देण्यात आलेला आहे.

निविदा प्रक्रिया कार्यक्रमाच्या सर्व तारखा www.mahatenders.gov.in या वेबपोर्टलवर अपलोड करण्यात आलेल्या ऑनलाईन निविदा सूचनेनुसार राहतील.

**दिनांक : १७.०२.२०२५**

सही/-
**(अर्जुन नाडगौडा)**
**कार्यकारी अभियंता**
महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण विभाग क्र.१
पुणे ४११००१

**जिमाका/पुणे/जाहिरात/६०६/२०२४-२५**

### श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि की तैयारियां

**मुंबई।** भगवान शिव के प्रमुख पर्व महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पूरे देश सहित महाराष्ट्र और मुंबई के तमाम शिवालयों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। विगत 28 वर्षों से चेम्बूर के घाटला गाँव परिसर में स्थित श्री नागेश्वर महादेव मंदिर में 26 व27 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा, प्रातः 4 बजे भोलेनाथ का श्रृंगार अभिषेक आरती के पश्चात अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ प्रातः 8 बजे शुरू होकर 27 फरवरी शाम 5 बजे तक चलेगा। जिसके उपरांत हवन, महाआरती के बाद विशाल भण्डारा होगा। हजारों शिवभक्तों के अलावा राजनीतिक सामाजिक हस्तियां भी मंदिर में दर्शन को पहुंचती है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद कुमार पाण्डेय ने बताया की मंदिर पौराणिक होने के अलावा मनोवांछित फल देने वाला है।

# जयघोष के साथ लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में यात्रा का समापन

**मुंबई।** विगत बारह दिनों से श्री क्षेत्र वीर (ता. पुरंदर) में गुलाल की बौछार के साथ चल रहे भव्य उत्सव का समापन समस्त जमदाडे परिवार के हाथों श्रीनाथ म्हस्कोबा और देवी जोगेश्वरी की उत्सव मूर्तियों को नैवेद्य अर्पित कर, रंगों की वर्षा और पारंपरिक "मारामारी" (रंग उत्सव) के साथ किया गया। इस दौरान लाखों श्रद्धालुओं ने "नाथ साहब की जय! सवाई सरजा की जय!" के जयघोष के बीच पालखियों पर पुष्पवर्षा करते हुए यात्रा को विदाई दी।

तड़के श्रीनाथ म्हस्कोबा और देवी जोगेश्वरी की महापूजा की गई। दोपहर बारह बजे धूप आरती के बाद कोडीत की मान पालखी सबसे पहले देउळवाडा पहुंची। इसके बाद



कन्हेरी, वाई, सोनवडी, भोंडवेवाडी, कसबा पेठ (पुणे) की पालखियां और बीस गांवों के पारंपरिक वस्त्र धारण किए हुए ढोल-ताशों, छत्री, और सभी मानकिरदारों के साथ मंदिर पहुंचे। मान की पालखियों और काटों ने मंदिर की तीन प्रदक्षिणाएं पूर्ण करने के बाद देउळवाडा के दगड़ी कछुए पर तात्याबा बुरुंगले और दादा बुरुंगले ने भविष्यवाणी की। इस भविष्यवाणी में बताया गया कि इस वर्ष बाजरे की फसल अच्छी होगी, मृग नक्षत्र में चार खंडों में बारिश होगी, आश्लेषा और मघा नक्षत्र में दो खंडों में, हत्ती नक्षत्र में चार खंडों में वर्षा से जनसंतोष होगा। उतरा और पूर्वा नक्षत्र में तीन खंडों में बारिश होगी, जबकि चौथे खंड में सामान्य रहेगी। भविष्यवाणी में कहा गया कि गाय-बैलों पर कोई बीमारी नहीं आएगी, लेकिन मनुष्यों को भोजन के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। जिसके भाग्य में है, उसे ही सत्ता प्राप्त होगी।

श्रीनाथ म्हस्कोबा और देवी जोगेश्वरी की मूर्तियों को नैवेद्य अर्पित कर रंगों की बौछार की गई। इस दौरान फूलों की वर्षा और रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई। मंदिर की एक प्रदक्षिणा पूर्ण करने के बाद सभी पालखियां अपने-अपने स्थानों को लौट गईं। बारह दिनों तक चले इस यात्रा उत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में देवस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र धुमाळ, विश्वस्त प्रमिला देशमुख, सुनील धुमाळ, विराज धुमाळ, अमोल धोंडीबा धुमाळ, श्रीकांत थिटे, बाळासाहेब समगीर, जयवंत सोनावणे, अलका जाधव समेत पूरी समिति और सलाहकार मंडल ने अथक परिश्रम किया।

# कोर्ट के आदेश पर 54 इमारतों पर गिरेगा हथौड़ा

## पुलिस की मौजूदगी में आज से होगी कार्रवाई, प्रशासन के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध

**महानगर संवाददाता**

**ठाणे**

हाई कोर्ट के आदेश के बाद महानगरपालिका ने ठाणे के दिवा से शील तक वाई जंक्शन इलाके की 54 इमारतों को गिराने की तैयारी शुरू कर दी है। मनपा ने इमारतों में रहने वाले लोगों को पहले ही नोटिस जारी कर दिया है और अब सोमवार से कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। इस निर्णय से 1200 से अधिक रहवासी प्रभावित होंगे, जो अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं।

बता दें मनपा प्रशासन ने कोर्ट के आदेशों को लेकर रहवासियों के साथ बैठकें भी कीं, ताकि उन्हें



स्थिति से अवगत कराया जा सके। इसके बावजूद निवासियों में असंतोष और भय व्याप्त है। शनिवार को जब नगर निगम की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची, तो उन्होंने पुलिस की अनुपस्थिति का हवाला देते हुए कार्रवाई टाल दी। अब यह तय हो गया है कि सोमवार से पुलिस की मौजूदगी में इमारतों को गिराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### मनपा की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

रहिवासियों का कहना है कि वे पिछले 18 सालों से इन इमारतों में रह रहे हैं और अब अचानक की जा रही कार्रवाई उन्हें अन्यायपूर्ण लग रही है। रोहिदास मुंढे नामक एक निवासी ने सवाल उठाया कि जब मनपा अवैध निर्माणों पर कार्रवाई कर रही है, तो नई बनी अनधिकृत इमारतों पर कोई ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा। उन्होंने मनपा की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रशासन को पहले हाल ही में बने अवैध निर्माणों पर ध्यान देना चाहिए। रहवासियों के गुस्से को देखते हुए उन्होंने प्रशासन के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध भी दर्ज कराया है। उन्होंने प्रशासन की मूर्ति लटका कर यह सवाल किया कि इस स्थिति के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है। मनपा की इस कार्रवाई से कई परिवार बेघर हो सकते हैं, जिससे इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है। मनपा का कहना है कि यह कार्रवाई कोर्ट के आदेशानुसार की जा रही है और इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अवैध निर्माणों को हटाना उनकी प्राथमिकता है, और कोर्ट के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। अब सबकी नजरें सोमवार पर टिकी हैं, जब नगर पालिका की टीम पुलिस बल के साथ कार्रवाई के लिए पहुंचेगी।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग**
एचओ/727/सीबीएमएच, दिनांक : 20.02.2025

| **बृहन्मुंबई महानगरपालिका ई-निविदा सूचना** | |
|---|---|
| विभाग | सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग |
| उप विभाग | मां साहेब मीनाताई ठाकरे ठाकरे प्रसूति गृह, |
| विषय | मातोश्री रमाबाई ठाकरे प्रसूति गृह, में इनडोर मरीजों के लिए नाश्ता और थाली प्रदान करना.<br>बोली नं. 2025_एमसीजीएम_1152773_1 |
| ई-निविदा बिक्री | 24.02.2025 को सुबह 09.00 बजे से<br>02.03.2025 को सायं. 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संबंधित अधिकारी का नाम | डॉ. वैष्णवी पाटिल, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, मां साहेब मीनाताई ठाकरे प्रसूति गृह, चूनाभट्टी मुंबई – 400 022 |
| मोबाइल नं. | 9833810989, 9892863818 |
| ई-मेल पता | chunabhattimh@gmail.com |

**हस्ता./-**
**चिकित्सा अधिकारी प्रभारी**
**मांसाहेब मीनाताई ठाकरे प्रसूति गृह, चूनाभट्टी**

**पीआरओ/2602/विज्ञा./2024-25**

**जहां तक संभव हो घर पर तैयार ताजे खाद्य पदार्थ ही खायें**

# कितनी उचित है गंगाजल पर बयानबाजी?


उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। विद्वानों का कहना है कि 144 वर्षों के बाद इस बार का महाकुंभ विशेष योग में संपन्न हो रहा है। ऐसे में यहां स्नान करने का सर्वाधिक महत्व है। मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलने वाला महाकुंभ अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान कर लिया है। समापन तक यह संख्या करीबन 65 करोड़ पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। इस बार महाकुंभ में जितने लोगों ने स्नान किया है वह दुनिया के एक-दो देशों को छोड़कर अधिकांश देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक होती है। भारत के ही नहीं अपितु विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाकुंभ में स्नान कर पूजा अर्चना की है। राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राज्यपाल, सांसद, विधायक सहित देश के आम लोगों के मन में कुंभ स्नान के प्रति जो श्रद्धा देखी जा रही है। वैसी श्रद्धा इससे पहले शायद ही देखी गई होगी। हालांकि मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ के संगम तट पर भगदड़ मचने से करीबन 37 लोगों की भीड़ में दबकर मौत हो गई थी। इसी तरह कुंभ आने के लिए नई दिल्ली स्टेशन पर एकत्रित भीड़ में भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण थी जिसमें प्रशासनिक लापरवाही का भी बहुत बड़ा हाथ माना जा रहा है। हालांकि दोनों ही घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच हो रही है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही असली दोषियों का पता चल सकेगा। शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे कुंभ में ऐसी दो दुर्घटनाएं होने के बाद भी कुंभ स्नान करने वालों की संख्या में कमी नहीं हुई बल्कि दिन प्रतिदिन यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। वर्तमान में हर दिन सवा करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में गंगा स्नान कर रहे हैं। आने वाली महाशिवरात्रि पर यह संख्या कई गुना अधिक होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। जिसको लेकर बड़े स्तर पर प्रशासनिक तैयारियां की जा रही है। ताकि महाकुंभ में किसी तरह की दुर्घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं प्रयागराज आकर महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान की तैयारी का जायजा ले चुके हैं। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी चैकसी बरतने के निर्देश दिए हैं। जहां एक तरफ महाकुंभ में करोड़ों लोग स्नान कर रहे हैं इस बीच केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयागराज में गंगा-यमुना का पानी नहाने के योग्य नहीं है। सीपीसीबी ने इस रिपोर्ट को तीन फरवरी को तैयार किया था। रिपोर्ट को तैयार करने के लिए सीपीसीबी ने नौ से 21 जनवरी के बीच प्रयागराज में अलग-अलग जगह पर गंगा-यमुना के 73 सैंपल जमा किए। इन सैंपलों की छह मानकों पानी का पीएच वैल्यू, फीकल कोलीफॉर्म, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड और डिजॉल्वड ऑक्सीजन पर जांच की गयी। जितने भी जगहों से सैंपल लिए गए हैं उनमें ज्यादातर में फीकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा मानक से अधिक पाई गई है। बाकी के पांच मानकों पर पानी की गुणवत्ता मानक के मुताबिक मिली। सीपीसीबी की वेबसाइट पर दिए आंकड़ों के मुताबिक 29 जनवरी को संगम पर गंगा में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा 2300 पाई गई थी। 29 जनवरी को ही मौनी अमावस्या का पर्व था। इसे महाकुंभ में सबसे बड़ा अमृत स्नान माना गया है। उस दिन गंगा-यमुना में कई करोड़ लोगों ने डबकी लगाई थी। महाकुंभ में गंगा के जल की शुद्धता को लेकर लगातार सवालो के बीच देश के जाने-माने वैज्ञानिक पद्मश्री डॉ. अजय सोनकर ने गंगा के जल को सिर्फ स्नान योग्य ही नहीं बल्कि अल्कलाइन वाटर जितना शुद्ध बताया है। संगम, अरैल समेत पांच घाटों के गंगाजल की लैब में जांच के बाद उन्होंने यह दावा किया है। उनका कहना है कि महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु के गंगा में स्नान के बाद भी इसकी शुद्धता पर कोई असर नहीं पड़ा है। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम के साथ वैज्ञानिक विमर्श करने वाले डॉ. अजय कुमार सोनकर ने कहा कि उन्होंने अपनी नैनी स्थित प्रयोगशाला में गंगा के जल की जांच की। गंगाजल की शुद्धता पर सवाल उठाने वालों को प्रयोगाशाला में जांच की चुनौती भी दी। कहा है कि जिसे जरा भी संदेह हो वह मेरे सामने गंगा जल ले और हमारी प्रयोगशाला में जांच कर संतुष्ट हो जाए। शीर्ष भारतीय वैज्ञानिक डॉ. सोनकर ने कहा है कि गंगाजल सबसे शुद्ध है। यहां नहाने से किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हो सकता है। बैक्टीरियोफेज (बैक्टीरिया खाने वाला) के कारण गंगा जल की शुद्धता बरकरार है। प्रयोगशाला में जल के नमूनों को 14 घंटों तक इंक्यूबेशन तापमान पर रखने के बाद भी उनमें किसी भी प्रकार की हानिकारक बैक्टीरिया की वृद्धि नहीं हुई। डॉ. अजय सोनकर ने कहा कि गंगा का जल न केवल स्नान के लिए सुरक्षित है। बल्कि इसके संपर्क में आने से त्वचा संबंधी रोग भी नहीं होते हैं। डॉ. अजय कुमार सोनकर ने बताया कि पांच घाटों से गंगा जल के नमूने लिए और लैब में सूक्ष्म परीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद जल में न तो बैक्टीरियल ग्रोथ हुई न ही जल के पीएच स्तर में कोई गिरावट आई। इस शोध में पाया कि गंगा जल में 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। जो किसी भी हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर देते हैं। इस वजह से जल दूषित नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि गंगा जल की अम्लीयता (पीएच) सामान्य से बेहतर है और उसमें किसी भी प्रकार की दुर्गंध या जीवाणु वृद्धि नहीं पाई गई। गंगाजल के सैंपल का पीएच स्तर भी 8.4 से लेकर 8.6 तक पाया गया। जो काफी बेहतर माना गया है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ने 3 फरवरी को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एक रिपोर्ट देकर बताया कि प्रयागराज संगम का पानी नहाने के लिए उपयुक्त नहीं है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*हानि लाभ जीवन मरण जस अपजस विधि हाथ*
*फिर काहे को मांगता, पप्पू सबका साथ*
*पप्पू सबका साथ, कभी अमरीका जाए*
*कभी किसी चमचे को पाकिस्तान पठाए*
*कह सुरेश कविराय करेगा तब क्या ललुआ*
*अगर किसी की किस्मत में काजू का हलुआ*

# पीएम मोदी अंगिका भाषा को दें उसका वाजिब हक

**एनसीईआरटी में बैठे लोगों ने अंग क्षेत्र के लोगों और प्रधानमंत्री की भावना को ठेस पहुंचाया है, जिसको लेकर अंग जन गण के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर मंडल ने बुधवार को एनसीईआरटी के निदेशक चंद्रपाल सिंह को पत्र लिखकर इसे सुधारने की अपील की है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित प्रवेशिका की किताब में देश भर की 104 भाषाओं के बारे में जानकारी दी गई है, लेकिन अंगिका भाषा को इसमें शामिल नहीं किया गया है, जो अनुचित है।**



प्राचीन भारत के सोलह जनपदों में अंग एक प्रमुख जनपद था और जिसकी भाषा आदिकाल से अंगिका है। इस भाषा की लगातार उपेक्षा की जा रही है। हद तो तब हो गयी है जब एनसीआरटी की पुस्तक में अंग क्षेत्र के भागलपुर और मुंगेर को मिथिला का क्षेत्र बताया गया है। इसे लेकर पूरे अंग क्षेत्र में आक्रोश है। इसे लेकर संघर्ष तेज हो गया है। एनसीईआरटी की किताब में अंग क्षेत्र भागलपुर को भी मैथिली बोलने वाला क्षेत्र बताया गया है। किताब में लिखा गया है कि भागलपुर के साथ मुंगेर और बिहार से सटे झारखंड में भी मैथिली बोली जाती है। सीमांचल के इलाके किशनगंज, कटिहार व मधेपुरा को भी मैथिली बोलने और समझने वाला क्षेत्र मैथिली प्रवेशिका किताब में बताया गया है। लोगों की निगाहें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आज 24 फरवरी के दौरे पर टिकी हुई है। इस क्षेत्र के प्रवुद्ध संजय कुमार बताते हैं कि चार साल पहले भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे पीएम ने जैसे ही तोरहरा सिनी क नमस्कार करै छियै... कहा, लोगों का उत्साह दोगुणा हो गया। डेढ़ साल के अंदर यह दूसरा मौका था जब पीएम भागलपुर पहुंचे थे। इससे पहले वह लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए भागलपुर पहुंचे थे। उस वक्त भी उन्होंने इसी तरह अंगिका में संबोधन शुरू कर यहां के लोगों का दिल जीत लिया था लेकिन एनसीईआरटी में बैठे लोगों ने अंग क्षेत्र लोगों और प्रधानमंत्री की इस भावना को ठेस पहुंचाते हुए यह कुकृत्य किया। इसके विरोध में लगातार लोग आंदोलित हैं। इस फैसले के खिलाफ सभी आंदोलनरत हैं। इस त्रुटि को सुधारने के लिए अंग जन गण के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर मंडल ने बुधवार को एनसीईआरटी के निदेशक चंद्रपाल सिंह को पत्र लिखकर इसे सुधारने की अपील की है। डॉ मंडल ने अपने पत्र में कहा है कि बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल के लगभग 26 जिलों में अंगिका भाषा बोली जाती है, जबकि मैथिली भाषा बिहार के सिर्फ दो जिलों में प्रमुखता से बोली जाती है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित प्रवेशिका की किताब में देश भर की 104 भाषाओं के बारे में जानकारी दी गई है, लेकिन अंगिका भाषा को इसमें शामिल नहीं किया गया है। इसके बजाय अंग क्षेत्र को मैथिल क्षेत्र और यहां की भाषा को मैथिली बताया गया है, जो पूरी तरह से अनुचित और गलत है। अंततः डॉ. मंडल ने आग्रह किया है कि अंग क्षेत्र को मैथिल क्षेत्र और यहां की भाषा को मैथिली बताने वाली त्रुटि को जल्द से जल्द सुधारते हुए उचित तथ्यों के साथ किताबों को प्रकाशित किया जाए। भारतीय संविधान के द्वारा मान्यता प्राप्त बाईस भाषाओं में असमिया, बंगाली, बोडो, डोगरी, गुजराती, हिन्दी, कश्मीरी, कन्नड़, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगू और उर्दू को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया है।भारत दुनिया के उन अनूठे देशों में से एक है, जहाँ भाषाओं की विविधता की विरासत है। भारत के संविधान ने 22 आधिकारिक भाषाओं को मान्यता दी है। बहुभाषावाद भारत में जीवन का तरीका है क्योंकि देश के विभिन्न हिस्सों में लोग जन्म से ही एक से अधिक भाषाएँ बोलते हैं और अपने जीवनकाल में अतिरिक्त भाषाएँ सीखते हैं। औपनिवेशिक शासन के दौरान जॉर्ज ए. ग्रियर्सन द्वारा 1894 से 1928 के बीच पहला भाषाई सर्वेक्षण किया गया था , जिसमें 179 भाषाओं और 544 बोलियों की पहचान की गई थी। प्रशिक्षित भाषाविदों की कमी के कारण इस सर्वेक्षण में कई खामियाँ थीं। स्वतंत्रता के बाद मैसूर स्थित केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान (सीआईआईएल) को भाषाओं का गहन सर्वेक्षण करने का काम सौंपा गया था। हालांकि यह अभी भी अधूरा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (21 फरवरी) घोषित करने से पहले ही भारतीय संविधान के संस्थापकों ने 'मातृभाषा में शिक्षण' को सर्वोच्च प्राथमिकता दी, जिससे बच्चे को अपनी पूर्ण क्षमता विकसित करने में मदद मिल सके।1956 में भारत में राज्यों का पुनर्गठन भाषाई सीमाओं के साथ किया गया था जिसकी अपनी लिपि थी। तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भाषाई विशेषताओं के आधार पर राज्यों के गठन और एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। अंगिका के साहित्यकार सुधीर कुमार प्रोग्रामर के अनुसार एनडीए व सुशासन की सरकार में भी दुनिया की प्राचीन भाषा अंगिका को वाजिब सम्मान व अधिकार से वंचित रखना अंग महाजनपद की प्रगति एवं उन्नति के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। अब तक सत्ताधारी नेता या दल के लोग एक-दूसरे पर पक्ष-विपक्ष का आरोप लगाकर अंग महाजनपद की लोकभाषा अंगिका को उनके हक-हकूक से वंचित रखा था, किंतु अब तो बिहार में शासित केंद्र व राज्य में एक ही गठबंधन वाली सरकार चल रही है। अब तो अंगिका भाषा को उनका वाजिब सम्मान व अधिकार मिलना ही चाहिए। उन्होंने अब इसके प्रति उदासीनता या उपेक्षा का हावी होना नेताओं को इसके प्रति उनकी कुत्सित सोच व मंशा को उजागर करता है। इसे लेकर लगातार वे मुहिम चला रहे हैं। उनके अनुसार न तो अंगिका भाषा को जनगणना कोड दिया गया, न ही संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया है। कांग्रेस के भागलपुर से विधायक अजीत शर्मा का कहना है कि सरकार द्वारा अंग प्रदेश और अंगिका भाषा की उपेक्षा का आलम यह है कि अष्टम अनुसूची में नेपाली और सिंधी भाषा तक सम्मिलित है लेकिन अंगिका भाषा को राज्य की प्रतियोगिता परीक्षाओं में भी सम्मिलित करने में सरकार को एतराज है। उन्होंने जब इस मामले को 14 मार्च 1921 को बिहार विधानसभा में इस मामले को उठाया तो सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि राज्य में आयोजित होनेवाली विशिष्ट परीक्षा में अंगिका को शामिल करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। राज्यसभा में राजद के सांसद मनोज झा ने अंगिका की उपेक्षा की तरफ गृह मंत्री का ध्यान भी आकृष्ट किया था। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर यह मांग की थी कि अंगिका और और बज्जिका बोली दोनों का कोड आगामी जनगणना में तय किंया जाय।

**-कुमार कृष्णन**

# भाजपा की बिसात में नीतीश के सपने



बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार का वह नाम है जिसे समझना और जानना, मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन बताया जाता है। नीतीश कुमार के साथ सियासत करने वाले भी कहते हैं कि अन्य नेताओं के सियासी चाल को आप देर-सबेर जान जाते हैं, लेकिन जेडीयू अध्यक्ष का अगला दांव क्या होगा, जानना नामुमकिन है। शायद यही कारण है कि आरजेडी प्रमुख लालू यादव गाहे-बगाहे कहते रहते हैं ''नीतीश के पेट में दांत है,'' और उस दांत को कब एक्शन में लाना है, इसका फैसला सिर्फ नीतीश कुमार सही समय पर लेते हैं। अब आप सोच रहे होंगे कि हम नीतीश और दांत की बात क्यों कर रहे हैं, तो हम आपको बताते हैं। बिहार की राजनीति में आजकल नीतीश कुमार के बाद सबसे अधिक चर्चा हो रही है, उस शख्स का नाम निशांत कुमार है । निशांत कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे हैं। चर्चा है कि निशांत अपने पिता की सियासी विरासत को संभालने को तैयार हैं। यूं कहा जाए तो नीतीश कुमार ने तैयार कर दिया है और सिर्फ लॉन्च करना है। दरअसल, कुछ दिन पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने विधानसभा चुनाव में अपने पिता का समर्थन करने की जनता से अपील की। यही से उनके राजनीति में आने की अटकलें तेज हो गई। बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार को सबसे बड़े ''सियासी सौदेबाज'' कहा जाता है। समय के साथ भाजपा और आरजेडी से ''डील'' करते रहते हैं। यही कारण है कि समय के साथ दोस्त और विरोधी भी बदलते रहते हैं। बदलते समय के साथ नीतीश कुमार अपनी राजनीतिक विरासत को सुरक्षित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसका सबसे बड़ा कारण भाजपा है। बिहार में भाजपा की बढ़ती ताकत से परेशान नीतीश कुमार जेडीयू की भविष्य को सुरक्षित करने को निशांत वाला दांव खेलना चाहते हैं। ताकि भाजपा का सपना बिहार में सपना ही रहे। भारतीय राजनीति में परिवारवाद नया नहीं है। उत्तर प्रदेश और बिहार के यादव परिवारों से लेकर महाराष्ट्र के ठाकरे परिवार तक, क्षेत्रीय दल अपनी निरंतरता बनाए रखने के लिए पारिवारिक नेतृत्व पर निर्भर रहे हैं। दूसरी पंक्ति के नेतृत्व के बजाय पारिवारिक उत्तराधिकार को प्राथमिकता दी जाती है। अब तक नीतीश कुमार इससे बचते रहे हैं। लेकिन जब से निशांत कुमार का नाम सामने आया है तब से चर्चा हो रही है कि एक और परिवार अब सियासी विरासत की ओर अग्रसर है। हालांकि अभी तक सीएम नीतीश की ओर से इसको लेकर कोई ऐलान नहीं किया गया है। प्रदेश के नेतृत्व में वर्तमान में दो राजनीतिक उत्तराधिकारी हैं, राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के तेजस्वी यादव और लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) के चिराग पासवान। निशांत का राजनीति में आते ही युवा मतदाताओं के लिए एक नए खिलाड़ी के रूप में एक और चेहरा मिल जाएगा लेकिन यह उन लोगों को भी अलग-थलग कर सकता है जो वंशवादी राजनीति से मोहभंग हो चुके हैं। इसके अलावा, नीतीश कुमार की उत्तराधिकार योजना को वंशवादी राजनीति की ओर ले जा सकता है, जिससे जेडीयू अध्यक्ष अभी तक बचे हुए हैं। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि नीतीश कुमार का यह फैसला जेडीयू को जिंदा रखने का प्रयास भी हो सकता है। बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार की पहचान ''पलटीमार'' की तौर पर भी है। 2013 में भाजपा के साथ 17 साल पुरानी साझेदारी को समाप्त करने से लेकर 2015 में आरजेडी और कांग्रेस में शामिल होने, 2017 में भाजपा के साथ फिर से गठबंधन करने और 2022 में आरजेडी के नेतृत्व वाले गठबंधन में लौटने, और फिर 2024 में एनडीए में फिर से शामिल होने तक का है। राजनीतिक ''यू-टर्न'' ने नीतीश कुमार को एक राजनीतिक उत्तरजीवी के रूप में ''आलोचना और सम्मान'' दोनों मिला है। हालांकि, इस तरह के पैंतरेबाजी ने बिहार की राजनीति में जेडीयू के भविष्य की स्थिरता और प्रासंगिकता पर भी सवाल उठाए हैं। शायद नीतीश कुमार भी जानते हैं कि उनके बाद पार्टी में सियासी कोहराम मचना तय है। यही कारण है कि समय रहते वे निशांत वाला दांव चलना चाहते हैं। ताकि भविष्य में जेडीयू किंग ना भी बने तो किंग मेकर की भूमिका में तो रहे ही। जानकरों की माने तो नीतीश कुमार के मिशन को भाजपा शायद ही सफल होने देगी क्योंकि जिस प्रकार भाजपा ने हरियाणा, महाराष्ट्र और उसके बाद दिल्ली में जीत हासिल की है, उसके अनुसार वह बिहार में भी अपना भगवा ही फहराना चाहती है। उसके लिए भाजपा ने इस प्रकार के कदम उठाये है कि नीतीश को आभास ही नहीं होने दिया जा रहा है कि उसके वोट बैंक में सेंध लगा दी गई है। भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक वैभव और मुगल से संघर्ष के प्रतीक महापुरुष शिवाजी को चुनावी धार पर चढ़ा डाला। बिहार विधानसभा जंग की फतह को लेकर सक्रिय भाजपा इस चुनाव में बाजी दर बाजी चल रही है। शिवाजी की जयंती भाजपा पहले भी मनाती रही है और यह राष्ट्रीय गौरव शिवाजी के लिए सम्मान का विषय ही साबित होता रहा है पर इस बार शिवाजी की जयंती को राजनीतिक अंदाज में मनाते शिवाजी की एक जाति विशेष के खांचे में डाल दिया। बिहार विधानसभा के चुनावी जंग में भाजपा हर उस गोलबंदी पर विशेष फोकस कर रही है जो उसके लिए वोट प्राप्ति का कारण बन सके। अपनी इस मुहिम में भाजपा की एक कोशिश अपने आधार वोट को पुख्ता करने की भी हो रही है। भाजपा ने इस उद्देश्य को ध्यान में रख कर शिवाजी को कुर्मी फोल्ड में कर एक तरह से नीतीश कुमार के आधार वोट में सेंधमारी की कोशिश भी कर डाली। मौका था शिवजी की जयंती का जिसे भाजपा ने इस बार कुर्मी एकता रैली के मंच पर मनाया।

**-रामस्वरूप रावतसरे**

# भाजपा की कार्यकर्ता नीति

दिमारा ल्ली में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि भाजपा का कोई भी आम कार्यकर्ता शीर्ष पद तक पहुंच सकता है। यह फैसला न केवल पार्टी की कार्यकर्ता केन्द्रित राजनीति को दर्शाता है बल्कि वंशवाद के आरोपों से घिरे रहने वाले विभिन्न दलों को एक मजबूत संदेश भी देता है। भाजपा हमेशा से जमीनी स्तर पर काम करने वाले नेताओं को आगे बढ़ाने की पक्षधर रही है। दिल्ली में 27 साल बाद बीजेपी सत्ता में लौटी है। भाजपा ने रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया है। लेकिन वो पूरी तरह से अधिकार संपन्न नहीं होंगी। उनके पास पांच वो खास पॉवर नहीं होंगी,जो दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के पास होती हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि वो कौन सी पॉवर्स हैं, जो दिल्ली सरकार के पास नहीं होंगी। दिल्ली के मुख्यमंत्री के पास कुछ ऐसी महत्वपूर्ण शक्तियां नहीं होतीं जो भारत के अन्य पूर्ण राज्यों के मुख्यमंत्रियों के पास होती हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह है कि दिल्ली एक केंद्रशासित प्रदेश है और यह देश की राजधानी भी है। इसलिए ये देश का सबसे खास क्षेत्र है, लिहाजा इसकी कई सारी शक्तियां केंद्र के पास हैं। दिल्ली के पास आंशिक राज्य का दर्जा है। दिल्ली का प्रशासन संविधान के अनुच्छेद 239AA के तहत चलता है, जो दिल्ली को एक विधानसभा तो देता है, लेकिन कुछ शक्तियां केंद्र सरकार के पास रखता है।दिल्ली पुलिस केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन आती है। कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण पर दिल्ली सरकार का कोई अधिकार नहीं है। अगर दिल्ली में कोई दंगा या कानून-व्यवस्था की समस्या होती है, तो मुख्यमंत्री पुलिस को सीधे आदेश नहीं दे सकते। दिल्ली में जमीन से जुड़े सभी मामलों का प्रबंधन केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय करता है। दिल्ली सरकार रियल एस्टेट या सरकारी जमीन पर सीधे निर्णय नहीं ले सकती। मोहन यादव और भजनलाल शर्मा के बाद अब रेखा गुप्ता की ताजपोशी इस बात का प्रमाण है कि पार्टी में समर्पित कार्यकर्ताओं को शीर्ष पदों तक पहुंचने का अवसर मिलता है। भाजपा में मेहनत और धैर्य के बल पर ऊंचाईयों को छुआ जा सकता है, रेखा की ताजपोशी से पार्टी कार्यकर्ताओं में यह विश्वास और गहरा हुआ है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार के मुखिया रहे अरविंद केजरीवाल वैश्य समाज से आते हैं और भाजपा ने इस समीकरण को ध्यान में रखते हुए रेखा गुप्ता को आगे बढ़ाया है। इससे भाजपा ने वैश्य समुदाय को एक स्पष्ट संदेश दिया है कि वह उनकी राजनीतिक भागीदारी को महत्व देती है। इसी प्रकार आप की आतिशी के बाद भाजपा ने महिला नेतृत्व को प्राथमिकता देते हुए एक महिला को ही मुख्यमंत्री पद पर बिठाया। इससे भाजपा की महिला सशक्तिकरण की नीति भी उजागर हुई है। भारतीय राजनीति में वंशवाद हमेशा एक प्रमुख मुद्दा रहा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, और कई अन्य क्षेत्रीय दलों पर यह आरोप लगते रहे हैं कि वे नेतृत्व के पदों पर केवल अपने परिवार या करीबी लोगों को आगे बढ़ाते हैं।

**- अमरपाल सिंह वर्मा**

आज का कार्टून




साभार

# लिव-इन रिलेशनशिप को मान्यता कितनी जायज़?

लिव-इन रिलेशनशिप के मुश्किल से 10% मामले ही शादी तक पहुँच पाते हैं। बाक़ी 90% मामलों में रिश्ते टूट ही जाते हैं। ठीक उसी तरह, जिस तरह आजकल के नवयुवक प्रेमी-प्रेमिकाएँ जितनी तेजी से प्रोपोज़ करते हैं उतनी ही तेज़ी से ब्रेकअप और फिर उतनी ही तेज़ी से प्रेमी भी बदल लेते हैं। ऐसे प्रेमी-प्रेमिकाओं को लिव-इन रिलेशनशिप जैसी लुभावनी प्रथा सही लगती है। क्योंकि उन्हें एक दूसरे के साथ बिना शादी के पति-पत्नी जैसा रहने का मौक़ा मिल जाता है और पति-पत्नी जैसे रिश्ते का अर्थ आप अच्छी तरह समझते हैं। इसीलिए रिश्ता टूटने के बाद सबसे ज़्यादा जीवन बर्बाद लड़कियों का होता है। विशेषकर विवाह के समान भरण-पोषण और उत्तराधिकार के अधिकार प्रदान करना। सहवास में जन्मे बच्चों की कानूनी स्थिति को स्पष्ट करना, विशेष रूप से वैधता और उत्तराधिकार अधिकारों के सम्बंध में। रिश्ता टूटने के बाद अक्सर लड़कियाँ आत्महत्या जैसे क़दम उठा लिया करती हैं। वैश्वीकरण के प्रभाव और पश्चिमी संस्कृति के संपर्क में आने के कारण अब लिव-इन रिलेशनशिप को अधिक स्वीकार्य माना जाने लगा है। यह सहवास के नैतिक परिणामों तथा विवाह और परिवार के पारंपरिक विचारों पर प्रश्न उठाता है। भारतीय युवाओं की जीवन शैली में तेज़ी से बदलाव आ रहा है। इसके लिए ये आधुनिक संस्कृति को अपनाने में कोई भी झिझक महसूस नहीं करते और लिव इन रिलेशनशिप आधुनिक संस्कृति की ही एक शैली है। आजकल के युवा लिव इन रिलेशनशिप को वैवाहिक जीवन से बेहतर मानने लगे हैं। आज की पीढ़ी शादी और लिव इन रिलेशनशिप को एक जैसा ही मानती है। इनका मानना है कि शादी में समाज और क़ानून का हस्तक्षेप होता है किन्तु लिव इन रिलेशनशिप में ऐसा कुछ भी नहीं होता है। बल्कि पूरी आज़ादी होती है। लेकिन शादी और लिव इन रिलेशनशिप में अंतर है। ये प्रथा जितनी आसान लगती है उतनी ही पेचीदा है। जितने इसके फ़ायदे हैं उससे कहीं ज़्यादा नुक़सान हैं। इस तरह के सम्बंध प्रायः पश्चिमी देशों में बहुतायत में देखने मिलते हैं। क्योंकि वहाँ की संस्कृति इस प्रथा को सहज ही स्वीकार करती है। वहाँ की लाइफ़स्टाइल भी कुछ इसी तरह की है। भारत में भी कुछ वर्षों से इस व्यवस्था को सपोर्ट मिला है। जिसके पीछे महानगरों में बसने वाले कुछ लोगों के बदलते सामाजिक विचार, विवाह की समस्या और धर्म से जुड़े मामलों का होना माना जा सकता है। समाज का एक वर्ग इसे भारतीय संस्कृति के लिए सबसे बड़ा ख़तरा मानता है। तो वहीं दूसरा वर्ग इसे आधुनिक परंपरा में बदलाव के रूप में देखते हुए स्वतन्त्र जीवन जीने के लिए वरदान मानता है। हर चीज़ के अपने-अपने फायदे और नुक़सान होते हैं। हाल ही में अधिनियमित उत्तराखंड समान नागरिक संहिता (यूसीसी) ने लिव-इन पार्टनरशिप के लिए व्यापक विनियमों की एक शृंखला स्थापित की, जिसका लक्ष्य उन्हें विनियमित करना और उनकी कानूनी मान्यता की गारंटी देना है। लेकिन इनसे काफ़ी चर्चा भी हुई है और सरकारी निगरानी तथा गोपनीयता को लेकर चिंताएँ भी पैदा हुई हैं। पिछले 20 वर्षों में, लिव-इन रिलेशनशिप-जिसमें जोड़े बिना शादी किए एक साथ रहते हैं-भारतीय समाज और कानून में अधिक स्वीकार्य हो गए हैं। अतीत में भारतीय समाज पारंपरिक मूल्यों पर आधारित था और प्रतिबद्ध रिश्ते का एकमात्र स्वीकृत रूप विवाह था। लिव-इन पार्टनरशिप को अक्सर कलंकित माना जाता था तथा समाज द्वारा इसे नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता था। हालाँकि, वैश्वीकरण के प्रभाव और पश्चिमी संस्कृति के संपर्क में आने के कारण अब लिव-इन रिलेशनशिप को अधिक स्वीकार्य माना जाने लगा है। जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार (अनुच्छेद एस. ख़ुशबू बनाम) का उपयोग करते हुए, भारतीय अदालतों ने कई फैसलों में लिव-इन रिश्तों को मान्यता दी है। कन्नियाम्मल (2010) के अनुसार, लिव-इन पार्टनरशिप व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत आती है। सरमा, इंद्र वि। 3. के. वी. । सरमा (2013) : इसने घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 (पीडब्ल्यूडीवीए) के तहत विवाह जैसे दिखने वाले लिव-इन रिश्तों को मान्यता दी और उन्हें विभिन्न प्रकारों में वर्गीकृत किया। भारत के मुख्य न्यायाधीश ने रेखांकित किया है कि साथी चुनने और घनिष्ठ सम्बंध स्थापित करने की स्वतंत्रता संविधान के मुक्त भाषण और अभिव्यक्ति पर अनुच्छेद 19 (सी) के अंतर्गत आती है।

**- डॉo सत्यवान सौरभ**

# शिवराज सिंह का तेजस्वी यादव पर पलटवार

## पीएम मोदी अपने बंगले तक ही सीमित नहीं रहते

महानगर नेटवर्क

पटना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे से पहले राजनीतिक पारा गर्माया हुआ है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सिर्फ अपने बंगले तक सीमित नहीं रहते हैं, बल्कि लोगों के बीच जाते हैं। तेजस्वी ने पीएम के दौरे पर तंज कसते हुए कहा था कि दिल्ली में चुनाव खत्म हो गए हैं। अब बिहार में चुनाव हैं तो हर दिन कोई न कोई आएगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान रविवार को पीएम मोदी के दौरे की तैयारियों का जायजा लेने बिहार पहुंचे। पटना में मीडिया से बातचीत में उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने तेजस्वी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि तेजस्वी को पता होना चाहिए कि आज प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश जा रहे हैं, वहां कोई चुनाव नहीं है। कल वे बिहार आएंगे और फिर असम जाएंगे, वहां कोई चुनाव नहीं है। पीएम मोदी पहले की यात्राओं को भी देख लीजिए। वे अपने बंगले तक सीमित नहीं रहते हैं।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 से 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश, बिहार और असम का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 24 फरवरी को दोपहर करीब 2:15 बजे बिहार के भागलपुर पहुंचेंगे। यहां वे हवाई अड्डा मैदान में किसान रैली को संबोधित कर पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे और बिहार में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। बिहार में वे किसानों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी के तहत भागलपुर में उनके द्वारा कई प्रमुख पहल की जाएंगी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पीएम किसान योजना के तहत देश भर के 9.7 करोड़ से अधिक किसानों को 21,500 करोड़ रुपये से अधिक की प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता मिलेगी। प्रधानमंत्री मोतिहारी में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत निर्मित स्वदेशी नस्लों के लिए उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन करेंगे। यहां अत्याधुनिक आईवीएफ तकनीक से स्वदेशी नस्लों के उत्कृष्ट पशुओं का प्रजनन संभव होगा। इसके लिए किसानों और पशुपालकों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री बरौनी में दुग्ध उत्पाद संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। इससे तीन लाख दुग्ध उत्पादकों के लिए एक संगठित बाजार तैयार होगा।

कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी 526 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से वारिसलीगंज, नवादा, तिलैया रेल खंड के दोहरीकरण और इस्माइलपुर, रफीगंज रोड ओवर ब्रिज का भी लोकार्पण करेंगे।

# आज पीएम की रैली, सजा भागलपुर का हवाई अड्डा मैदान

महानगर नेटवर्क

भागलपुर

## कृषि उत्पादों के लगे स्टॉल




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर में प्रस्तावित किसान जनसभा की तैयारी लगभग पूरी हो गई है। भागलपुर के हवाई अड्डा मैदान में पीएम मोदी की जनसभा होगी। यहां पूरे बिहार से कृषि उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। इसकी निगरानी स्वयं कृषि विभाग के वरीय अधिकारी कर रहे हैं। प्रदर्शनी में आलू अनुसंधान केंद्र, पूसा, बीएयू के उत्पाद रहेंगे, तो स्थानीय किसानों के भी कुछ विशिष्ट कृषि उत्पादों को जगह मिलेगी। विशेष रूप से भागलपुर की कतरनी का स्टॉल भी रहेगा जिसका पीएम मुआयाना करेंगे। सभा में किसानों को अच्छी संख्या में लाने के लिए कृषि विभाग और एनडीए गठबंधन की ओर से भी प्रयास किए जा रहे हैं।

बिहार के कृषि मंत्री मंगल पाण्डेय भागलपुर में कैंप कर रहे हैं। वहीं राजस्व मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल भी भागलपुर में ही हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी दोपहर बाद भागलपुर पहुंचे। इधर प्रशासनिक स्तर से भी लगभग तैयारी पूरी हो चुकी है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। इस जनसभा में बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी रहेंगे। इसके अलावा बिहार के दोनों डिप्टी सीएम, केन्द्रीय मंत्री गिरीराज सिह, चिराग पासवान और ललन सिंह भी जनसभा में मौजूद रहेंगे।

# टीचर के बेटे की गोली मारकर हत्या

**सारण।** बिहार के सारण (छपरा) जिले में एक महिला टीचर के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात नगरा थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में शनिवार रात को हुई। बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने शिक्षिका के बेटे को सीने में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। आपसी रंजिश या जमीन विवाद में हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, इस हत्याकांड को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। बताया जा रहा है कि एक सप्ताह पहले ही शिक्षिका के बेटे को जान से मारने की धमकी मिली थी। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मृतक की पहचान रसूलपुर गांव निवासी शत्रुघ्न सिंह के बेटे सुमित कुमार उर्फ अंकुश के रूप में हुई है। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोग कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। ग्रामीणों के अनुसार शनिवार रात 9 बजे बाइक सवार तीन बदमाश आए।

# पीएम मोदी को पप्पू यादव ने जमकर कोसा

## कहा- इन मुद्दों पर चर्चा नहीं, बंद की चेतावनी दी



महानगर नेटवर्क

पूर्णिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 फरवरी को भागलपुर आने वाले हैं जहां 13 जिलों के किसानों से संवाद करेंगे। इससे पहले पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बंगलोर की तर्ज पर सीमांचल और कोसी में मक्का एवं मखाना की खरीददारी की मांग केंद्र सरकार से की है। उन्होंने कहा कि ऐसी व्यवस्था हो कि किसान अपने उत्पादन बेचने का काम नहीं करे बल्कि उत्पादन देने की बात करें। देश भर के लोग खरीददारी करने यहां आयें। कोसी और सीमांचल में मक्का का उत्पादन अधिक होता है, लेकिन मार्केटिंग की समुचित व्यवस्था नही होने से किसान ठगा महसूस करते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के भागलपुर दौरे से पहले पप्पू यादव ने कई सवाल पूछा है।

सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भागलपुर आ रहे हैं लेकिन भागलपुर का सिल्क उद्योग, भागलपुर का एयरपोर्ट, मुंगेर में संस्कृत महाविद्यालय, मुंगेर की बंदूक फैक्ट्री, जमालपुर में रेल कारखाना के बारे में कोई चर्चा क्यों नहीं की जा रही है। बिहार की विशेष पैकेज के लिए कोई चर्चा नहीं होती है। बिहार में चीनी का उत्पादन 48 प्रतिशत था जो अब 18 प्रतिशत हो गया है। बिहार में जूट मिल, चीनी मिल, फूड प्रोसेसिंग पर कोई चर्चा नहीं की जा रही है। कोरोना के बाद 1300 फैक्ट्री बंद हो गयी। चीनी मिल बंद हो गया है। चीनी मिल खोलने के लिए कोई योजना है या नहीं। बड़े बड़े फैक्ट्री भारत से निकल गये हैं। पप्पू यादव ने कहा है कि 250 रुपए प्रति बैग वाला यूरिया 400 प्रति बैग मिल रहा है। खाद नेपाल और बंगलादेश जा रहा है।

बिहार से सटे बंगलादेश एवं नेपाल दुश्मन बन गया है। पटना में केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना कब होगी। भागलपुर, रक्सौल एवं मुजफ्फरपुर में एयरपोर्ट कब बनेगा। 17 साल में सरकार अभी तक नदी से गाद नहीं निकाल पाई है। गाद नहीं निकाले जाने से बरसात में बाढ़ की विभीषिका से यहां के किसानों को काफी दिक्कत होती है।

# भाजपा आरक्षणखोर, आरक्षण चोर

## चंद्रवंशी समाज के मंच पर भाषण करते बहक गए तेजस्वी

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार में चुनावी डंका बजने से पहले सियासी चहल पहल जोरों पर है। नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा की तो तेजस्वी यादव ने कार्यकर्ता दर्शन कार्यक्रम रखा। एनडीए के दलों का संयुक्त सम्मेलन भी चल रहा है। सभी कार्यक्रमों एक बात कॉमन है कि अपने विरोधियों पर जुबानी हमला में कोई पीछे नहीं है। इस दौर में कई बार भाषाई मर्यादाएं भी टूट रही हैं। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव रविवार को एक कार्यक्रम में भाषण करते समय बहक गए। आरक्षण के मुद्दे पर बोलते समय उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेताओं को चोर कह दिया। मौका था पटना में चंद्रवंशी समाज के सम्मेलन का। तेजस्वी यादव को इसमें बतौर गेस्ट आमंत्रित किया गया था। जब नेता प्रतिपक्ष गए थे तो भाषण देना तो बनता था। डायस पर पहहुंचे तो



आत्मविश्वास झलकने लगा। बोलते बोलते आरक्षण पर आ गए। निशाने पर थी भारतीय जनता पार्टी। ऐसे बिहार में जातीय सर्वे के बाद आरक्षण का मुद्दा गर्म है। तेजस्वी यादव बताने लगे कि कैसे बीजेपी की वजह से पिछड़े समाज को घाटा हो रहा है। कहने लगे हम लोगों ने आरक्षण की सीमा को पचास से बढ़ाकर पैंसठ कर दिया। दस प्रतिशत EWS ऊपर से। लेकिन कोर्ट के आदेश पर फिर यह सीमा 50 परसेंट हो गई।

तेजस्वी ने समझाया कि अगर केंद्र की बीजेपी सरकार आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में डाल देती तो आरक्षण कोर्ट के फैसले से प्रभावित नहीं होता। नीचे से तालियां बजी तो उत्साह बढ़ गया। कहने लगे भाजपा के लोग आरक्षणखोर और आरक्षण चोर हैं। कहने लगे- हमलोग चाहते हैं कि अंतिम पायदान के लोग मुख्य धारा में आएं और उनका मान सम्मान बढ़े। लेकिन बीजेपी वाले नहीं चाहते कि गरीब गुरबा आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र शुरू होगा तो यह मुद्दा उठाएंगे।बीजेपी अगर आरक्षण चोर नहीं है तो तमिलनाडु की तर्ज पर बिहर में आरक्षण को संविधान की नौंवी अनुसूची में शामिल करेगी।

# महाकुंभ से लौट रहे डॉक्टर पिता-पुत्र समेत 3 लोगों की मौत



**भभुआ।** बिहार के कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र में चिलबिली स्थित आरओबी पर रविवार सुबह सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में जमुई जिला के हरनाहा चौक स्थित पटेल मोहल्ला निवासी 45 वर्षीय डॉ. महेश राय, इनकी 18 साल के बेटे अमित कुमार एवं बहन लखीसराय जिला के चानन थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गांव निवासी मीना देवी शामिल हैं। सभी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ से स्नान कर घर लौट रहे थे। तभी उनकी स्कॉर्पियो कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में जमुई निवासी स्कार्पियो चालक मोहम्मद कौशर, झारखंड के धनबाद जिला के सिकरी निवासी सूची देवी, लखीसराय जिला के एटा निवासी सोनी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस द्वारा सभी घायलों को पहले कुदरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, वहां के प्राथमिक उपचार के बाद भभुआ सदर अस्पताल में रेफर कर दिया।

# कुएं में तीन बच्चों के शव मिलने से समस्तीपुर में सनसनी

**समस्तीपुर।** बिहार के समस्तीपुर के मालीनगर गांव में रविवार को उस समय सनसनी मच गयी जब एक कुएं में तीन बच्चों की लाश मिली। तीनों बच्चे शनिवार की रात से गायब थे। पुलिस ने शक के आधार पर बच्चों की मां को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। घटना को लेकर इलाके में कई तरह की बातें कही जा रही हैं। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गयी है। डीएसपी विजय महतो ने जल्द कांड का उद्भेदन कर लेने का आश्वासन दिया है। चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर पंचायत वार्ड 8 मालीनगर गांव से शनिवार की रात से गायब तीन बच्चो का शव पुलिस ने बरामद किया है। वही संदेह के आधार पर बच्चे की माँ को हिरासत में लिया।

# 5 हजार लेकर दारोगा बोला- जो तय हुआ उतना दीजिए

## वीडियो वायरल होने पर एसपी ने किया सस्पेंड

**मोतिहारी।** बिहार के मोतिहारी में एक दारोगा का घूस लेते वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो पताही थाने के दारोगा अखिलेश कुमार सिंह का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने सख्त कार्रवाई की है। आरोपी दारोगा को तत्काल सस्पेंड कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि अखिलेश कुमार एक महिला से मारपीट और लूट-पाट कांड में मदद करने के लिए घूस ले रहा था। एसपी की कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि मामले की जांच पकड़ीदयाल एएसपी



को दी गई थी। रिपोर्ट के आधार पर आरोपित दारोगा अखिलेश कुमार सिंह को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उक्त दारोगा पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश पताही थानाध्यक्ष को दिया है। हालांकि वायरल वीडियो के सत्यता की पुष्टि लाइव हिन्दुस्तान नहीं करता है।

वायरल वीडियो में पताही थाने के एक केस में मदद के लिए महिला से तय राशि मांगी जा रही है। दारोगा तय राशि ही लेने की बात कह रहा है।

# RJD सरकार में बिहार में ही काम मिलेगा

## लालू के ट्वीट पर JDU का पलटवार- अपहरण उद्योग लगाएंगे

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य में अभी से सियासी सरगर्मी तेज है। एक तरफ नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए 225 सीटों पर विजय हासिल कर सरकार बनाने का दावा कर रही है तो दूसरी ओर बेटे तेजस्वी यादव को सीएम बनाने के लिए राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव लगातार बैटिंग कर रहे हैं। तेजस्वी की माई बहिन योजना के बाद लालू यादव ने बिहार की जनता के सामने बड़ा लॉलीपॉप पेश किया है। उन्होंने कहा है कि राजद की सरकार बनी तो नौकरी रोजगार के लिए किसी को भी बिहार से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने इस पलटवार



में कहा है कि राजद सुप्रीमो अपनी जगहंसाई करा रहे हैं।

लालू यादव ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट डाला। उसमें लिखा है कि श्रमिकों का बल, राष्ट्रीय जनता दल। राजद सरकार बनने पर बिहारवासियों को काम के लिए अन्य राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। बिहार में उद्योग-धंधे स्थापित कर, रोजगार सृजित कर अपने घर-प्रदेश में हर हाथ को काम दिया जाएगा। पलायन को रोका जाएगा। पहले भी लालू प्रसाद अपने बेटे तेजस्वी यादव की सीएम बनाने की जनता से कई बार अपील कर चुके हैं। उन्हें पार्टी में निर्णायक की भूमिका में रखा गया है। लालू के पोस्ट में तेजस्वी का एक प्रोमो वीडियो भी डाला गया है।

लालू के पोस्ट को जेडीयू ने हास्यास्पद करार दिया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि लालू प्रसाद ऐसा वादा करके अपनी जगहंसाई करवा रहे हैं। राजद जब पावर में आएगी तो अपहरण और फिरौती का उद्योग लगाएंगे। उन्होंने कहा कि लालू परिवार की पोल उनके साले सुभाष यादव ने ही खोल दी लेकिन पिता पुत्र दोनों चुप हैं। अगर बात गलत है तो कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं करते।

व्यापार

# पीएम मोदी आज जारी करेंगे 19वीं किस्त

**नई दिल्ली।** कल यानी 24 फरवरी को किसानों के बैंक अकाउंट में पैसे आने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इस दौरान देश के करीब 10 करोड़ किसानों को 22 हजार करोड़ रुपये की रकम ट्रांसफर की जएगी। इनमें 2.41 करोड़ महिला किसान भी शामिल हैं। यह पैसा सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में जाएगा। पीएम मोदी कल बिहार के दौरे पर होंगे। वह बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना से किसानों को आर्थिक मदद मिलती है। यह योजना किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस योजना के तहत हर किसान के अकाउंट में दो हजार रुपये की रकम आती है।

# केंद्रीय कर्मचारियों को मिलेगा होली का तोहफा!

## DA बढ़ोतरी का हो सकता है ऐलान

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

8वां वेतन आयोग भले ही अगले साल लागू होने की उम्मीद है, लेकिन केंद्र सरकार के कर्मचारियों को मौजूदा 7वें वेतन आयोग के तहत कम से दो डीए बढ़ोतरी मिलेगी। आगामी डीए बढ़ोतरी, जो 1 जनवरी, 2025 से प्रभावी होगी। मार्च में होली के आसपास घोषित होने की उम्मीद है। हालांकि, इस पर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। डीए बढ़ोतरी, जिसे साल में दो बार (जनवरी और जुलाई से प्रभावी) घोषित किया जाता है, महंगाई दर के अनुसार केंद्र सरकार




के कर्मचारियों के घर ले जाने वाले वेतन को बढ़ाती है। अक्टूबर 2024 में पिछली डीए बढ़ोतरी में, केंद्र सरकार के कर्मचारियों को 1 जुलाई, 2024 से 3 प्रतिशत की डीए बढ़ोतरी मिली थी। बढ़ोतरी के बाद, डीए मूल वेतन के 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया था। पेंशनभोगियों को भी महंगाई राहत में इतनी ही बढ़ोतरी मिली। कर्मचारी संघ की उम्मीदों के मुताबिक, केंद्र सरकार इस बार मार्च 2025 में होली के आसपास कर्मचारियों के लिए 3-4 फीसदी डीए बढ़ोतरी की घोषणा कर सकती है। इस डीए बढ़ोतरी पर, प्रवेश स्तर के केंद्र सरकार के कर्मचारी का वेतन, जिसका मूल वेतन लगभग 18,000 रुपये प्रति माह है, 1 जनवरी, 2025 से 540-720 रुपये प्रति माह की सीमा में वृद्धि होगी।

# 'सात परियोजनाओं के लिए मिले 75 करोड़ डॉलर'

## वित्त मंत्रालय ने कहा- कोई प्रोजेक्ट चुनाव से जुड़ा नहीं

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) फंडिंग विवाद के बीच वित्त मंत्रालय ने बड़ा खुलासा किया है। वित्त मंत्रालय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में अमेरिकी एजेंसी ने 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सात परियोजनाओं की फंडिंग की। लेकिन इसमें से कोई भी परियोजना चुनाव या मतदान बढ़ाने से जुड़ी नहीं है। वित्त मंत्रालय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि मौजूदा समय में भारत सरकार के साथ साझेदारी के तहत अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) ने सात परियोजनाओं के लिए



75 करोड़ अमेरिकी डॉलर की फंडिंग की है। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की सात परियोजनाओं के तहत एजेंसी द्वारा कुल 97 मिलियन अमरीकी डालर (लगभग 825 करोड़ रुपये) का दायित्व बनाया गया है।

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने रिपोर्ट में परियोजनाओं की जानकारी भी दी है। इसके तहत अमेरिकी एजेंसी ने कृषि और खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम, जल, सफाई एवं स्वास्थ्य, नवीकरणीय ऊर्जा, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य से जुड़ी परियोजनाओं के लिए फंडिंग की। जबकि मतदान बढ़ाने या चुनाव से जुड़ी कोई फंडिंग नहीं की गई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एजेंसी ने वन एवं जलवायु अनुकूल कार्यक्रम और ऊर्जा दक्षता प्रौद्योगिकी व्यवसायीकरण और नवाचार परियोजना के लिए फंडिंग करने का वादा किया है। 1951 में भारत को अमेरिका से मदद मिलनी शुरू हुई थी। यूएसएआईडी की ओर से अब तक भारत को 555 परियोजनाओं के लिए 1700 करोड़ रुपये की मदद मिल चुकी है।

# मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने मुंबई में किया विस्तार

महानगर नेटवर्क

मुंबई



मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने गोरेगांव (वेस्ट) स्थित बांगुर नगर में अपने नवीनतम शोरूम के उद्घाटन की घोषणा की है. करीब 5000 वर्गफुट में फैला यह शानदार स्टोर गोरेगांव का सबसे बड़ा ज्वेलरी शोरूम बनने जा रहा है. जगह की उपलब्धता से ग्राहकों को गहनों की खरीद का बेहतरीन अनुभव मिलेगा. इस स्टोर के इंटीरियर्स में भी काफी जगह है और यहां पार्किंग के लिए भी पर्याप्त स्थान है. इस शोरूम में ग्राहकों को प्रीमियम एक्सपीरियंस देने के लिए कई तरह के प्रयास किए गए हैं. इन प्रयासों के तहत विशेष लाउंज बनाए गए हैं और इन-हाउस डायमंड एक्सपर्ट भी ग्राहकों की मदद के लिए मौजूद हैं. इसके अलावा डिजाइन और कलेक्शन की एक विस्तृत रेंज भी मौजूद है. यह उपलब्धि दिखाती है कि ब्रांड भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए लगातार प्रतिबद्ध है. यह शोरूम महाराष्ट्र में मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का 29वां आउटलेट है. इससे क्षेत्र में ब्रांड ने अपनी लीडरशिप पोजिशन को और मजबूत कर लिया है. इस शोरूम का उद्घाटन गोरेगांव विधानसभा की विधायक विद्या जयप्रकाश ठाकुर ने किया. इस अवसर पर वेस्ट जोन के रीजनल हेड फंजीम अहमद, मैनेजमेंट टीम के सदस्य, ग्राहक और अन्य लोग उपस्थित रहे.

मलागार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने इस महत्वपूर्ण मौके पर अपने एक बयान में कहा, हमें मुंबई में अपने नए शोरूम के उद्घाटन की घोषणा करते हुए काफी खुशी हो रही है. यह शहर अपने लार्जर दैन लाइफ लोगों और भव्य लाइफस्टाइल के लिए जाना जाता है.

# अडानी समूह ने बीते वित्त वर्ष में चुकाया 58104 करोड़ का कर

## पाक-बांग्लादेश में प्रत्यक्ष व्यापार बहाल

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद/ढाका।** अदाणी समूह की कंपनियों ने वित्त वर्ष 2023-24 में 58,104 करोड़ रुपये का कर चुकाया है। समूह ने वित्त वर्ष 2022-23 में 46,610 करोड़ रुपये का कर्ज चुकाया था। अदाणी समूह ने बताया कि भुगतान किए गए करों में वैश्विक कर, शुल्क और अदाणी पोर्टफोलियो की कंपनियों की ओर से वहन किए गए अन्य शुल्क, अन्य हितधारकों की ओर से जुटाए व भुगतान किया गया अप्रत्यक्ष कर योगदान व शुल्क




और कर्मचारियों के लाभ के लिए सामाजिक सुरक्षा योगदान शामिल हैं। दरअसल, अरबपति गौतम अदाणी की अगुवाई वाले समूह ने वित्त वर्ष 2023-24 (अप्रैल, 2023 से मार्च, 2024) के लिए अपनी कर पारदर्शिता रिपोर्ट जारी की है। समूह की सात सूचीबद्ध कंपनियों अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन, अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अदाणी पावर, अदाणी टोटल गैस और अंबुजा सीमेंट्स की ओर से प्रकाशित स्वतंत्र रिपोर्टों में इसकी जानकारी दी गई है। इस आंकड़े में तीन अन्य सूचीबद्ध कंपनियों एनडीटीवी, एसीसी और सांघी इंडस्ट्रीज द्वारा चुकाया गया कर भी शामिल है।

# फरवरी में शेयर बाजार से निकले 23,710 करोड़ रुपए

**मुंबई।** पिछले काफी समय से शेयर बाजार में लगातार गिरावट का दौर जारी है। विशेषज्ञों का मानना है कि, बाजार में लगातार हो रही गिरावट के पीछे की वजह विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा लगातार की जा रही पैसे के निकासी है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजार से 23,710 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। इस तरह 2025 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयरों से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक निकाल चुके हैं।

डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (21 फरवरी तक) भारतीय शेयरों से 23,710 करोड़ रुपये निकाले हैं। जबकि पिछले जनवरी में उन्होंने 78,027 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। साल 2025 में अबतक एफपीआई 1,01,737 करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके हैं। इतनी जबरदस्त बिकवाली के चलते निफ्टी ने भी चार प्रतिशत का नकारात्मक रिटर्न दिया है।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# महाकुंभ भी स्टार्टअप की दुनिया का यूनिकॉर्न : योगी

## 62 करोड़ श्रद्धालुओं का पहुंचना दुर्लभतम घटना

महानगर संवाददाता

आगरा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं और एक निश्चित कालखंड के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है। आगरा में 'यूनिकॉर्न कंपनीज कॉन्क्लेव' (यूनिकॉर्न कंपनियों का सम्मेलन) में मुख्यमंत्री योगी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा, 'मैं इसे स्टार्टअप की दुनिया का यूनिकॉर्न महाकुंभ कह सकता हूं। इस समय महाकुंभ के प्रति आकर्षण है।'



उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है। आज जब मैं ब्रज भूमि में आया हूं जिसके पीछे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि रही है। लंबे काल खंड से इसने भारत की सभ्यता और संस्कृति को प्रभावित किया है। योगी ने कहा कि कल ही प्रयागराज से आया और आज इस 'कॉन्क्लेव' के बाद मुझे पुनः प्रयागराज पहुंचना है।' मुख्यमंत्री योगी ने महाकुंभ में इस बार आने वाले श्रद्धालुओं की चर्चा करते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं। योगी ने कहा कि मुझे लगता है कि दुनिया के अंदर किसी भी आयोजन (चाहे वह आध्यात्म से जुड़ा हो या किसी भी तरह के पर्यटन से संबंधित हो) में एक निश्चित कालखंड के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना और उस आयोजन के साथ एकजुट होना, अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है।

## सरकारी कार्यालयों व भवनों में स्मार्ट मीटर लगाए जाने का आदेश



महानगर संवाददाता

लखनऊ

उत्तर प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों एवं भवनों में स्मार्ट मीटर लगाने का आदेश जारी कर दिया गया है। अभी तक मौखिक आदेश के तहत मीटर लगाए जा रहे थे। पावर कॉर्पोरेशन का दावा है कि अब तक करीब 2000 से अधिक भवनाओं में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य को 31 मार्च तक पूरा किया जाना है। अभी तक इस मामले में जारी कार्य की प्रगति काफी धीमे हैं। ऐसे में सरकारी कार्यालयों व भवनों में स्मार्ट मीटर लगाने के काम को तय समय सीमा में पूरा करने का आदेश जारी किया गया है।

## महाकुंभ में स्नान को लेकर अखिलेश ने सरकार पर कसा तंज

# मैंने गंगा में स्नान किया अब किससे धुलवाएंगे

महानगर संवाददाता

कानपुर

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को कानपुर के एक निजी कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए योगी सरकार को घेरा। सपा चीफ अखिलेश ने कानपुर से बात शुरू की और फिर महाकुंभ, रोजगार, बजट के साथ महाकुंभ में स्नान को लेकर सरकार पर तंज भी कसा। अखिलेश ने कहा सरकार मेरे स्नान करने पर मुझे घेर रही है, सब तो उसने धुलवा दिया मंदिर धुलवाया, सीएम आवास धुलवाया अब मैंने गंगा में स्नान किया अब गंगा किससे धुलवाएंगे। जब कन्नौज में मंदिर में गया तो मंदिर धो दिया, मुख्यमंत्री आवास को धो दिया। उन्होंने कहा




कि कानपुर बने कामपुर, कानपुर लाखों लोगों को रोजगार देता था। अखिलेश ने कहा सरकार ने न पिछले बजट में और न ही इस बजट में कानपुर को कुछ दिया। कानपुर पावर प्लांट को हमने खुलवाया था जो देश की अर्थ व्यवस्था में कारगर है। कानपुर आते समय देखा यहां गंगा का पानी सूख गया, मई-जून में क्या होगा पता नहीं यहां बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं। आगरा में मुख्यमंत्री गए हुए हैं यहां गंगा सूख गई, वहां यमुना सूख जाएगी। सपा चीफ अखिलेश ने कहा त्रिवेणी की शुद्धता पर सेंट्रल और स्टेट का प्रदूषण बोर्ड लड़ रहा है।

## भारत को आर्थिक शक्ति बनाने के लिए निवेश पर दिया जा रहा जोर : चौधरी

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि किसानों के विकास के बिना भारत का विकास अधूरा है। किसान क्रेडिट कॉर्ड की सीमा 3 से 5 लाख कर दी गई है। केंद्र सरकार ने अपने बजट में किसानों के हित में कई एलान किए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रविवार को मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत को आर्थिक शक्ति बनाने के लिए निवेश बढ़ाने पर जोर दिया गया है। भारत को निर्यात का हब बनाने की योजनाओं को बजट में शामिल किया गया है। देश में करदाताओं को और मध्यम वर्ग को बड़ा लाभ दिया गया है। बजट में भी हम सबका साथ सबका विकास की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## वाराणसी में रोपवे के निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट की रोक



महानगर संवाददाता

वाराणसी

सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी में बन रहे रोपवे के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने यह आदेश तीन महिलाओं की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। याचिका में आरोप लगाया गया कि उनकी जमीन अधिग्रहण किए बगैर ही रोपवे का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और संजय करोल की पीठ ने इस मामले में सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद संबंधित प्राधिकार को रोपवे के निर्माण को यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। दूसरे शब्दों में निर्माण कार्य जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में रहे और आगे कोई निर्माण न हो। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही, मामले में नोटिस जारी कर संबंधित पक्षकारों को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। पीठ ने मामले की सुनवाई अप्रैल 2025 तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता रोहित अमित स्थालेकर के जरिए दाखिल मनसा सिंह सहित तीन महिलाओं की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दाखिल अपील पर यह अंतरिम आदेश पारित किया।

# महाकुंभ के चलते प्रयागराज, अयोध्या और काशी में भारी भीड़

महानगर संवाददाता

प्रयागराज

महाकुंभ 2025 में तीन दिन बचे हैं। इसके मद्देनजर महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी है। मेला 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुंभ प्रयागराज के साथ अयोध्या में रामलला और वाराणसी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अयोध्या के कमिश्नर गौरव दयाल ने कहा, "महाकुंभ में बड़ी संख्या में लोग प्रयागराज पहुंच रहे हैं। अयोध्या में भी बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। हम लोगों को अयोध्या में नियमित अंतराल पर



आने देते हैं ताकि भीड़भाड़ न हो। पर्याप्त संख्या में होल्डिंग एरिया और पार्किंग का इस्तेमाल किया जा रहा है ताकि कहीं पर भी अव्यवस्था न हो। अभी तक व्यवस्था ठीक चल रही है। महाशिवरात्रि के दिन और उसके अगले दिन थोड़ी ज्यादा भीड़ बढ़ सकती है। हम उसके लिए भी तैयारी कर रहे हैं। उधर, सीएम योगी आदित्यनाथ ने आगरा में यूनिकॉर्न कम्पनीज के कॉन्क्लेव को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारा युवा अब जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब क्रियेटर बनेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश वर्तमान में खाद्यान्न उत्पादन में देश में नंबर-01 पर है। गन्ना उत्पादन में, चीनी उत्पादन में, एथेनॉल उत्पादन में नंबर-01 पर है। डिजिटल कुंभ के माध्यम से हम लोगों ने अब तक 28,000 से अधिक लोगों को डिजिटल खोया-पाया केंद्र के माध्यम से उनके घर वालों से मिलवाने का काम किया है। हमारा युवा अब जॉब सीकर नहीं बल्कि जॉब क्रियेटर बनेगा।

## विपक्ष के पास बजट की आलोचना के लिए कोई मुद्दा नहीं : केशव प्रसाद मौर्य



सहारनपुर

महानगर संवाददाता

सहारनपुर

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट देश को विकसित भारत बनाने का बजट है। इस बजट से देश 2029 तक दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 25 करोड़ जनता को गरीबी के दलदल से बाहर निकाला है। विपक्ष के पास बजट की आलोचना का कोई मुद्दा नहीं है। विपक्ष वहीं पुराने घिसे-पीटे शब्दों से बजट की आलोचना कर रहा है। जनमंच सभागार में केंद्रीय बजट पर हुई संगोष्ठी में केशव प्रसाद मौर्य बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के बजट में विकसित भारत और विकसित प्रदेश का संकल्प रखा है। जब भारत विकसित होगा, तो प्रदेश भी विकसित होगा। गुजरात से निकले विकास मॉडल को आज दुनिया के विकासशील देश भी अपना रहे हैं। प्रधानमंत्री की मंशा है कि दुनिया की हर टेबल पर भारत के किसानों के उत्पाद हों। हमने ना सिर्फ किसानों की आय को दोगुना



करने का संकल्प लिया है, बल्कि देश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए भी बजट में प्रावधान किए हैं। स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए भी बजट में राशि का आवंटन किया गया है। शहर से लेकर गांव तक के विकास की योजनाओं की घोषणा बजट में की गई है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में देशभर से 60 करोड़ से अधिक लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है। यह प्रदेश में कानून के राज की गारंटी है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सहारनपुर में पहले जहां चार से आठ घंटे बिजली आती थी, भाजपा सरकार में 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश के विकास के लिए हर जिले में पांच हजार उद्योगों की स्थापना की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को भ्रष्टाचार मुक्त भारत बनाने के लिए कृत संकल्प हैं। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है, उन्हें जेल भेजा जा रहा है।

## माफिया अतीक अहमद के ड्राइवर ने किया सुसाइड

महानगर संवाददाता

प्रयागराज

तकरीबन 2 साल पहले मौत के घाट उतारे जा चुके माफिया अतीक अहमद के ड्राइवर ने खुदकुशी की है। अतीक अहमद और उसके परिवार के ड्राइवर रहे आफाक अहमद ने ट्रेन के आगे कूद कर खुदकुशी किया है। बताया जाता है कि ड्राइवर आफाक का बेटा अरबाज प्रयागराज के चर्चित उमेश पाल शूटआउट केस में शामिल था। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया है कि आफाक अहमद का नाम चर्चित उमेश पाल हत्याकांड में था। लेकिन वह लंबे वक्त से फरार चल रहा था। अब



रविवार को उसने सुसाइड कर लिया है। जबकि दो साल पहले अतीक अहमद की गोली मारकर हत्या की जा चुकी है। वहीं पुलिस ने अतीक के बेटे अरबाज को एनकाउंटर में मार गिराया था। इस मामले में आफाक से भी पूछताछ की गई थी। लेकिन अब कुसुवां रेलवे क्रॉसिंग के पास मालगाड़ी के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली है। आफाक पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सलाहपुर गांव का रहने वाला था। खुदकुशी की वजह अभी साफ नहीं है।

### दोनों की पत्नी फरार

गौरतलब है कि साल 2023 में प्रयागराज में हुए चर्चित उमेश पाल हत्याकांड में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद को आरोपी बनाया गया था। हालांकि पूछताछ के दौरान प्रयागराज में ही दोनों की पुलिस के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दोनों की पत्नियां भी आरोपी हैं हालांकि वो तभी से फरार चल रही हैं।

## वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरुकता से बढ़ेगी आय: राधेश्याम सिंह

**गोरखपुर।** राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त राधेश्याम सिंह ने कहा कि गन्ना किसानों को वैज्ञानिक विधि से गन्ना की खेती करने के लिए प्रोत्साहित और प्रशिक्षित करना आवश्यक है। ऐसे करने से न केवल गन्ने की उपज बढ़ाने में मदद मिलेगी, बल्कि गन्ना किसानों को ज्यादा लाभ भी मिलेगा। शनिवार को उन्होंने उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच से गोरखपुर-बस्ती-आजमगढ़ मंडल के 50 गन्ना किसानों के अध्ययन दल को हरी झंडी दिखाकर 9 दिवसीय पश्चिम उत्तर प्रदेश की अध्ययन यात्रा के लिए रवाना किया।

## सांसद बर्क को 7 मार्च तक राहत

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को बिजली चोरी मामले में मोहलत मिली है। अब उन्हें सात मार्च को उपस्थित होकर अपने साक्ष्य उपलब्ध कराने होंगे। अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग नवीन गौतम ने बताया कि सपा सांसद को साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए सात फरवरी तक तिथि तय थी। अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग ने बताया कि उन्होंने आगे की तिथि मांगी, जिसे बढ़ाकर 7 मार्च कर दिया गया है। अब उन्हें 7 मार्च को उपस्थित होना है। अगर वह साक्ष्य उपलब्ध कराते हैं तो उस पर समीक्षा होगी। अगर उपस्थित नहीं होते, तो चार्ज बना होगा, उसी पर



अमल होगा। 17 दिसंबर 2024 को संभल के सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के दीपा सराय स्थित आवास पर बिजली विभाग की टीम ने स्मार्ट मीटर लगाया था, जबकि 19 दिसंबर को बिजली विभाग ने उनके घर का बिजली लोड चेक किया था, इस पर बिजली विभाग ने पाया कि सपा सांसद के घर पर चार किलोवाट के कनेक्शन पर 16 किलोवाट से अधिक का लोड है।

## योग कर रहे स्कूल प्रबंधक का सिर धड़ से अलग

**जालौन।** यूपी के जालौन में बेहद दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया गया है। यहां तीन स्कूलों के संचालक की सरेराह धड़ से गला अलग कर मौत के घाट उतार दिया गया। वारदात को उस समय अंजाम दिया गया जब स्कूल प्रबंधक योग कर रहे थे। योग के लिए जैसे ही उन्होंने अपना सिर झुकाया, धारदार हथियार से वार कर दिया गया। घटना रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलउवा में हुई है। वारदात की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती छानबीन में हत्या की वजह प्रबंध समिति चुनाव को लेकर विवाद बताया जा रहा है। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलउवा निवासी 68 वर्षीय विद्याराम जाटव रोक की तरह घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसके बाद वह गांव के बाहर प्राइमरी स्कूल के पास नाले पर बनी पुलिया में योग कर रहे थे। इसी दौरान योग के लिए झुकते ही उनकी गर्दन पर धारदार हथियार से प्रहार कर सिर को धड़ से अलग कर दिया गया। उनका सिर नीचे लुढ़क गया और धड़ पुलिया पर ही योग की मुद्रा में रह गया। ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी तो हड़कंप मच गया। पुलिस फोर्स के साथ ही फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच की। लोगों ने बताया कि मारे गए विद्याराम जाटव के तीन स्कूल सेवा निकेतन विद्यालय, भीमराव जूनियर हाईस्कूल स्कूल, भीमराव जूनियर इंटर कालेज संचालित होते हैं।

## भीड़ संभालने को अयोध्या धाम स्टेशन में लगीं तीन सुरक्षा एजेंसियां

**अयोध्या।** अयोध्या धाम जंक्शन पर भीड़ नियंत्रण के लिए तीन सुरक्षा एजेंसियों को तैनात किया गया है। पहले से आरपीएफ और जीआरपी की मौजूदगी थी लेकिन दिल्ली हादसे के बाद अब एक कंपनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को भी लगाया गया है। क्योंकि प्रयागराज से स्नान कर अयोध्या आने और यहां से वापस गन्तव्य तक जाने के लिए ज्यादातर श्रद्धालु रेल मार्ग का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे स्टेशन परिसर में 24 घंटे भीड़ का दबाव रहता है। इसलिए रेलवे की ओर से यह सुरक्षा के इंतजाम किये गए हैं। प्रयागराज मेला शुरू होने के पहले स्टेशन परिसर में सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं।

## बाराबंकी में सात साल की बच्ची को कुत्तों ने नोंचा, मौत

महानगर संवाददाता

बाराबंकी

बाराबंकी जिले के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव में सात की मासूम बच्ची महक को खूंखार कुत्तों ने नोंच कर मार डाला। गंभीर हालत में बच्ची को जिला अस्पताल से लखनऊ के लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। बच्ची के पूरे शरीर पर गहरे जख्म थे, उसकी सांस नली भी कट गई थी। इलाज के दौरान मासूम की मौत हो गई। जहांगीराबाद के हजरतपुर गांव निवासी सुनील कुमार गौतम राजगीर का काम करते हैं। इनकी दो संतानों में सात साल की महक व चार साल का पुत्र शौर्य है। परिजनों के अनुसार शुक्रवार शाम महक घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी दौरान सात-आठ आवारा कुत्ते



पहुंच गए। इन्हें देख कर बच्ची डर कर भागी तो कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। इस दौरान अन्य बच्चे तो किसी तरह जान बचाकर भाग निकले, लेकिन महक को कुत्तों ने दबोच लिया। मासूम चीखती रही और खूंखार कुत्ते उसके शरीर को नोचते रहे। बच्ची की चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और कुत्तों को खदेड़ कर बच्ची को बचाया। गंभीर हालत में परिजन बच्ची को लोहिया अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान मासूम ने दम तोड़ दिया।

# महाकुंभ पर आपत्तिजनक कमेंट करने वाले पर FIR दर्ज

महानगर संवाददाता

आजमगढ़

### स्नान करती महिलाओं की फोटो भी किए थे शेयर

जिले के पवई थाना में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर महाकुंभ के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी की और स्नान करती महिलाओं व लड़कियों की फोटो शेयर की। पुलिस इस मामले में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। पवई थाना के उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार यादव ने 21 फरवरी को पवई कस्बा निवासी कादिर आजमी नाम के शख्स के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। आरोप है कि कादिर आजमी नाम के सोशल मीडिया यूजर ने महाकुंभ में



स्नान कर रही महिला व लड़कियों की फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर कर आपत्तिजनक कमेंट किए और महाकुंभ पर भ्रामक वीडियो पोस्ट किए। पुलिस का कहना है कि यह पोस्ट सोशल मीडिया पर हिंदू आस्था को भड़काने और महिलाओं पर कमेंट करने के लिए की गई थी। इसके मद्देनजर कादिर आजमी नाम के व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश जारी है।

### पुलिस सोशल मीडिया की कर रही है निगरानी

इस मामले पर एसपी हेमराज मीणा ने बताया कि पुलिस सोशल मीडिया पर ऐसी गतिविधियों की निगरानी कर रही है। साथ ही ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है जो सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। एसपी हेमराज मीणा ने यह भी कहा कि लोगों को इस तरह की पोस्ट से बचना चाहिए, जो भी इस तरह की घटना लिप्त होगा।

# माओवादी कनेक्शन : NIA करेगी BHU के पूर्व छात्र से पूछताछ

महानगर संवाददाता

कुशीनगर

नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) बीएचयू से तीन साल पहले लिंग्विस्टिक विषय में एमए करने वाले विनय कुमार शर्मा से पूछताछ करेगी। विनय को कुशीनगर के पटहेरवा थाने में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। जांच एजेंसी के मुताबिक माओवादियों से संबंध और संपर्क से संबंधित जांच आगे बढ़ाई जा रही है। विनय बीएचयू के भगत सिंह छात्र मोर्चा का अध्यक्ष रह चुका है। फिलहाल, बनारस में स्टूडेंट एक्टिविस्ट और सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहा है। एनआईए के मुताबिक, इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह



चौहान की मौजूदगी में विनय से पूछताछ की जाएगी। एनआईए ने दिसंबर 2024 में पहली बार नेशनल रीजनल ब्यूरो (एनआरबी) के 5 राज्यों के 10 स्थानों को संदिग्ध बताया था। इनमें यूपी के आजमगढ़ और बिहार के पटना की 1-1 लोकेशन, पंजाब में पटियाला व श्री मुक्तार साहिब में दो स्थान, हरियाणा में मानेसर और गुरुग्राम में कुल चार स्थान और दिल्ली में दो स्थान शामिल थे। ऐसे ही मामले में विनय से पूछताछ की जानी है। छात्रों ने कहा- भीमा कोरेगांव जैसा बन रहा केस: बीएचयू में भगत सिंह छात्र मोर्चा से जुड़े छात्रों ने पूछताछ पर सवाल उठाया।

### नोटिस जारी कर कहा - इस केस से परिचित ही होंगे

एनआईए के पुलिस इंस्पेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह चौहान के नाम से एक नोटिस जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि एक पुराने केस से आप परिचित ही होंगे। इसकी जांच की जा रही है। इसी मामले में 23 फरवरी को कुछ सवालों के जवाब देने के लिए कुशीनगर के पटहेरवा थाने में उपस्थित होना होगा। उपस्थिति सुबह 10 बजे तक हो जाए। विनय मूल रूप से कुशीनगर का ही रहने वाला है।

## ग्रीनपार्क की सूरत संवारने के लिए डिजाइन का चयन

**कानपुर।** कानपुर में ग्रीनपार्क की दर्शक क्षमता बढ़ाने व ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए यूपीसीए ने एजेंसियों से डिजाइन मांगे थे। इस पर 20 एजेंसियों ने अपने-अपने डिजाइन सौंपे हैं। इसमें से पांच श्रेष्ठ डिजाइन का चयन किया है। अब जल्द ही मंडलायुक्त के साथ बैठक कर इन पर चर्चा कर डिजाइन को फाइनल करने के लिए शासन को भेजा जाएगा। जहां शासन इसे हरी झंडी दिखाते हुए बजट जारी करने के साथ एजेंसी को कार्य सौंपेगी। ग्रीनपार्क में सितंबर 2024 में भारत-बांग्लादेश के बीच बारिश से कई खामियां उजागर हुई थीं। इसके बाद खेल विभाग ने ग्रीनपार्क को नया रूप देने के लिए हाथ मिलाया था।

## राहुल गांधी पर भड़के आकाश आनंद, बोले

# फोटो खिंचवाकर दलितों के हितैषी नहीं बन सकते

महानगर संवाददाता

लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेशनल कोआर्डिनेटर और पार्टी प्रमुख मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने उदित राज के बहाने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कांग्रेस पर बहुजन मूवमेंट के अपमान का आरोप लगाते हुए उदित राज को पार्टी से बाहर करने की मांग की। आकाश आनंद ने यहां तक कहा कि संसद में शोर करने और दलित छात्रों के साथ फोटो खिंचवाने से राहुल गांधी दलितों के हितैषी नहीं बन सकते हैं। उन्हें बाबासाहेब का अपमान करने वाले इस अवसरवादी नेता को तत्काल पार्टी से बाहर करना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में आकाश आनंद



ने लिखा- 'कांग्रेस के ये नेता जी बहुजन मूवमेंट का लगातार अपमान कर रहे हैं। करोड़ों दलितों, शोषित, वंचित, अल्पसंख्यक समाज का स्वाभिमान जगाने वाले, संविधान शिल्पी बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी क्या कांग्रेस की मेहरबानी की वजह से पूज्यनीय हैं? पहले आदरणीय बहन कु. मायावती जी का गला घोंटने की धमकी देने के बाद कांग्रेस के इस राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बाबासाहेब के योगदान पर जो अशोभनीय टिप्पणी की है उससे जाहिर होता है कि बाबा साहेब के प्रति कांग्रेस पार्टी और उसके नेतृत्व के कैसे विचार हैं।' उन्होंने लिखा- 'संसद में शोर करने और दलित छात्रों के साथ फोटो खिंचवाने से श्री राहुल गांधी दलितों के हितैषी नहीं बन सकते हैं।'

### उदित राज ने दिया था विवादित बयान

बता दें कि हाल ही में कांग्रेस नेता उदित राज ने बसपा प्रमुख मायावती को लेकर विवादित बयान दिया था। इसके बाद आकाश आनंद ने यूपी पुलिस से उनके खिलाफ केस दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की थी। इस विवाद के बीच उदित राज ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर दावा किया है कि उनकी जान को खतरा है। उन्होंने दिल्ली पुलिस से आकाश आनंद और उनके समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसी दौरान आकाश आनंद ने एक बार फिर 'एक्स' पर पोस्ट कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी को निशाने पर लिया है।

# महिला दिवस पर नई पहल करेंगे पीएम मोदी




महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

हर महीने की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए देश को संबोधित किया। इस मन की बात में उन्होंने युवाओं और नारी शक्ति की बात की। उन्होंने महिला दिवस पर एक नई पहल का भी ऐलान किया। उन्होंने इसरो और स्पेस सेक्टर को लेकर कहा, इसरो की सफलताओं का दायरा काफी बड़ा रहा है। दूसरे देशों के बहुत सारे सैटलाइट्स इसरो भेज चुका है। एक बड़ी बात यह भी रहा है कि स्पेस साइंटिस्ट की हमारी टीम में नारी शक्ति की भागेदारी लगातार बढ़ रही है। मुझे यह देखकर खुशी होती है कि आज स्पेस सेक्टर युवाओं के लिए पसंदीदा है। कुछ समय पहले तक किसी ने इस सेक्टर में प्राइवेट सेक्टर और स्टार्टअप के बारे में नहीं सोचा है। युवाओं के लिए स्पेस सेक्टर बेहतरीन ऑप्शन बन रहा है। आने वाले कुछ ही दिनों में नेशनल साइंस डे मनाने जा रहे हैं। हमारे बच्चों और युवाओं का साइंस में इंटरेस्ट और पैशन होना बहुत मायने रखता है। इसे लेकर मेरे पास एक विचार है जिसे आप वन डे ऐज ए साइंटिस्ट कह सकते हैं। आप अपना एक दिन एक वैज्ञानिक के रूप में बिताकर देखें। आप अपनी सुविधा के अनुसार, मर्जी के अनुसार कोई भी दिन चुन सकते हैं। उस दिन आप किसी रिसर्च लैब या स्पेस सेंटर जैसी जगहों पर जरूर जाएं। उन्होंने कहा, स्पेस और साइंस की तरह एक और क्षेत्र है जो तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। वह क्षेत्र है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। एक सम्मेलन में मैं गया था वहां भारत की इस क्षेत्र में प्रगति की खूब सराहना की गई। हमारे देश में लोग एआई का उपयोग किस तरह से हो रहा है, इसके कई मामले देखने को मिले। तेलंगाना के एक स्कूल में शिक्षक ने एआई टूल की मदद से कोलामी भाषा में गाना कंपोज कर दिया। वे एआई के उपयोग से कई अन्य भाषाओं में गीत तैयार कर रहे हैं। स्पेस सेक्टर हो या फिर एआई. यह हमारे युवाओं में नई क्रांति को जन्म दे रही है। नई -नई तकनीक को अपनाने में भारत के लोग किसी से पीछे नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति को लेकर कहा, अगले महीने 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। यह दिन नारी शक्ति को नमन करने का अवसर होता है। देवी महात्म्य का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, सभी विद्याएं देवी के ही विभिन्न स्वरूपों की अभिव्यक्ति हैं। समस्त नारी शक्ति में भी उनका ही प्रतिरूप है। देश की मातृशक्ति ने स्वतंत्रता संग्राम और संविधान के निर्माण में भी बड़ी भूमिका निभाई है। हंसा मेहता का मानना था कि हमारे झंडे में केसरिया रंग से नारी शक्ति की भावनाएं व्यक्त होती हैं। आज उनकी बातें सच साबित हो रही हैं। आप किसी भी क्षेत्र पर नजर डालें तो पाएंगे कि महिलाओं का योगदान कितना व्यापक है। इस बार महिला दिवस पर मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स जैसे कि एक्स और इन्स्टाग्राम अकाउंट पर देश की कुछ प्रेरणास्रोत महिलाओं को एक दिन के लिए सौंपने जा रहा हूं। जिन महिलाओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में अलग पहचान बनाई है। 8 मार्च को वे अपनी उपलब्धियों को देशवासियों के साथ साझा करेंगी। प्लेटफॉर्म मेरा होगा लेकिन उनकी चुनौतियों की बात होगी। आप भी नमो ऐप पर बनाए गए विशेष फोरम से इसका हिस्सा बनें।

# हम अपने फैसले में विदेशी प्रभाव नहीं चाहते...

## भारत की फॉरेन पॉलिसी पर साफ-साफ बोले जयशंकर

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को वाराणसी में IIT (BHU) के छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने भारत की विश्व मामलों में रणनीतिक स्थिति, वैश्विक जुड़ाव और मित्रता बनाए रखते हुए विवादों को कम करने के महत्व पर प्रकाश डाला। जयशंकर ने काशी-तमिल संगम 3.0 में भी शिरकत की और काशी के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। एस जयशंकर ने छात्रों को बताया कि वैश्विक स्तर पर प्रासंगिकता अपनी चुनौतियों के साथ आती है। उन्होंने कहा, 'आपके कोई दुश्मन नहीं हो सकते और आप अप्रासंगिक हो सकते हैं। अगर आप प्रासंगिक हैं, तो कुछ समस्याएं इसके साथ आएंगी।' 'विश्व बंधु' की अवधारणा पर बोलते हुए, उन्होंने समझाया कि एक परस्पर जुड़ी दुनिया में वैश्विक जुड़ाव अपरिहार्य है। उन्होंने कहा, 'विश्व बंधु की पूरी अवधारणा यह है कि कैसे एक देश अपने दोस्तों को अधिकतम और अपनी समस्याओं को कम कर सकता है... यह एक निष्क्रिय अवधारणा नहीं है। इसके लिए विश्वसनीयता की आवश्यकता होती है।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अब राष्ट्र की गतिविधियों के हर पहलू का एक वैश्विक आयाम है। एक मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय जुड़ाव और अपरिहार्य चुनौतियों का सामना करने के लिए लचीलापन दोनों की आवश्यकता होती है। जयशंकर ने कहा कि औपनिवेशिक शासन के तहत भारत के ऐतिहासिक अनुभव ने स्वतंत्रता की उसकी मजबूत भावना को आकार दिया है। उन्होंने कहा, 'एक ऐसे देश के रूप में, जिस पर कई वर्षों तक एक विदेशी शक्ति का शासन रहा, स्वतंत्रता के प्रति बहुत अधिक संवेदनशीलता है। हम कभी भी किसी विदेशी शक्ति से बंधे नहीं रहना चाहते जहां हमारे निर्णय लेने पर उनका बहुत अधिक प्रभाव हो।'

# RG Kar Case: पीड़िता के माता-पिता का बड़ा आरोप

## छह महीने बाद भी नहीं मिला मृत्यु प्रमाण पत्र




**कोलकाता।** महानगर के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की एक प्रशिक्षु महिला डाक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की घटना को छह महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन उसके माता-पिता को अभी भी उसके मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति नहीं मिली है। दरअसल, पीड़िता का शव पिछले साल नौ अगस्त की सुबह आरजी कर मेडिकल कालेज के परिसर में स्थित सेमिनार हाल से बरामद किया गया था। पीड़िता के माता-पिता ने आरोप लगाया कि वे अब तक मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने में असमर्थ रहे हैं, क्योंकि आरजी कर और कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। उनके अनुसार केएमसी के अधिकारी दावा कर रहे हैं कि चूंकि मृत्यु का स्थान आरजी कर है, इसलिए मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करना अस्पताल के अधिकारियों की जिम्मेदारी है। मृतका के माता-पिता कहना है कि दूसरी ओर आरजी कर के अधिकारियों का दावा है कि यदि कोई मरीज अस्पताल परिसर में मरता है या यहां तक कि उसे मृत अवस्था में अस्पताल लाया जाता है, तो मृत्यु प्रमाण पत्र केएमसी अधिकारियों को प्रदान करना होगा। पीड़िता के माता-पिता ने आगे दावा किया है कि उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति नहीं मिली है, लेकिन आरजी कर से जुड़े एक चिकित्सा अधिकारी के बयान के अनुसार, अदालत के दस्तावेजों में इसका उल्लेख किया गया है। अब वे कहते हैं कि अगर मृत्यु प्रमाण पत्र का उल्लेख अदालत के दस्तावेजों में है, तो प्रमाण पत्र की एक प्रति उन्हें क्यों नहीं सौंपी गई?

# दिल्ली के बाद गाजियाबाद की धरती डोली

**गाजियाबाद।** राजधानी दिल्ली के बाद गाजियाबाद की धरती डोली है। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आज रविवार को भूकंप दर्ज किया गया। दोपहर 3:24 बजे दिल्ली एनसीआर के इस हिस्से में 2.8 तीव्रता का भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया। आपको बता दें कि इस सप्ताह की शुरुआत में, सोमवार की सुबह दिल्ली में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया था। रविवार को आए भूकंप की तीव्रता 2.8 रही और यह धरती से 10 किलोमीटर की गहराई में था। जबकि दिल्ली के धौला कुआँ में आए भूकंप की तीव्रता 4 थी और यह जमीन से 5 किलोमीटर गहरा था। इस कारण दिल्ली के भूकंप को ज्यादा लोगों द्वारा महसूस किया गया था। उस समय सुबह का माहौल था और लोगों में डर का माहौल पैदा हो गया था। पीएम मोदी ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लोगों से आफ्टर शॉक से लोगों को सावधान रहने की भी बात कही थी।

# यूएसएड विवाद : कांग्रेस ने कहा, ट्रंप के बार-बार भारत का अपमान करने पर प्रधानमंत्री चुप क्यों हैं?

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए अमेरिकी एजेंसी (यूएसएड) के अनुदान को लेकर जारी विवाद के बीच कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। देश की मुख्य विपक्षी पार्टी ने बीजेपी पर अमेरिका से फर्जी खबरें फैलाकर राष्ट्र विरोधी कार्य करने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी जवाब देना होगा कि जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क बार-बार भारत का अपमान कर रहे हैं, तो सरकार चुप क्यों है। हालांकि, बीजेपी ने कांग्रेस के ऐसे सभी आरोपों को खारिज किया है और राहुल गांधी को ''देशद्रोही'' करार देते हुए उन पर भारत को कमजोर करने की कोशिश में विदेशी ताकतों के साथ साठगांठ करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'बीजेपी झूठों और अनपढ़ों की बारात है। जिस 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर भाजपाई



और चरणचुंबक उछल रहे थे, वो खबर तो फर्जी निकली। वर्ष 2022 में 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर, भारत में 'मतदान प्रतिशत बढ़ाने' के लिए नहीं, बल्कि बांग्लादेश के लिए थे।' रमेश ने आरोप लगाया कि एलन मस्क ने फर्जी दावा किया, ट्रंप को ढाका और दिल्ली के बीच गलतफहमी हुई, अमित मालवीय ने झूठ आगे फैलाया, फिर बीजेपी के चरणचुंबकों ने उसे लपक लिया।

### 'बीजेपी लगा रही कांग्रेस पर मनगढ़ंत आरोप'

जयराम रमेश ने कहा कि जबसे ट्रंप प्रशासन के सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) ने 16 फरवरी को कहा कि यूएसएड ने 'भारत में मतदान' के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुदान रद्द कर दिया है, तबसे बीजेपी कांग्रेस पर मनगढ़ंत आरोप लगा रही है। लेकिन अब पता चल रहा है कि यह पूरी खबर तो फर्जी है। जब पैसा भारत आया ही नहीं, तो (अनुदान) रद्द कैसे होगा?

### जमकर बोले जयराम रमेश

कांग्रेस नेता ने कहा कि असल में सारा विवाद 'डीओजीई' की लिस्ट में दो यूएसएड अनुदान को लेकर है, जिन्हें वाशिंगटन स्थित चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण समूह (सीईपीपीएस) के माध्यम से दिया गया था। रमेश ने कहा कि सीईपीपीएस को यूएसएड से कुल 48.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिलने थे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी विभाग के अनुसार, इस कोष में मोल्दोवा के लिए 2.2 करोड़ अमेरिकी डॉलर और भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर शामिल थे।

# राष्ट्रपति शासन के बाद नरम पड़े उग्रवादी

महानगर नेटवर्क

मणिपुर

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने सख्ती से कहा था कि उग्रवादी संगठन अपने हथियार सरेंडर कर दें। उनकी इस अपील का असर भी दिखाई दे रहा है। चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिले के कई उग्रवादियों और अन्य लोगों ने हथियार सरेंडर कर दिए हैं। राज्य में असम राइफल्स, सीआरपीएफ और पुलिस ने एक जागरूकता अभियान भी चलाया है जिससे कि वहां के समाज को हथियार मुक्त बनाया जा सके और हिंसा को रोका जा सके।

## मणिपुर में वापस आने लगे लूटे गए हथियार



शनिवार को 16 अवैध और लूटे गए हथियार सरेंडर किए गए। इनमें एक एम-16 राइफल, एक 7.62 एमएम एसएलआर, दो एके श्रेणी की राइफल, तीन इनसास राइफल और अन्य खतरनाक हथियार शामिल हैं। गोला बारूद में 64 जिलेटिन रॉड, 10 राउंड 60 एमएम पुंपी, 17 राउंड एके राइफल के कारतूस और अन्य तरह की गोलियां शामिल हैं। एक लूटी गई टियर गैस गन भी अधिकारियों को सौंप दी गई। आने वाले समय में कई संगठनों ने हथियार डालने का वादा किया है। वहीं मेइती संगठनों के एक निकाय ने शनिवार को राज्यपाल से अनुरोध किया कि वह इस प्रक्रिया में सहयोगात्मक दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय युवा नेताओं के साथ औपचारिक रूप से जुड़ें। 'कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटेग्रिटी' (सीओसीओएमआई) ने एक बयान में यह भी कहा कि सात दिन की समय सीमा बहुत कम है। भल्ला ने 20 फरवरी को राज्य के लोगों से सात दिन के अंदर हथियार सौंपने का आग्रह किया था। उन्होंने आश्वासन दिया था कि इस अवधि के दौरान हथियार छोड़ने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा था कि समय सीमा समाप्त होने के बाद "कड़ी कार्रवाई" की जाएगी।

# हमास के चंगुल से आजाद होते ही आतंकियों को चूमने लगे इजरायली

**नई दिल्ली।** हमास ने शनिवार को छह इजरायली बंधकों को छोड़ा। इनमें से एक बंधक ओमर शेम तोव ने आतंकियों को मंच पर चूम लिया। यह देख वहां मौजूद सभी लोग चौंक गए। आपको बता दें कि इन्हें 500 से अधिक दिनों के बाद रिहा किया गया। इस घटना को लेकर ओमर शेम तोव ने विस्तार से बात की है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने दबाव में उन्हें चूमा। उन्हें ऐसा करने को कहा गया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह भी कहा कि उनके पिता ने बताया कि उन्हें यह सब करने के लिए मजबूर किया था। शेम तोव के पिता ने बताया कि उनके बेटे को किसने और किसे किस करना है। ये सब आदेश दिया गया था। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कोई आया और उसे बताया कि क्या करना है। उन्होंने कान टीवी से बातचीत में ये बातें कही हैं। ओमर शेम तोव की रिहाई 7 अक्टूबर 2023 को हुए हमास द्वारा आयोजित आतंकवादी हमलों के एक साल से भी ज्यादा समय बाद हुई है। इन हमलों में दक्षिणी इजरायल में करीब 1,200 लोग मारे गए थे और लगभग 250 लोग अगवा किए गए थे। उनमें से एक शेम तोव भी थे।

# 'करोड़ों लोग जिन्हें भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है, वे यहां...'

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अवैध प्रवासियों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दावा किया कि अवैध प्रवासी देश की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे हैं और इसके प्रति जागरूकता होनी चाहिए। अमेरिकी सरकार की ओर से हाल में अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने के संदर्भ में उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतीय को पूछना चाहिए कि हमारे देश में यह प्रक्रिया कब शुरू होगी। धनखड़ ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के 65वें दीक्षांत

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने क्या कहा



समारोह में कहा, 'करोड़ों लोग जिन्हें भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है, वे यहां रह रहे हैं। वे यहां अपनी आजीविका कमा रहे हैं।' धनखड़ ने कहा, 'ये लोग हमारे संसाधनों को लेकर मांग कर रहे हैं। हमारी शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र, आवास क्षेत्र को लेकर। अब बात और आगे बढ़ गई है। वे हमारी चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे हैं। हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम देश में एक ऐसा माहौल बनाएं कि हर भारतीय इसके प्रति सचेत हो जाए।' अमेरिका का जिक्र किए बिना उन्होंने कहा कि कुछ देशों ने हाल में उन भारतीय नागरिकों को निर्वासित कर दिया जिन्हें धोखे से वहां ले जाया गया था। धनखड़ ने कहा, 'हर भारतीय के मन में यह सवाल आना चाहिए कि हम ऐसा कब शुरू करेंगे?' उपराष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं को एक शक्तिशाली समूह के रूप में काम करना चाहिए।

# भारत के 'दुश्मन' देश जाएंगे शहबाज शरीफ

## कश्मीर पर पाकिस्तान का करता है समर्थन, तुर्की नहीं है नाम

महानगर नेटवर्क

इस्लामाबाद



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ दो दिवसीय विदेश यात्रा पर रवाना होने वाले हैं। वह एक ऐसे देश जा रहे हैं, जो कश्मीर पर पाकिस्तान का समर्थन करता है। इस देश के राष्ट्रपति पिछले साल जुलाई में पाकिस्तान आए थे। इस दौरान उन्होंने कश्मीर राग भी अलापा था और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का भी जिक्र किया था। यह एक ऐसा देश है, जिसके पाकिस्तान के साथ इस्लाम के नाम पर मजबूत संबंध हैं। पाकिस्तान ने इस देश को सैन्य मदद भी की है, जिससे वह अपने पड़ोसी देश के खिलाफ आक्रामक और बर्बर हमले करता रहता है। शहबाज शरीफ जिस देश की यात्रा पर जा रहे हैं, उसका नाम अजरबैजान है। अजरबैजान और पाकिस्तान के बीच संबंधों का मूल आधार इस्लाम है। इसके अलावा दोनों देश किसी भी दूसरे क्षेत्र में एक दूसरे के बड़े सहयोगी नहीं हैं। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव भी कट्टर इस्लामी नेता हैं। वहीं, पाकिस्तान का जन्म ही इस्लाम के नाम पर हुआ है। ऐसे में पाकिस्तान की मजबूरी है कि इसका हर नेता इस्लाम की ही वकालत करता है। इस कारण पाकिस्तान और अजरबैजान गलत कार्यों में भी एक दूसरे का साथ देते रहते हैं।

### पाकिस्तान का प्रतिनिधि मंडल भी अजरबैजान जा रहा

पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के निमंत्रण पर 24-25 फरवरी को अज़रबैजान की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे।

# खजाना खाली छोड़ गई AAP सरकार

## महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देने की जरूर लागू की जाएगी योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आरोप लगाया है कि पिछली आप सरकार भाजपा सरकार के सामने सरकारी खजाने को खाली छोड़ गई है। हालांकि, उन्होंने आश्वासन दिया कि महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए देने की योजना जरूर लागू की जाएगी। इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को प्रदेश बीजेपी कार्यालय में पार्टी विधायकों के साथ बैठक की। बैठक के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पिछली आप सरकार भाजपा सरकार के सामने खाली सरकारी खजाना छोड़ गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि महिला समृद्धि योजना के तहत 2500 रुपए देने की योजना को लेकर कई बैठकें हो चुकी हैं।

इसे विस्तृत योजना के साथ लागू किया जाएगा।




रेखा गुप्ता ने सोमवार से शुरू होने वाली नवगठित 8वीं दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र से पहले राज्य पार्टी कार्यालय में भाजपा विधायकों के साथ एक बैठक में भाग लिया।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में नवनियुक्त मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला समृद्धि योजना को लागू किए जाने को लेकर अधिकारियों के साथ कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। इसके तहत दिल्ली में पात्र महिलाओं को 2500 रुपए प्रति माह का भुगतान किया जाना है। महिला समृद्धि योजना के क्रियान्वयन की तैयारी के बारे में पूछे गए एक सवाल पर उन्होंने कहा कि हम वर्तमान सरकार की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने के लिए अधिकारियों के साथ बैठे।

हमने पाया कि पिछली सरकार ने हमारे लिए खाली सरकारी खजाना छोड़ा है। हालांकि उन्होंने आश्वासन दिया कि इस योजना को जरूर लागू किया जाएगा। इस मौके पर मौजूद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भाजपा सरकार का एकमात्र एजेंडा विकसित दिल्ली सुनिश्चित करना और लोगों की समस्याओं का समाधान करना है।

# धर्म के साथ खिलवाड़ कर रही BJP

## असम विधानसभा में 'नमाज ब्रेक' खत्म होने पर भड़के मुस्लिम विधायक




**नई दिल्ली।** असम विधानसभा में लंबे साल से चले आ रहे 'नमाज ब्रेक' को खत्म किए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए AIUDF महासचिव रफीकुल इस्लाम ने बीजेपी पर धार्मिक मामलों के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। इस्लाम ने कहा कि विधानसभा में 126 विधायकों में से 31 मुसलमान हैं। ऐसे में उन्हें ब्रेक देना कोई बड़ी बात नहीं थी लेकिन बीजेपी धर्म के साथ खिलवाड़ कर रही है। इस्लाम ने कहा, हमें शुक्रवार को 1 से डेढ़ घंटे का ब्रेक दिया जाता था। इससे पहले भी बीजेपी, एजीपी और जनता दल की सरकार रह चुकी है लेकिन तब किसी को कई समस्या नहीं थी। पिछले सत्र में बीजेपी ने ही नियमों में परिवर्तन कर दिया। तब भी हमने इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा, अगर किसी विधानसभा में 31 विधायक मुसलमान हैं तो इस तरह का अवकाश कोई बड़ी बात नहीं है। लंच के समय वैसे भी दो घंटे का ब्रेक होता है। बिजनेस अडवाइजरी कमेटी की बैठक के दौरान ब्रेक को लेकर फैसला किया जाता है। लेकिन बीजेपी को धर्म के साथ खिलवाड़ करना अच्छा लगता है। AIUDF नेता ने कहा कि पिछले शुक्रवार को मुस्लिम विधायक सदन में अनुपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बीजेपी और आरएसएस मिलकर अपने धर्म को ही सब पर थोपना चाहते हैं। उन्होंने कहा, यह बीजेपी और आरएसएस की विचारधारा है कि अपने धर्म को सब पर थोप दिया जाए। शुक्रवार को हम नमाज के लिए चले गए। तब भी कार्यवाही चलती रही और हम महत्वपूर्ण बहस का हिस्सा नहीं बन पाए। हम भी विधानसभा के सदस्य हैं और अहम चर्चाओं में शामिल होना चाहते हैं। लेकिन दूसरी तरफ नमाज पढ़ना भी जरूरी है। हमें बहस से ही वंचित किया जा रहा है। यह लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। हमने स्पीकर से भी अपनी मांगें की थीं लेकिन उन्होंने हमारी बात नहीं सुनी।

पेज एक का शेष

# कुछ नेता हमारे पर्व-परंपरा को देते हैं गाली : पीएम मोदी

इसके लिए आपको आयुष्मान कार्ड बनवाना है। जिनका नहीं बना है वो जल्दी बनवा लें। दवाओं का खर्च कम करने के लिए 14 हजार से ज्यादा जन औषधि केंद्र खोले हैं। जो दवाई बाजार में 100 रुपए में मिलती है, जन औषधि केंद्र में वही दवाई 15-20 रुपए में मिलती है। बहुत बार खबरें आती है, गांव-गांव किडनी की बीमारी काफी फैल रही है। लगातार डायलिसिस करानी पड़ती है। दूर-दूर जाना पड़ता है। खर्च बहुत बढ़ता है। आपकी ये मुसीबत कम हो इसलिए हमने 700 से ज्यादा जिलों में 1500 से ज्यादा डायलिसिस केंद्र खोले हैं। यहां मुफ्त सुविधा उपलब्ध है।

# राम मंदिर के ट्रस्टी रहे दिवंगत कामेश्वर चौपाल के घर 50 लाख की चोरी

महानगर नेटवर्क

पटना

पुलिस के तमाम दावों के बावजूद राजधानी पटना में चोरी की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं। इस कड़ी में अब बेखौफ बदमाशों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। इस बार अपराधियों ने अयोध्या के श्री राम मंदिर निर्माण में पहली ईंट रखने वाले दिवंगत कामेश्वर चौपाल के घर को अपना निशाना बनाया है। परिजनों के अनुसार, करीब 50 लाख की संपत्ति की चोरी हुई है। दरअसल, बीते सात फरवरी को कामेश्वर चौपाल का निधन हो गया था। उनके परिजन श्राद्ध कर्म के लिए सुपौल जिले में स्थित अपने पैतृक गांव गए हुए थे।। इसी बीच पटना के बेउर स्थित उनके घर में भीषण

## श्राद्ध कर्म के लिए गांव गया था परिवार



चोरी कर ली गई। घर का ताला तोड़कर एक-एक कमरे को खंगाला गया और चोरों ने अलमारी तोड़कर कैश, जेवर समेत एक मुकुट भी चोरी कर लिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही बेउर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला।

# पाक से मैच खेलने पर कांग्रेस को आपत्ति

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच खेले जाने को लेकर कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने आलोचना की है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता पाकिस्तान के खिलाफ इतने बयान देते हैं, चुनाव में नारे लगाते हैं कि अगर कांग्रेस जीतेगी तो तालियां वहां बजेगी। एक बातचीत में अल्वी ने कहा, 'अब भारत की टीम पाकिस्तान की टीम के साथ मैच खेल रही है। ये किस तरीके की नीति है? अगर पाकिस्तान हमारा दुश्मन है तो उसके साथ खेलने का क्या मतलब है? सरकार बार-बार कहती है कि जब तक आतंकवाद खत्म नहीं होगा हम बातचीत नहीं करेंगे। क्या आतंकवाद




खत्म हो गया? क्या कश्मीर में फौजी नहीं मारे जा रहे हैं? शहीदों के घरवाले क्या सोचेंगे? मैं इसकी निंदा करता हूं।'

कांग्रेस के सीनियर नेता ने कहा कि मौजूदा भारत सरकार की नीति समझ से बाहर है। मैं इसकी निंदा करता हूं। राशिद अल्वी ने कहा, 'सरकार की ओर से मैच करवाया जा रहा है और कल उनके खिलाफ बयान दिया जाएगा। मैं अपने खिलाड़ियों को निश्चित तौर पर शुभकामनाएं दूंगा। हमारी टीम मजबूत और जीतेगी। मगर, सवाल टीम का नहीं है। सवाल तो भारत सरकार का है कि उसने इस मैच की इजाजत क्यों दी? जो लोग आतंक फैलाते हैं, आप उनके साथ खेल खेल रहे हैं।

# एक शिशु अपने मां-बाप को कब पहचानना शुरू करता है?

जिस तरह गर्भ से ही एक शिशु का उसकी मां के साथ एक रिश्ता खास होता है उसी तरह एक शिशु का उसके पिता के साथ भी स्ट्रांग कनेक्शन होता है। स्टडी कहती हैं कि जब शिशु गर्भ में होता है तो वो अपने पिता की आवाज को और उसकी प्रतिक्रियाओं को समझता है। दरअसल माता-पिता और बच्चे का रिश्ता ही ऐसा होता है कि वो नेचुरली एक दूसरे के साथ कनेक्टिड रहते हैं। लेकिन फिर भी डॉक्टर्स कहते हैं कि एक बच्चा प्राकृतिक रूप से लोगों के चेहरे से उनकी ओर आकर्षित होता है। बच्चों के अंदर नेचुरल ऐसी चीज होती है कि वो अपने माता-पिता को तुरंत पहचान लेते हैं,लेकिन एक नवजात शिशु अपने माता-पिता को कब से पहचानना शुरू करते हैं यह एक पूरी प्रक्रिया होती है।

### शिशु को अपने पिता को पहचानने में कितना समय लगता है?

जिस तरह गर्भ से ही एक शिशु का उसकी मां के साथ एक रिश्ता खास होता है उसी तरह एक शिशु का उसके पिता के साथ भी स्ट्रांग कनेक्शन होता है। स्टडी कहती हैं कि जब शिशु गर्भ में होता है तो वो अपने पिता की आवाज को और उसकी प्रतिक्रियाओं को समझता है। हालांकि इस पर अभी तक कोई रिसर्च नहीं हुई है कि एक शिशु को अपने पिता को पहचाने में कितना समय लगता है, लेकिन एक्सपर्ट कहते हैं कि ज्यादातर मामलों में एक शिशु को अपने पिता को पहचानने में 2 सप्ताह का समय लगता है।

### अन्य लोगों को कब पहचानना शुरू करता है नवजात

जो भी लोग शिशु के आसपास रहते हैं, उन चेहरों को शिशु जल्दी पहचानते हैं। साइंस कहती है कि जो लोग नवजात की केयर करते हैं या उन्हें प्यार का एहसास कराते हैं उनके साथ शिशु कम्फरटेबल भी महसूस करते हैं और उनके पास आसानी से चले भी जाते हैं, लेकिन जो लोग शिशु से दूर रहते हैं या कभी-कभी मिलते हैं उन्हें पहचानने में शिशु को समय लग सकता है। कभी-कभी शिशु अपने घर के लोगों को पहचाने में सालभर का समय ले लेते हैं।

### अपनी मां को कब से पहचानना शुरू करता है बच्चा

क्योंकि शिशु अपनी मां के साथ गर्भ से जुड़ा होता है इसलिए मां और बच्चे का रिश्ता दुनिया में सबसे खास और करीब का होता है। एक बच्चा अपनी मां के चेहरे को तो दूर उसकी आहट को भी पहचान लेता है। जब एक शिशु जन्म लेता है तो इस दुनिया में आने के बाद वो सबसे पहले अपनी मां का स्पर्श चाहता है। नवजात अपनी मां के स्पर्श को छूते ही पहचान लेता है। इसके बाद मां की तस्वीर शिशु की आंखों में ऐसे बसती है कि उसे अपनी मां को पहचाने में समय नहीं लगता। इसके अलावा कुछ एक्सपर्ट यह भी कहते हैं कि शिशु द्वारा अपनी मां को पहचानने में ज्यादा से ज्यादा 1 सप्ताह का समय लग सकता है।





## सफेद बाल, बालों का झड़ना, रूसी का इलाज है

# शिकाकाई



बालों से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या से निपटने के लिए जमानों से शिकाकाई का इस्तेमाल किया आता जा रहा है। इसमें सैपोनिन नाम का एक यौगिक होता है। इसके अलावा इसमें विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट के भी गुण होते हैं। जो बालों को काला और चमकदार बनाने में मदद करते हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, शिकाकाई एक नेचुरल क्लींजर की तरह इस्तेमाल किया जाता है, जो हल्का सा झाग भी देता है। इस तरह से आप अपने बालों की बनावट में सुधार करते हुए उनकी जड़ों को मजबूत कर सकते हैं। इसके अलावा भी बालों से जुड़े शिकाकाई के और भी कई फायदे हैं, जिन्हें जान लेना फायदेमंद हो सकता है।

**बालों के लिए शिकाकाई के फायदे**

शिकाकाई को मेहंदी, आंवला और कॉफी के साथ मिलाकर बालों में लगाया जा सकता है। इससे बालों को काला करने में मदद मिलती है। हालांकि शिकाकाई पहले तो बालों की रंगत को संवारने में मदद करता है और फिर बालों को पोषण भी देता है। इसे बालों की जड़ें मजबूत होती है। अगर सफ़ेद बालों की समस्या है तो ये उन्हें भी काला करता है।

**रूसी से छुटकारा दिलाए शिकाकाई**

काफी लोग अपने बालों में रूसी की समस्या को लेकर परेशान रहते हैं। यह समस्या आम है, लेकिन दर्दनाक भी। शिकाकाई में एंटी-फंगल के गुण होते हैं। जो रूसी को हमेशा के लिए हटाने में मददगार होते हैं। इसके अलावा रूखी जड़ों की समस्या को भी कम करने में शिकाकाई मदद करता है। शिकाकाई सिर का ब्लड सर्क्युलेशन दुरुस्त करता है, जिस वजह से रूसी की समस्या नहीं होती। प्याज के रस में शिकाकाई मिलाकर लगाना रूसी के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है।

**बालों का झड़ना करे कंट्रोल शिकाकाई**

विटामिन ए, सी, ई और के सहित सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर शिकाकाई बालों की जड़ों को पोषण देता है। जिससे बालों की ग्रोथ तेज हो जाती है। इसके अलावा बालों के ब्लड सर्क्युलेशन को भी शिकाकाई दुरुस्त करता है, जिस वजह से बाल झड़ने की समस्या कंट्रोल होने लगती है। हफ्ते में कम से कम एक बार आंवले के पाउडर में शिकाकाई मिलाकर बालों में लगाने से आपको जल्दी फर्क नजर आने लगेगा।

तो कुछ इस तरह से शिकाकाई बालों के लिए वरदान साबित हो सकता है। इसका इस्तेमाल बेहद आसान है। इससे ना सिर्फ बालों से छुटकारा मिलता है बल्कि बालों से जुड़ी हर छोटी और बड़ी समस्या से निजात पाया जा सकता है। शिकाकाई का इस्तेमाल वाकई में काफी हद तक कारगर भी है।



**छोटे बच्चे अक्सर पेट में दर्द की शिकायत करते हैं। कई बार दर्द और तकलीफ की यह समस्या मामूली होती है और कुछ दिनों में ठीक भी हो जाती है। वहीं, कई बार बच्चे कई-कई दिनों तक पेट में दर्द की शिकायत करते रहते हैं। धीरे-धीरे बच्चों के व्यवहार में चिड़चिड़ापन आने लगता है और वे खाना-पीना भी पूरी तरह बंद कर देते हैं। डॉक्टरों के अनुसार, यह एक गंभीर स्थिति है और बच्चों के माता-पिता को इसे मामूली जानकर लापरवाही नहीं करनी चाहिए। दरअसल, इस तरह की समस्याएं पेट में कीड़े होने की समस्या का संकेत हो सकती हैं जो बच्चों में कुपोषण और कमजोरी का रिस्क बढ़ सकता है।**

# कैसे पता चलेगा बच्चों के पेट में कीड़े हैं?

पेट में कीड़े क्यों पड़ते हैं और इसके लक्षण क्या हैं?

पेट में कीड़े की समस्या दूषित भोजन खाने या खाने-पीने की चीजों के साथ पेट में धूल-मिट्टी पहुंचने, खराब लाइफस्टाइल और साफ-सफाई की कमी के कारण होते हैं। ये कीड़े हमारे शरीर के अंदर पलते हैं और अन्य कई प्रकार के इंफेक्शन का कारण बनते हैं। ये आंत की अंदरूनी दीवारों पर चिपक जाते हैं और अपनी संख्या तेजी से बढ़ाते हैं जिससे कई प्रकार की बीमारियां होने लगती हैं। इनका सही समय पर इलाज ना किया जाए तो इससे ये स्वास्थ्य समस्याएं और भी गंभीर बन जाती हैं। भूख ना लगना, अचानक से वजन घटना, रैशेज पेट में दर्द, कॉन्स्टिपेशन, डायरिया , बार-बार पेशाब होना, बहुत अधिक थकान इसलिए, इनकी समय पर पहचान और इलाज आवश्यक है।

**अजवाइन का यूं करें सेवन**

कीड़ों से छुटकारा पाने के लिए अजवाइन के बीजों का सेवन लाभकारी साबित हो सकता है। इसके लिए आधे से एक चम्मच अजवाइन के बीज लें और इसे समान मात्रा में गुड़ लेकर मिक्स करें। अब इन चीजों का सेवन करें और थोड़ा पानी पीएं। इसी तरह काला नमक के साथ अजवाइन के दाने मिक्स करें और इस मिश्रण का आधा चम्मच लेकर पानी के साथ खाएं।

**नीम की पत्तियों का सेवन करें**

जैसा कि नीम एंटी-बैक्टीरियल तत्वों से भरपूर औषधि है। पेट के कीड़ों से राहत पाने के लिए नीम की ताजी पत्तियों को पीस लें और इस पेस्ट में थोड़ा-सा शहद मिलाकर खाएं। इससे पेट के कीड़ों की समस्या कम हो सकती है।

## मौसम बदलने से हो गयी है सर्दी-खांसी या एलर्जी

# मुलेठी और सौंफ से बना काढ़ा पियें

वायरल इंफेक्शन की वजह से जब कोई बीमार पड़ता है या किसी सीजनल डिजीज के लक्षण दिखायी देते हैं,तो घर में सबसे पहले लोग घर में पायी जाने वाली साधारण चीजों और हर्ब्स से तैयार नुस्खों की मदद लेते हैं। घर के किचन में इस्तेमाल होने वाले मसाले, हर्ब्स और जड़ी-बूटियों से काढ़ा तैयार करके पीना सर्दी-खांसी, जुकाम या छींक आने जैसी समस्याएं से राहत पाने का एक अच्छा उपाय है। मौसमी हेल्थ प्रॉब्लम्स से आराम पाने का ऐसा ही एक काढ़ा है मुलेठी और सौंफ से बना काढ़ा अरोमा और फ्लेवर से भरपूर यह काढ़ा देश के कई स्थानों पर बनाया जाता है और लोग इसे बहुत चाव से पीते भी हैं। आइए जानें सौंफ और मुलेठी का काढ़ा पीने के फायदे और काढ़ा बनाने का तरीका।

**सीजनल प्रॉब्लम्स से मिलता है आराम**

स्वादिष्ट होने के साथ-साथ मुलेठी एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बायोटिक और एंटी-एस्थेमेटिक गुण पाए जाते हैं। मुलेठी फ्लू, सर्दी-खांसी और कॉमन कोल्ड़ जैसी हेल्थ प्रॉब्लम्स से आराम दिलाता है। इसी तरह सौंफ के बीजों में एंटीऑक्सीडेंट्स, एंटीबैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी तत्व होता है जो सर्दी-खांसी और सीजनल फ्लू से तेजी से आराम दिला सकते हैं।

**फ्लू के लक्षण करें कम**

सौंफ के बीजों में फाइटोन्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं जो साइनस को साफ करते हैं। यह नजल पैसेज की सूजन भी कम होती है और इससे साइनस के लक्षण भी कम होते हैं। साथ ही यह छाती की जकड़न, ब्रोंकाइटिस और कफ से आराम मिलता है।

**डाइजेशन सुधारें**

मुलेठी गैस्ट्रिक प्रॉब्लम्स और पेप्टिक अल्सर जैसी समस्याओं से आराम दिलाता है और कॉन्स्टिपेशन से भी राहत दिलाता है। साथ ही मुलेठी में एंटीवायरल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीबैक्टेरियल तत्व होते हैं। इससे डाइजेस्टिव ट्रैक से जुड़ी समस्याएं भी कम होती है।

**ऐसे बनाएं काढ़ा**

मुलेठी के 2-3 टुकड़े लें और इसमें एक चम्मच सौंफ के बीज लें। इसे एक गिलास पानी के साथ मिलाकर उबालें। 5-10 मिनट उबालने के बाद इस मिश्रण को आंच से उतारें। फिर, इसमें स्वादानुसार एक या आधा चम्मच शहद मिलाएं। फिर इसे गर्मागर्म ही पीएं।





झाइयों की समस्या- खराब लाइफस्टाइल, प्रदूषण का बढ़ता स्तर और असंतुलित डाइट चेहरे में कई बदलावों को अंजाम देती है। जिसका नतीजा यह है कि छोटी उम्र में ही लोगों को चेहरे पर झाइयों की समस्या हो रही है। निश्चित है कि चेहरे पर झाइयां या किसी भी तरह का धब्बा चेहरे की खूबसूरती को बिगाड़ सकता है। इसलिए हम आपको कुछ ऐसी चीजें बता रहे हैं जो झाइयों को कम करने में मदद करेंगी।

# छोटी उम्र में होने लगी है झाइयों की समस्या?

## जानें बचाव के लिए खास उपाय

### तुलसी के पत्ते

अगर आपको चेहरे पर झाइंया आ रही हैं तो ऐसे में आप तुलसी के पत्ते का इस्तेमाल कर सकती हैं। तुलसी के पत्तों को पीस कर उसमें नींबू के रस की तीन-चार बूंदे मलिाए, फिर इसे चेहरे पर लगाएं। इससे झाइयां खत्म हो जाएंगा और डार्क सर्कल की समस्या है वो तो भी ठीक हो जाएंगे।

### नींबू

एक नींबू का रस कटोरी में निकालें। इसमें शहद मिलाएं। इसे चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट लगा रहने दें। अब गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। इसे तब तक लगाएं, जब तक की झाइयां कम न हो जाएं। दिन में दो बार लगाएं। नींबू के रस में ब्लीचिंग के प्राकृतिक गुण होते हैं। शहद मॉइस्चराइजर का काम करता है। ये दोनों ही गुण झाइयों का इलाज कर सकते हैं।

### कच्चा आलू

एक कच्चे आलू को आधा काट लें। कटे हुए हिस्से पर कुछ बूंद पानी की डालें। आलू को सर्कुलर मोशन में अपने चेहरे पर रगड़ें। 10 मिनट छोड़ने के बाद गुनगुने पानी से चेहरे को धो लें। एक महीने तक इसे दिन में दो से तीन बार चेहरे पर लगाएं। झाइयां दूर हो जाएंगी। आलू झाइयों और काले धब्बों को दूर करने के लिए काफी प्रभावशाली होता है। इसमें कैटकोलेस एंजाइम होता है, जो मेलानोसाइट्स को नियंत्रित करते हैं।

### प्याज

प्याज को टुकड़ों में काट लें। प्याज के टुकड़े को झाइयों वाले भाग पर रगड़ें। 15 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने के बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। प्याज का रस भी चेहरे पर लगाने से लाभ होगा। जब चेहरा साफ ना दिखने लगे, तब तक यह उपाय ट्राई करती रहें। इसे दिन में दो बार लगाने से लाभ होता है। प्याज में विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो पिगमेंटेशन दूर करने में मदद करते हैं।

# आलसी लोग सुबह जल्दी कैसे उठें?



पुराने समय से ही सुबह जल्दी उठने यानि ब्रह्म मुहूर्त में जागने पर जोर दिया जाता है। ऐसा माना जाता है कि सुबह जल्दी उठना हेल्थ के लिए काफी अच्छा होता है। जल्दी सुबह उठकर काफी सारे काम आराम से निपटाए जा सकते हैं। पढ़ाई करना हो या योग करना, हर मामले में सुबह जल्दी उठाना फायदेमंद होता है, लेकिन अब ज्यादातर लोगों की देर से उठने की आदत बन गई है। हालांकि लाइफ में कभी ना कभी हर किसी के साथ ऐसा जरूर हुआ होगा जब आप सुबह जल्दी उठने का प्लान तो करते हैं, लेकिन उठ नहीं पाते। फिर चाहें कितने ही अलार्म क्यों ना बज जाएं। आपको जल्दी उठाने में अलार्म भी फेल हो जाते हैं। इसकी वजह सिर्फ और सिर्फ आपका आलस है।

**जल्दी सोने की कोशिश**

अगर आप भी सुबह जल्दी तो उठना चाहते हैं, लेकिन उठ नहीं पाते। ऐसे में आप रात को जल्दी सोने की कोशिश करें। रोज रात को 9 से 10 बजे के बीच अपने बेड पर पहुंच जाएं। इसके अलावा अगर आप चाहते हैं, कि बेड पर सोते ही आपको नींद आ जाए तो मोबाइल, टीवी या फिर लैपटॉप को खुद से दूर रखें। इसके विकल्प में आप कोई पसंदीदा किताबें पढ़ सकते हैं। इसके अलावा सॉफ्ट सी म्यूजिक सुनकर भी जल्दी और अच्छी नींद में डूबा जा सकता है। ऐसा करने से सुबह नींद भी जल्दी खुलेगी और आप खुद को पूरा दिन फ्रेश भी महसूस करेंगे।

**बनाएं मजबूत मॉर्निंग रूटीन**

जल्दी सुबह उठने की चाहत रखते हैं तो इसके लिए आपको अच्छे मोर्निंग रूटीन बनाने की जरूरत है। काफी लोग होते हैं, जिन्हें सुबह यात्रा पर जाने के लिए बस, ट्रेन या फ्लाईट पकड़नी होती है। जिसकी वजह से नींद खुद ही अपने आप खुल जाती है। इसी तरह आपको सुबह का मजबूत रूटीन बनाना चाहिए। आप अपने मॉर्निंग रूटीन में जिम जाना, योगा करना, वाक पर जाना और ध्यान करने जैसी चीजों को हिस्सा बना सकते हैं। यह सभी ऐसे मॉर्निंग रूटीन हैं, जिनकी वजह से नींद सुबह जल्दी खुल जाएगी।

**करें हल्का डिनर**

सुबह जल्दी उठने के लिए रात को हल्का डिनर करना चाहिए। आप सलाद, सूप या फिर कुछ हल्का फुल्का खा सकते हैं। इसके अलावा ओट्स खाना भी फायदेमंद हो सकता है।



# लौकी का सूप पीकर घटाएं वजन



**सूप बनाने की सामग्री**

लौकी (1/2 किलो)
काली मिर्च (1 चुटकी)
जीरा (1/2 टी स्पून)
अदरक (1 टुकड़ा)
लाल मिर्च (1 चुटकी)
देसी घी (1 टी स्पून)
हरी धनिया पत्ती (1 टेबलस्पून)
स्वादानुसार नमक

**सूप बनाने की रेसिपी**

लौकी सूप बनाने के लिए सबसे पहले घीया यानी लौकी को छीलकर टुकड़ों में काट लें। इसके बाद मीडियम आंच पर एक कढ़ाई में 1 टी स्पून देसी घी डालकर गर्म करें।

इसमें अब जीरा डालकर चटका लें। इसमें कटी लौकी डालकर धीमी आंच पर भून लें। अब इसमें अपने हिसाब से पीना डालकर लगभग 1 से 2 मिनट तक पका लें। अपने स्वादानुसार नमक डालकर अच्छे से मिक्स कर लें।

इसके बाद बारीक कटा अदरक,लाल मिर्च पाउडर और काली मिर्च पाउडर डालकर मिक्स कर लें। इसे कम से कम 20 मिनट तक पका लें और फिर गैस बंद कर दें।

इस तरह से स्वादिष्ट और पौष्टिकता से भरपूर लौकी का सूप तैयार हो जाएगा। आप इसे हरी धनिया की पत्ती और काली मिर्च पाउडर से गार्निश करके गर्मागर्म पी सकते हैं।

दिन में लंच या डिनर के वक्त इसका सेवन कर सकते हैं। रोजाना सेवन करने पर आपकी सेहत को फायदा होगा और ये आपके बढ़ते वजन को कम करने में भी मदद करेगा।

# कोलेस्ट्रॉल होगा कंट्रोल : सुबह खाली पेट पिएं ओटमील का पानी

अगर आप नियमित रूप से दलिया के पानी का सेवन करते हैं, जो यह आपके शरीर में जमा कोलेस्ट्रॉल को बाहर कर सकता है। दलिया का पानी बिना पके या कच्चे जौ का मिश्रण होता है, जिसे पानी में भिगोकर सीधे सेवन किया जाता है। खासतौर पर इसका सेवन सुबह खाली पेट करना आपके लिए अधिक हेल्दी हो सकता है। बेहतर रिजल्ट के लिए आप सुबह खाली पेट इसका सेवन करें। इससे न केवल कोलेस्ट्रॉल, बल्कि समग्र स्वास्थ्य को बेहतर किया जा सकता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए आप ओटमील का पानी पी सकते हैं। इससे आप हृदय स्वास्थ्य को भी बेहतर कर सकते हैं। आइए जानते हैं विस्तार से इस बारे में-

**बॉडी करें डिटॉक्स**

सुबह खाली पेट ओटमील का पानी पीने से आपका शरीर डिटॉक्सिफाई हो सकता है। साथ ही इसकी मदद से आप अपने शरीर को हाइड्रेटेड रख सकते हैं। इससे शरीर में मौजूद गंदगी मल से बाहर आ सकती है। इसके अलावा ओटमील में एंटीऑक्सीडेंट भरपूर रूप से होता है, जो शरीर को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से सुरक्षा प्रदान कर सकता है।

**कोलेस्ट्रॉल करे कंट्रोल**

ओटमील का पानी आपके शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कंट्रोल कर सकता है। दरअसल, दलिया में फाइबर की प्रचुरता होती है, तो शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा सकती है। वहीं, इससे बैड कोलेस्ट्रॉल घटाया जा सकता है। ऐसे में इस पानी के सेवन से आप हार्ट डिजीज के खतरों को कम कर सकते हैं।



**पाचन शक्ति को बढ़ावा**

ओटमील का पानी पीने से आपकी पाचन शक्ति को मजबूती मिल सकती है। दरअसल, इसमें घुलनशील फाइबर होता है, जो मल त्याग को सुचारू कर सकता है और पाचन को बढ़ावा दे सकता है। इससे भोजन का अवशोषण धीमा होता है, जो आपके शरीर में गुड बैक्टीरिया के विकास को बढ़ावा दे सकता है।

**वजन घटाने में प्रभावी**

वजन घटाने में ओटमील का पानी मददगार हो सकता है। इसमें फाइबर की प्रचुरता होती है, जो आपके भूख को कंट्रोल कर सकती है। इससे आप ओवरईटिंग से बच सकते हैं, जिससे आपका वजन कम होता है। इसके अलावा इसमें प्रोटीन की प्रचुरता होती है, जो लंबे समय तक आपको तृप्त रख सकता है।

# जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

## यूपी वॉरियर्स से सामना, दोनों के हेड टु हेड रिकॉर्ड

**बंगलुरू।** कप्तान स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म, मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन तथा घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सोमवार को यहां यूपी वारियर्स के खिलाफ बेहतर खेल दिखाकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा। भारतीय उपकप्तान मंधाना लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने भारत और अपनी फ्रेंचाइजी टीम के लिए जो पिछले 10 मैच खेले हैं उनमें एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं। आरसीबी की टीम हालांकि दीप्ति शर्मा की अगुवाई वाली टीम को किसी भी तरह से हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी जो सत्र की अपनी पहली जीत हासिल करके उत्साह से भरी है।

मंधाना की अगुवाई वाली टीम ने अपने पहले दोनों मैच जीत कर इस सत्र की शानदार शुरुआत की थी लेकिन पिछले मैच में उसे हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम मुंबई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी ने अब तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसके खिलाड़ी पिछली हार को भूलकर जीत की राह पर लौट के लिए प्रतिबद्ध होंगे। आरसीबी अभी तीन मैच में पांच अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है और उसका नेट रन रेट भी अच्छा है। दूसरी तरफ वॉरियर्स का प्रदर्शन अभी तक बहुत अच्छा नहीं रहा है और वह तीन मैच में से केवल एक मैच जीत पाई है। उसकी टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। वॉरियर्स की टीम हालांकि अपने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हार का बदला चुकता करने में सफल रही थी और आरसीबी के खिलाफ वह अधिक आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।




### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु:** स्मृति मंधाना (कप्तान), कनिका आहूजा, एकता बिष्ट, चार्ली डीन, किम गार्थ, ऋचा घोष (विकेटकीपर), हीथर ग्राहम, वीजे जोशीथा, सब्बिनेनी मेघना, नजहत परवीन, जगरावी पवार, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, स्नेह राणा, प्रेमा रावत, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेरेहम, डैनी व्याट-हॉज।

**यूपी वारियर्स:** दीप्ति शर्मा (कप्तान), अंजलि सरवानी, चमारी अथापथु, उमा छेत्री, सोफी एक्लेस्टोन, राजेश्वरी गायकवाड़, अरुशी गोयल, क्रांति गौड़, ग्रेस हैरिस, चिनेले हेनरी, पूनम खेमनार, एलाना किंग, ताहलिया मैकग्रा, किरण नवगिरे, श्वेता सहरावत, गौहर सुल्ताना, साइमा ठाकोर, दिनेश वृंदा।




- IND-PAK मैच से पहले
- सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का पुरस्कार भी शामिल

# बुमराह को ICC पुरस्कारों से किया गया सम्मानित

दुबई। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को रविवार को यहां भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी मैच शुरू होने से पहले आईसीसी के साल 2024 के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया जिसमें वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर और वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का पुरस्कार भी शामिल है। बुमराह पीठ में चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं। बुमराह को इन दोनों पुरस्कारों के अलावा 2024 के लिए पुरुष टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों में जगह बनाने के लिए 'टीम कैप (टोपी)' भी सौंपी गई। आईसीसी ने इन चार पुरस्कारों में से प्रत्येक के साथ इस 31 साल के खिलाड़ी की तस्वीरें साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, 'जसप्रीत बुमराह को शानदार 2024 के लिए आईसीसी पुरस्कार और वर्ष की टीम कैप प्राप्त हुई।'

### अभ्यास के दौरान टीम के साथियों से की मुलाकात

बुमराह ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले रविवार को अभ्यास के दौरान भारतीय टीम के अपने साथियों से भी मुलाकात की थी। बुमराह के लिए पिछला टेस्ट सत्र शानदार रहा था। उन्होंने 13 मैचों में 71 विकेट लिए थे। साल 2024 में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास इंग्लैंड के गस एटकिंसन का था। जिन्होंने 11 मैचों में 52 विकेट लिए थे। बुमराह ने 2024 में टेस्ट में 14.92 की औसत से विकेट चटकाये और साल का अंत 30.1 के स्ट्राइक रेट के साथ किया। वह इस दौरान कपिल देव, अनिल कुंबले और रविचंद्रन अश्विन के बाद एक कैलेंडर वर्ष में खेल के पारंपरिक प्रारूप में 70 या अधिक विकेट लेने वाले केवल चौथे भारतीय गेंदबाज बने। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल की शुरुआत में घरेलू श्रृंखला में उन्होंने पांच टेस्ट में 19 विकेट लिये जबकि साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने इतने ही टेस्ट मैचों में 32 सफलता हासिल की। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान बुमराह टेस्ट में 200 विकेट के आंकड़े तक भी पहुंचे। लाल गेंद से अपने बेजोड़ प्रदर्शन के अलावा, बुमराह ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह इस वैश्विक प्रतियोगिता में 15 विकेट लेकर सबसे सफल भारतीय गेंदबाज बने।



# वनडे में लगातार 12वां टॉस हारा भारत



**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी में रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला जारी है। ग्रुप-ए का यह मुकाबला दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। यह लगातार पांचवीं बार रहा जब भारतीय कप्तान रोहित शर्मा टॉस हारे हैं। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के तीनों मैचों में भी टॉस गंवाया था। चैंपियंस ट्रॉफी में भी यह सिलसिला जारी रहा। हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया सीरीज जीतने में कामयाब रही थी। भारत ने 3-0 से इंग्लैंड का सूपड़ा साफ किया था।

# महामुकाबले के दौरान एक दूसरे से मिले कोहली और बाबर आजम

## दोनों टीमों का मैच देखते नजर आए धोनी

**दुबई।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम दुबई में दोनों टीमों के बीच खेले जा रहे चैंपियंस ट्रॉफी के मैच के दौरान एक दूसरे से गर्मजोशी से मिले। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबले का दोनों टीमों के प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार रहता है। दोनों टीमों के बीच लंबे समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली जा रही है और दोनों के बीच आईसीसी या एशिया कप जैसे बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में ही मुकाबला होता है। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है। चोटिल फखर जमां की जगह इमाम उल हक खेल रहे हैं। वहीं, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया है। रोहित ने कहा कि वह टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का ही फैसला लेने वाले थे। इसलिए टॉस हारने का उन्हें नुकसान नहीं हुआ है। मैच के दौरान दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर कोहली और बाबर की मुलाकात हुई। इस मैच के लिए पाकिस्तान की पारी जब शुरू हुई तो बाबर ने कोहली के साथ कुछ चर्चा की जिसके बाद कोहली बाबर के कंधे पर हाथ रखते हुए नजर आए। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी भारत और पाकिस्तान के बीच इस मैच को देखते नजर आए। धोनी हालांकि स्टेडियम पर मौजूद नहीं है, लेकिन उन्होंने स्क्रीन पर मैच का आनंद लिया। सोशल मीडिया पर धोनी की मैच देखते फोटो वायरल हो रही है। धोनी के साथ बॉलीवुड के अभिनेता सनी देओल भी मैच देख रहे हैं।




# शमी ने पहले ही ओवर में फेंकी 5 वाइड गेंदें

दुबई : मोहम्मद शमी ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान वनडे में किसी भारतीय द्वारा संयुक्त रूप से सबसे लंबा ओवर फेंकने का रिकॉर्ड बनाया। पारी का पहला ओवर इमाम-उल-हक को फेंकते हुए शमी ने 11 गेंदें फेंकी और छह रन दिए। पांच रन वाइड रहे क्योंकि शमी अपनी स्विंग को नियंत्रित करने में संघर्ष कर रहे थे और लाइन से भटक गए। वह जहीर खान और इरफान पठान के बाद 11 गेंद का ओवर फेंकने वाले तीसरे भारतीय हैं। रविवार को शमी का ओवर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का तीसरा सबसे लंबा ओवर भी था। बांग्लादेश के हसीबुल हुसैन और जिम्बाब्वे के तिनाशे पन्यांगरा ने प्रतियोगिता में सबसे लंबे ओवर (13 गेंद) फेंके हैं। स्टेडियम में चैम्पियंस ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे भारत-पाकिस्तान मैच में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। रिजवान ने टॉस जीतने के बाद कहा, 'पहले बल्लेबाजी करेंगे, पिच अच्छी लग रही है। अच्छा लक्ष्य रखना चाहते हैं। आईसीसी इवेंट में हर मैच महत्वपूर्ण होता है, हम चीजों को सामान्य रखेंगे। लड़के इन परिस्थितियों से परिचित हैं, हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है और हम आज अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। हम अपना पिछला मैच हार गए थे, लेकिन अब यह हमारे लिए अतीत की बात है। एक बदलाव - फखर बाहर हैं, इमाम को शामिल किया गया है। रोहित शर्मा ने कहा, 'इससे (टॉस) कोई फर्क नहीं पड़ता, उन्होंने टॉस जीता इसलिए हम पहले गेंदबाजी करेंगे।

पिछले मैच जैसा ही लग रहा है, पिच धीमी है। हमारे पास बल्लेबाजी में अनुभवी खिलाड़ी हैं इसलिए हम जानते हैं कि अगर पिच धीमी होती है तो हमें क्या करना चाहिए। टीम से बल्ले और गेंद से समग्र प्रदर्शन की जरूरत है। पिछला मैच हमारे लिए आसान नहीं था, जो हमेशा अच्छा होता है। आप दबाव में रहना चाहते हैं और खुद को परखना चाहते हैं। हम उसी टीम के साथ खेल रहे हैं।'



# दिनेश कार्तिक ने की 'विकेटकीपर' राहुल की तारीफ

## पाक के पूर्व क्रिकेटर ने अपनी टीम पर कसा तंज

**दुबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का मुकाबला दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी कर रही है। हालांकि, इस मैच में भी बल्लेबाजी में उनकी समस्या का समाधान नहीं निकला। पहले पावरप्ले तक पाकिस्तान ने दोनों ओपनर के विकेट गंवा दिए थे। हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल ने अपनी सूझबूझ से दो सफलताएं दिलाईं। इसी कड़ी में मैच के दौरान कमेंट्री कर रहे दिनेश कार्तिक ने केएल राहुल के विकेटकीपिंग स्किल की तारीफ की है। वहीं, मैच के दौरान कमेंट्री कर रहे पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बाजिद खान ने अपनी ही टीम पर तंज कसा।



दरअसल, मैच के दौरान राहुल ने हार्दिक की गेंद पर बाबर आजम का कैच लपका। बाबर 23 रन बना सके थे। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में भी तीन कैच लपके थे। भारतीय टीम मैनेजमेंट ने विकेटकीपर ऋषभ पंत को बेंच पर बैठाकर राहुल को जगह दी है। इसकी खूब आलोचना भी हुई थी। हालांकि, राहुल ने अब तक खुद को साबित किया है और इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के बाद चैंपियंस ट्रॉफी में भी शानदार विकेटकीपिंग की है। दिनेश कार्तिक ने इसी की तारीफ की है। कार्तिक ने कहा, 'एक स्किल जिसका नजरअंदाज किया जाता है, वह है विकेटकीपिंग। केएल राहुल पर कोई ध्यान नहीं दे रहा, लेकिन उन्होंने अभी तक शानदार काम किया है। उन्होंने पिछले कुछ समय में अपने विकेटकीपिंग कौशल में सुधार किया है ताकि वह वनडे लाइन अप में अपना दावा मजबूत कर सकें।



## टीम 4 रन से जीती

# युवराज का बाऊंड्री रोप पर जोरदार कैच

मुंबई : नवी मुंबई की डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में इंडिया मास्टर्स ने खेले गए रोमांचक मुकाबले के दौरान श्रीलंका मास्टर्स को 4 रन से हरा दिया। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी20 के तहत खेले गए इस मुकाबले में इंडिया मास्टर्स ने पहले खेलते हुए गुरकीरत के 33, स्टुअर्ट बिन्नी के 68, यूसुफ पठान ने 56 रन बनाकर स्कोर 222 रन तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंकाई टीम ने एक समय संगाकरा और थिरमाने की बदौलत मजबूत शुरूआत की लेकिन तभी 8वें ओवर में इंडिया मास्टर्स के युवराज सिंह ने बाऊंड्री रोप पर जोरदार कैच पकड़कर कैच का पासा ही पलट दिया। थिरमाने ने इरफान पठान की गेंद पर सीधी शॉट लगाई थी जिसे बाऊंड्री रोप पर पहले से मुस्तैद खड़े युवराज ने छलांग लगाकर पकड़ लिया। इंडिया मास्टर्स ने खराब शुरुआत के बाद अपने मध्य और निचले क्रम की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवरों में 222/4 का मजबूत स्कोर बनाया। सचिन तेंदुलकर तीसरे ओवर में 8 गेंदों में 10 रन बनाकर सुरंगा लकमल की गेंद पर आउट हो गए। इसके तुरंत बाद नमन ओझा आए, जिससे 4 ओवर के बाद भारत का स्कोर 26/2 हो गया। गुरकीरत सिंह मान (32 में से 44) और स्टुअर्ट बिन्नी ने एक महत्वपूर्ण साझेदारी की।

# 'अफरीदी ने अच्छे शब्दों से स्वागत किया'

## बोले युवराज: शाहिद ने कहा- युवी सन ऑफ सरदार, दबाव लेना...




**दुबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को महामुकाबला खेला जा रहा है। मुकाबले से पहले ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें शाहिद अफरीदी, युवराज सिंह, इंजमाम उल हक और नवजोत सिंह सिद्धू जैसे दिग्गज शामिल हुए। इस दौरान युवराज और अफरीदी ने पुराने मैचों को याद किया और एक दूसरे पर चुटकी ली। युवराज ने 2003 में खेले गए पाकिस्तान के खिलाफ अपने पहले मैच को याद किया। युवराज सिंह ने कहा, 'यह मेरे द्वारा खेले गए सबसे शानदार वनडे मैचों में से एक है। मेरे दोस्त शाहिद अफरीदी ने उस मैच में बहुत सारे 'अच्छे शब्दों' के साथ मेरा स्वागत किया था। तब मुझे वास्तव में समझ में आया कि भारत-पाकिस्तान प्रतिद्वंद्विता का क्या मतलब है। इसे टीवी पर देखना एक बात थी, लेकिन इसमें खेलना पूरी तरह से अलग था। मुझे खुद पर भारी दबाव याद है, लेकिन उस मैच में अच्छा प्रदर्शन करने से मुझे भविष्य में एक बेहतर खिलाड़ी बनने का आत्मविश्वास मिला।'

# मैच देखने पहुंची हार्दिक की रूमर्ड गर्लफ्रेंड!

**दुबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चल रहे चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले में क्रिकेट के साथ-साथ कुछ और भी चर्चा का विषय बना है। जहां भारतीय टीम के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, वहीं हार्दिक पांड्या की गेंदबाजी और उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड जैस्मीन वालिया के स्टेडियम में पहुंचने ने भी खूब ध्यान खींचा। हार्दिक पांड्या की गेंदबाजी ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों को परेशान किया, लेकिन उनकी निजी जिंदगी भी चर्चा में रही। मैच के दौरान, ब्रिटिश गायिका और टेलीविजन हस्ती जैस्मीन वालिया को स्टैंड में देखा गया।





# एलेक्स केरी का गजब कैच, फिल साल्ट के उड़ा दिए होश

**लाहौर।** लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में एलेक्स केरी ने फिल सॉल्ट का गजब कैच पकड़कर सबके होश उड़ा दिए। इंग्लैंड की टीम जब पहले खेलने उतरी थी तो सॉल्ट ने पहले ही ओवर में कुछ शॉट लगाए थे। दूसरा ओवर द्वारशुइस ने फेंकना था। मैच की तीसरी गेंद तेजी से साल्ट के बल्ले से टकराकर मिड-ऑन बाउंड्री की ओर निकल गई। कैरी वहां खड़े थे, उन्होंने जमीन को कवर किया और गोता लगाते हुए गेंद को हवा में पकड़ लिया। कैच देखते ही फैंस उत्साहित हो गए। कमेंट्री कर रहे माइकल एथरटन ने कहा कि क्या कैच है, यह एक अविश्वसनीय कैच है... कैरी, जिन्हें हम आम तौर पर स्टंप के पीछे देखते हैं, ने खुद को दाईं ओर उछाला है और मिड-ऑन पर काफी शानदार कैच लिया है। वहीं, मेल जोन्स ने कहा कि अगर वह कभी विकेटकीपिंग में वापस जाना चाहेगा तो शायद वह अब ऐसा नहीं करेगा, अगर वह इसी तरह कैच पकड़ता रहा। वहीं सोशल मीडिया पर भी केरी की तारीफ हुई। एक फैन ने लिखा- केरी सुपरमैन फील्डर! यह डेढ़ गुना ज्यादा चिल्लाने वाला है... अपमानजनक कैच!! दूसरे ने लिखा- फ्लाइंग एलेक्स कैरी का एक स्टनर... आपके द्वारा देखे गए सर्वश्रेष्ठ कैचों में से एक। मैच की बात करें तो लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 352 रन का रिकॉर्ड चेज कर लिया।



# कोहली सबसे अधिक कैच लपकने वाले भारतीय बने, अजहरुद्दीन का रिकॉर्ड टूटा



**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए मैच में वनडे में सबसे अधिक कैच लेने वाले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने 46.4 ओवर में नसीम शाह का कैच लेकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने मोहम्मद अजहरुद्दीन का रिकॉर्ड तोड़ा जो इससे पहले वनडे में सबसे ज्यादा कैच लपकने वाले भारतीय थे। कोहली के वनडे में कुल 158 कैच हो गए हैं जो किसी भी भारतीय क्रिकेटर द्वारा लिए गए दो कैच अधिक हैं। अजहरुद्दीन 156 कैच के साथ लिस्ट में दूसरे स्थान पर है। इस लिस्ट में तीसरा नम्बर महान बल्लोज सचिन तेंदुलकर का है जिन्होंने वनडे में कुल 140 कैच लपके हैं। चौथे और पांचवें नम्बर पर राहुल द्रविड़ और सुरेश रैना आते हैं जिन्होंने क्रमशः 124 और 102 कैच लिए हैं।

भारत के लिए क्षेत्ररक्षक के रूप में सबसे अधिक कैच (वनडे)

158 विराट कोहली *
156 मोहम्मद अजहरुद्दीन
140 सचिन तेंदुलकर
124 राहुल द्रविड़
102 सुरेश रैना

केवल महेला जयवर्धने (218) और रिकी पोंटिंग (160) ने सभी टीमों में अधिक आउटफील्ड कैच लिए हैं।

# कोहली और रोहित को अपना भविष्य खुद तय करने देना चाहिए : सरफराज

**दुबई।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद का मानना है कि भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली और रोहित शर्मा को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना भविष्य तय करने का अधिकार खुद मिलना चाहिए। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार दो टेस्ट श्रृंखलाओं में हार के बाद कप्तान रोहित और अनुभवी बल्लेबाज कोहली के भविष्य पर सवाल उठने लगे। इन श्रृंखलाओं में दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को रन बनाने के लिए संघर्ष करना किस तरह का प्रदर्शन किया है। रोहित शर्मा के लिए भी यही बात लागू होती है। जिस तरह से वह टीम का नेतृत्व कर रहे हैं वह शानदार है।





# पहली बार साथ नजर आए ऋतिक और सलमान

सलमान खान और शाहरुख खान को साथ देखने के लिए फैंस उतावले रहते हैं। वहीं, तीनों खान (सलमान, शाहरुख और आमिर) को परदे पर साथ देखने को भी फैंस तरस रहे हैं। लेकिन, बात अगर सलमान खान और ऋतिक रोशन के साथ आने की हो तब? तब भी संभव है कि दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने लायक हो। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में सलमान खान और ऋतिक रोशन को एक विज्ञापन में साथ देखा गया और दोनों के फैंस क्रेजी हो गए हैं।


### दोनों सितारों को साथ देख क्रेजी हुए फैंस

सलमान खान और ऋतिक रोशन को हाल ही में एक सॉफ्ट ड्रिंक के विज्ञापन में साथ देखा गया है। यह विज्ञापन एक्शन से भरपूर है और सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसे देखने के बाद यूजर्स की तरह-तरह की प्रतिक्रिया आ रही है। अधिकांश यूजर्स दोनों को साथ में फिल्म देखने की इच्छा जाहिर कर रहे हैं। यहां तक कि निर्माता-निर्देशक एटली को सलाह दे रहे हैं कि साउथ में अगर कोई नहीं मिल रहा हो तो सलमान खान के साथ ऋतिक रोशन को ले लिया जाए।


### दर्शकों की हसरत हुई पूरी

यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'टाइगर' में सलमान खान और 'कबीर' में ऋतिक रोशन नजर आ चुके हैं। मगर, अब तक दोनों का किसी फिल्म में क्रॉसओवर नहीं हुआ। फिल्म में दोनों को साथ देखने के लिए उतावले दर्शकों की हसरत किसी फिल्म से भले पूरी न हुई हो, लेकिन इस एक विज्ञापन से जरूर पूरी हो गई है। यूजर्स लिख रहे हैं, 'टाइगर वर्सेज कबीर'।

ऋतिक और सलमान खान को इससे पहले कभी साथ नहीं देखा गया है। हालांकि, साल 1995 में आई फिल्म 'करण अर्जुन' में ऋतिक रोशन ने बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। इसमें शाहरुख खान और सलमान खान लीड रोल में नजर आए। फिल्म का निर्देशन राकेश रोशन ने किया था।



बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर ने 90 के दशक पर राज किया है। उस समय की सबसे सफल एक्ट्रेसेज में से एक करिश्मा ने कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दी। एक्ट्रेस की कुछ फिल्मों ने तो बॉक्स ऑफिस के कमाई के नंबर्स हिला दिए। करिश्मा कपूर ने 90 के दशक के बॉक्स ऑफिस पर अपनी इन शानदार फिल्मों से राज किया है। इन फिल्मों ने न सिर्फ करिश्मा को स्टार बनाया, बल्कि गोविंदा, सलमान खान समेत कई एक्टर्स को सुपरस्टार बनने में मदद की। ये हैं करिश्मा के करियर की सबसे शानदार फिल्में। कपूर परिवार की लाडली एक्ट्रेस करिश्मा कपूर की फिल्म राजा हिंदुस्तानी में उनकी परफॉर्मेंस को खूब पसंद किया गया था।




# करिश्मा कपूर के कैरियर की बेस्ट फिल्में

## कमाई ने हिला दिया थे बॉक्स ऑफिस नंबर्स

इस फिल्म का बजट 5.75 करोड़ था, लेकिन इसकी कमाई ने बॉक्स ऑफिस नंबर्स को हिला दिया। उस समय फिल्म ने 76 करोड़ का बिज़नेस किया था। आमिर खान के साथ उनकी यह फिल्म करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक है। यश चोपड़ा की सुपरहिट फिल्म दिल तो पागल है में करिश्मा कपूर ने न सिर्फ अपनी एक्टिंग बल्कि डांसिंग स्किल्स से भी लोगों का दिल जीत लिया था। फिल्म का बजट करीब 9 करोड़ था, लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर 59 करोड़ की शानदार कमाई की। शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित के साथ उनकी इस फिल्म को जबरदस्त सफलता मिली, और इसके लिए करिश्मा को बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड भी मिला। सलमान खान और करिश्मा कपूर की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म बीवी नं. 1 को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिला। इस फिल्म का बजट करीब 9 करोड़ था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 49 करोड़ की कमाई की। फिल्म में करिश्मा के इमोशनल और कॉमिक टाइमिंग की खूब तारीफ हुई थी, जिससे यह साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बन गई। सूरज बड़जात्या की मल्टीस्टारर फिल्म हम साथ-साथ हैं में करिश्मा कपूर ने अपने रोल से लोगों का दिल जीत लिया था। फिल्म में सलमान खान, सैफ अली खान, सोनाली बेंद्रे और तब्बू जैसे सितारे थे। इस फैमिली ड्रामा का बजट 17 करोड़ था, और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 81 करोड़ की बंपर कमाई की थी।

# संगम में डुबकी लगाने महाकुंभ पहुंचे बोनी कपूर



प्रयागराज में महाकुंभ मेले की धूम देखने को मिल रही है। देश के अलग-अलग कोनों से लोग संगम में डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज पहुंच रहे हैं। कई बॉलीवुड सेलेब्स भी संगम में डुबकी लगाने वहां प्रयागराज जा चुके हैं। अब इस कड़ी में फिल्म प्रोड्यूसर बोनी कपूर भी संगम में डुबकी लगाने रविवार को प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने कहा कि उन्होंने पहले कभी ऐसा नजारा नहीं देखा। वहीं, महाकुंभ की भीड़ देखकर बोनी कपूर बोले कि अब यकीन हो रहा है कि हमारे देश की आबादी 140-150 करोड़ है।

बोनी कपूर ने बताया कि वो पहले भी प्रयागराज आ चुके हैं, लेकिन उन्होंने ऐसा नजारा पहले कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा, "मैं यहां कई बार आ चुका हूं, एक बार मैं अपने दादा की अस्थियां लेकर आया था। उसके बाद मैं प्रयागराज में एक इवेंट में आया था, लेकिन मैंने ऐसा नजारा पहले कभी नहीं देखा।" वहीं, महाकुंभ में आई भीड़े को देखकर बोनी कपूर ने कहा कि भारत में बहुत सारे लोग हैं। उन्होंने कहा, "यहां का पूरा माहौलभारत में बहुत सारे लोग हैं। मैं अब मानता हूं कि भारत की आबादी 140-150 करोड़ है।" बोनी कपूर से पहले कई और सितारे महाकुंभ में डुबकी लगा चुके हैं। इन सितारों में रेमो डिसूजा, शंकर महादेवन, अनुपम खेर, अदा शर्मा, हेमा मालिनी, पंकज कपूर और कबीर खान जैसे नाम शामिल हैं।


# कंगना ने सान्या मल्होत्रा की 'मिसेज' पर साधा निशाना?



बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा की फिल्म 'मिसेज' की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। कई लोगों को फिल्म पसंद आ रही है तो कई लोगों को इस फिल्म के विषय से आपत्ति है। फिल्म के विषय पर आपत्ति जताने वालों में कंगना रनौत का भी नाम शामिल है। कंगना रनौत ने बिना नाम लिए सान्या मल्होत्रा की फिल्म मिसेज पर निशाना साधा है। कंगना रनौत ने अपने पोस्ट में महिलाओं, परिवार, शादी और तलाक जैसे विषयों पर बात की है।

कंगना रनौत ने लिखा- "मैंने बचपन में ऐसी औरत कभी नहीं देखी जो अपने घर में राज न चलाती हो, सबको बताती हो कि कब खाना है, कब सोना है और कब बाहर जाना है। मैंने तो औरतों को अपने पति से हर पैसे का हिसाब मांगते हुए देखा है। झगड़ा तब होता है जब वह दोस्तों के साथ बाहर जाता है शराब पीता है। जब भी मेरे पापा हमें बाहर खाना खिलाने ले जाना चाहते थे, तो वो डांटती थीं क्योंकि हमारे लिए खाना बनाना उनकी खुशी थी। इस तरह, वो कई चीजें कंट्रोल कर सकती थीं, जिसमें खाने की सफाई और पौष्टिकता शामिल थी।" कंगना ने आगे लिखा- "घर की औरतें – दादी, मां, चाची हमारी असली रानियां हैं और हम उनके जैसा बनना चाहती हैं। हां, औरतों का अपमान हो सकता है, लेकिन हमें भारतीय परिवारों को गलत तरीके से दिखाना बंद करना चाहिए और बुजुर्गों को खराब नहीं कहना चाहिए। साथ ही, घर संभालने वाली औरतों की तुलना नौकरी करने वालों से करना बंद करें।"

# ईशा गुप्ता के लुक्स के आगे फीका लगेगा हनी सिंह का रैप





फे म स रपर यो यो हनी सिंह इन दिनों अपने नए गाने 'मैनियॉक' को लेकर काफी सुर्खियों में हैं. यह गाना बीते दिन रिलीज हुआ था, जिसमें यो यो हनी सिंह ने अपने रैप के साथ भोजपुरी वर्जन को एड किया है. यह गाना आते ही यूट्यूब पर छा गया है और गाने को अब तक कई मिलियन्स व्यूज़ मिल चुके हैं. इस गाने में यो यो हनी सिंह के साथ ईशा गुप्ता नजर आ रही हैं. गाने में उन्होंने अपनी बोल्डनेस से फैंस के होश उड़ा दिए हैं. यहां देखें 'मैनियॉक' गाने में ईशा गुप्ता के बॉल्ड फोटोज.

इस गाने में ईशा गुप्ता रेड कलर का आउटफिट पहनें नजर आ रही हैं. फोटो में ईशा गुप्ता अपना परफेक्ट फिगर जमकर फ्लॉन्ट कर रही हैं. एक्ट्रेस ईशा गुप्ता गोल्डन कलर के आउटफिट में बला की खूबसूरत लग रही हैं. फोटो में वह अपने टोन्ड लेग्स जमकर फ्लॉन्ट कर रही हैं. बता दें कि मैनियॉक सॉन्ग में ईशा गुप्ता ने भोजपुरी वर्जन पर जबरदस्त डांस किया था. ईशा बीच पर कहर ढाती दिख रही हैं. फोटो में वह बीच पर अपनी बोल्डनेस दिख रही हैं. ईशा गुप्ता गोल्डन कलर की शॉर्ट ड्रेस में नजर आ रही हैं. वह अपने धमाकेदार डांस से फैंस के दिलों को जीत रही हैं. ईशा और यो यो हनी सिंह रोमांस करते दिख रहे हैं. दोनों की जोड़ी बेहद ही शानदार लग रही हैं. ईशा गुप्ता रेड कलर के रिवीलिंग आउटफिट में अपनी कमसिन अदाओं से फैंस के होश उड़ा रही हैं. फोटो में उनके एक्स-प्रेशंस शानदार लग रही हैं.

# 'कोई इससे शादी नहीं करेगा'

## 31वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहीं तृप्ति डिमरी के पेरेंटस से क्यों बोली जाती थीं ये बातें



'एनिमल' और 'भूल भुलैया 3' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी 23 फरवरी यानी आज अपना 31वां जन्मदिन मना रही हैं. तृप्ति डिमरी के तमाम चाहने वाले फैंस उन्हें सोशल मीडिया के जरिए बधाई दे रहे हैं. एक्ट्रेस ने काफी कम समय में बहुत ज्यादा लोकप्रियता हासिल कर ली है. तृप्ति डिमरी के जन्मदिन के मौके पर उनसे जुड़ा एक किस्सा आपको बताते हैं जो उन्होंने खुद शेयर किया था. ये किस्सा उनके माता-पिता से भी जुड़ा है. आइए जानते हैं कि एक्ट्रेस ने क्या बताया था. तृप्ति डिमरी ने एक बार खुलासा करते हुए कहा था, 'मैं उत्तराखंड से हूं लेकिन मैं दिल्ली में पैदा हुई और वहीं पर पली-बढ़ी हूं. मेरे पेरेंट्स और फैमिली दिल्ली में है. जब मैं मुंबई शिफ्ट हुई थी तो मेरे लिए काफी काफी मुश्किल भरा समय था.'

'सोसाइटी के कुछ लोग मेरे पेरेंट्स से कहते थे कि बेटी को इस पेशे (एक्टिंग) में क्यों भेज रहे हो. वो बर्बाद हो जाएगी. वो गलत लोगों को साथ रहेगी और अपने लिए गलत फैसले लेगी.'

'लोग मेरे माता-पिता से कहते थे कि इससे कोई शादी नहीं करेगा. उसकी शादी नहीं होगी. एक ऐसा भी मोड़ आया था जब मैं कंफ्यूज हो गई थी, क्योंकि जब आपके पास काम नहीं होता है तो आप उम्मीद छोड़ देती हैं.' तृप्ति डिमरी ने कहा था, 'मैं एक चीज जानती हूं कि मैं अपने माता-पिता के पास जाकर ये नहीं कह सकती थी कि मुझसे नहीं हो पाया. उन्होंने ये भी बताया था, मेरे माता-पिता को मेरी फिल्म लैला-मजनू देखकर मुझ पर गर्व हुआ था.'

तृप्ति डिमरी ने फिल्म 'मॉम' से डेब्यू किया था. हालांकि, फिल्म 'पोस्टर बॉयज' नाम से आई फिल्म से उन्हें पहचान मिली थी.

इसके बाद तृप्ति डिमरी ने कई फिल्मों में काम किया था. साल 2023 में आई रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' से तृप्ति डिमरी हर तरफ छा गई थीं. फिल्म 'एनिमल' से तृप्ति डिमरी को काफी लोकप्रियता मिली और उन्हें करियर में चार चांद लग गए.

# 'कच्ची धूप' से चमका भाग्य, दबंग खान के साथ किया फिल्मों में डेब्यू ऐसा रहा भाग्यश्री का कैरियर



### शाही परिवार में जन्म, छोटे परदे से डेब्यू

भाग्यश्री का जन्म 23 फरवरी 1969 को महाराष्ट्र के सांगली के शाही परिवार में हुआ। उनके पिता विजय सिंहराव माधवराव पटवर्धन सांगली के राजा हैं। तीन बहनों में भाग्यश्री सबसे बड़ी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत अमोल पालेकर के सीरियल 'कच्ची धूप' से की थी। फिर 'मैंने प्यार किया' से बड़े परदे पर दस्तक दी। पहली ही फिल्म के लिए भाग्यश्री ने सलमान खान से तीन गुना ज्यादा फीस ली थी।

### 19 की उम्र में की शादी

पहली ही फिल्म के बाद भाग्यश्री बिजनेसमैन हिमालय दासानी के साथ शादी के बंधन में बंध गईं और शादी के बाद उन्होंने सिर्फ तीन फिल्मों में ही काम किया। भाग्यश्री ने महज 19 साल की उम्र में शादी करने का फैसला कर लिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक महज 24 साल की उम्र में उन्होंने फिल्मों से ब्रेक ले लिया। हालांकि एक दशक बाद भाग्यश्री ने फिल्मों में फिर से किस्मत आजमाने की सोची, लेकिन वह कामयाब नहीं रहीं। साल 2003 में उन्होंने फिल्म संतोषी मां से बड़े परदे पर वापसी की। इसके बाद वह अक्षय कुमार की फिल्म 'हमको दीवाना कर गए' में नजर आईं। वहीं, 'रेड अलर्ट' और 'द वॉर विदइन' में भी नजर आईं। उन्होंने दोबारा फिल्मों से ब्रेक ले लिया।

# अर्शी पर टूटेगा दुखों का पहाड़

स्टार प्लस के सीरियल झनक में अबतक आपने देखा कि विहान बोस हाउस में आ गया है। आज आप देखेंगे कि अर्शी विहान के सामने झनक को बेइज्जत करने की कोशिश करेगी। झनक अर्शी और उसके होने वाले बच्चे को बुरा-भला कहेगी। महाशिवरात्रि के मौके पर झनक का स्पेशल एपिसोड आएगा। शो में अर्शी की तबीयत बहुत ज्यादा बिगड़ने वाली है और घरवालों की नजरें अनिरुद्ध और झनक पर होगी। आज आप देखेंगे कि विहान के आने के बाद झनक उससे मिलेगी। वो विहान के बेटे अहान को गोदी में लेगी। विहान झनक से अहान के बारे में बात कर ही रही होगा कि वहां अर्शी आ जाएगी। अर्शी भी अहान के बारे में उससे पूछेगी। विहान कहेगा कि झनक जब से गई है अहान उसे बहुत मिस करता है। इसके बाद अर्शी कहेगी कि एक बार उसकी डिलिवरी हो जाएगी तो वो झनक को उसके पास भेज देगी। झनक इस बात का बुरा मान जाएगी। वो कहेगी कि वो कोई पैकेज नहीं है जिसे वो यहां से वहां भेज सकती है। झनक के इस जवाब के बाद भी अर्शी चुप नहीं होगी। वो विहान को बताएगी कि कैसे झनक रेड लाइट एरिया में फंस गई थी। अर्शी के तानों से तंग आकर झनक बुरी तरह अर्शी पर भड़क जाएगी। वो अर्शी से कहेगी कि उसके और उसके बच्चे की वजह से ही झनक वहां पहुंची थी। झनक का जवाब सुनकर अर्शी, विहान और अनिरुद्ध हैरान रह जाएंगे। महाशिवरात्रि के स्पेशल एपिसोड के प्रोमो में देखने को मिला कि अर्शी को बुरी तरह पेट में दर्द होने लगेगा। पूरा घर अर्शी के पास होगा। अनिरुद्ध और झनक भी उसके कमरे में आएंगे। अनिरुद्ध की मां सबके सामने कहेगी कि अर्शी को किसी की नजर लग गई है।



# आमिर खान का ड्रीम प्रोजेक्ट है महाभारत पर फिल्म



आमिर खान खास तरह की फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हमेशा एक खास तरह की ऑडियंस को ध्यान में रखते हुए शानदार काम पेश किया है। अब एक्टर अपने ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत को स्क्रीन पर लाने की तैयारी कर रहे हैं। हाल में एक इंटरव्यू के दौरान आमिर ने अपने सपने के बारे में बात की। आगे एक्टर ने ये भी बताया कि अब उनका फोकस बच्चों के लिए अच्छा काम पेश करना है। इससे पहले उन्होंने तारे जमीन पर बनाई थी। फिलहाल फिल्म के सीक्वल सितारे जमीन पर काम कर रहे हैं। आमिर ने कहा "महाभारत बनाना मेरा सपना है। अब मैं शायद इस पर इसे बनाने को लेकर विचार कर सकता हूं। देखना होगा कि इसमें मेरा कोई किरदार होगा या नहीं।" आमिर ने आगे कहा कि वो सिर्फ महाभारत ही नहीं, बल्कि बच्चों को ध्यान में रखते हुए भी खास तरह का कंटेंट पेश करना चाहते हैं। अब वो एक्टिंग से ज्यादा बतौर प्रोड्यूसर ज्यादा काम करना चाहते हैं। अगले महीने एक्टर 60 साल के होने वाले हैं। ऐसे में उनके आने वाले 10-15 साल नए टैलेंट को मौका देने और खास तरह का काम करने में लगाने वाले हैं। वो नए तरह की कहानियों और नए कलाकारों को मौका देंगे। बता दें, आमिर खान को आखिरी बार लाल सिंह चड्ढा में देखा गया था। इस फिल्म में एक्टिंग करने के साथ एक्टर ने इसे प्रोड्यूस भी किया था। लाल सिंह चड्ढा हॉलीवुड की ऑस्कर विनिंग फिल्म फॉरेस्ट गंप की हिंदी रीमेक थी, हालांकि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुई। अब आमिर, सनी देओल के साथ लाहौर 1947 प्रोड्यूस कर रहे हैं।